

प्रेरणास्त्रोत: स्व. डॉ. एलसी वालिया

@haryanavatika www.haryanavatika.in @haryanavatika @haryanavatika

# हरियाणा वाटिका

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

लोहारू से प्रकाशित सोच बिल्कुल निष्पक्ष

RNI No-HARHIN/2019/79021 वर्ष : 06, अंक: 130 पृष्ठ: 08, मूल्य: रू. 1.00 सोमवार, 10 मार्च 2025 haryanavatika@gmail.com +91-9255149495

## टीम इंडिया 12 साल बाद चैंपियंस ट्रॉफी जीती

### न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हराया, रोहित की कप्तानी में 9 महीने में दूसरा खिताब



**दुबई/हरियाणा वाटिका एजेंसी**
भारतीय स्पिनर्स की कसी हुई गेंदबाजी के बाद रोहित शर्मा की कप्तानी पारी की बदौलत टीम इंडिया ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का खिताब अपने नाम कर लिया है। फाइनल में भारत ने न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हराया। इसके साथ ही भारतीय टीम ने इतिहास भी रच दिया है। भारतीय टीम अब सबसे ज्यादा चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली टीम बन गई। इससे पहले भारत-ऑस्ट्रेलिया के नाम 2-2 खिताब थे। इतना ही नहीं टीम इंडिया ने न्यूजीलैंड से 25 साल पुरानी हार का बदला भी ले लिया है। चैंपियंस ट्रॉफी 2000 के फाइनल में कीवियों ने भारत को मात दी थी। भारतीय टीम ने आखिरी बार 2013 में महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी।

ऐसे में रोहित शर्मा ने 12 साल का सूखा खत्म कर दिया है। दुबई में खेले गए फाइनल मैच की बात करें तो टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज करने उतरी न्यूजीलैंड टीम ने 50 ओवर में 7 विकेट खोकर 251 रन बनाए। जवाब में भारतीय टीम ने 48.5 ओवर में 6 विकेट खोकर 254 रन बना दिए। पहले बल्लेबाजी करने उतरी कीवी टीम को अच्छी शुरूआत मिली। सलामी बल्लेबाज रचिन रवींद्र और विल यंग के बीच 57 रन की पार्टनरशिप हुई। वरुण चक्रवर्ती ने विल यंग को छइह आउट इस पार्टनरशिप को तोड़ा। यंग ने 23 गेंदों पर 15 रन बनाए। इसके बाद कुलदीप यादव ने लगातार 2 अहम विकेट लेकर भारत की वापसी करा दी।

### 12 साल पहले चैंपियंस ट्रॉफी जीता था भारत

**भारत** और न्यूजीलैंड के बीच चैंपियंस ट्रॉफी का खिताबी मुकाबला रविवार को दुबई में खेला गया। इस फाइनल को जीतकर टीम इंडिया न्यूजीलैंड के खिलाफ एक अनचाहे रिकॉर्ड के सिलसिले को तोड़ दिया। 1988 के बाद से इस फाइनल से पहले तक साल भारत ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में किसी तरह के फाइनल में नहीं ह2राया था, लेकिन अब 37 साल का इंतजार खत्म हो गया है।

### चक्रवर्ती और कुलदीप यादव ने 2-2 विकेट लिए

वरुण चक्रवर्ती ने ग्लेन फिलिप्स को 34 के स्कोर पर बोल्ड किया। डेरेल मिचेल ने सबसे ज्यादा 63 रन की पारी खेली। इस दौरान उन्होंने 3 चौके भी लगाए। कप्तान मिचेल सेंटनर 8 के स्कोर पर रन आउट हुए। भारत की ओर से वरुण चक्रवर्ती और कुलदीप यादव ने 2-2 विकेट लिए।

## विवादित महिला के सम्मान पर सीएमओ ने रिपोर्ट तलब की

**चंडीगढ़/हरियाणा वाटिका एजेंसी**
**हरियाणा** में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सीएम के हाथों एक विवादित महिला का सम्मान कराए जाने का खुलासा होने पर सीएमओ सख्त हो गया है। सीएम ने जींद की समाज सेविका रेखा धीमान को इंदिरा गांधी पुरस्कार दिया था। अब इस पर विवाद खड़ा हो गया है। धीमान से जुड़े विवादों के सामने आने के बाद हरियाणा मुख्यमंत्री कार्यालय ने इस पूरे मामले की रिपोर्ट तलब कर ली है। सीएमओ ने महिला एवं बाल विकास विभाग को इस मामले में पत्र लिखकर रिपोर्ट मांगी है। सरकार की ओर से स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि जो भी इस मामले में दोषी होगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आठ मार्च को पंचकूला में आयोजित राज्य स्तरीय महिला सम्मान समारोह के दौरान सीएम नायब सिंह सैनी ने विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन करने वाली 50 महिलाओं को सम्मानित किया था। इसमें जींद की समाज सेविका रेखा धीमान भी शामिल थी। रेखा धीमान उड़ान हौसलों की फाउंडेशन चलाती हैं। वे विवादों में रह चुकी हैं। रेखा ने अपने परिवार के सदस्यों सहित कुछ लोगों पर दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराया था। हालांकि पुलिस जांच में वह झूठा निकला। यह मामला हाईकोर्ट में भी विचाराधीन है। यह भी बताया जा रहा है कि वह इस मामले में छह महीने तक जेल में भी रह चुकी हैं। उनके विवादित मामलों को लेकर जब मुख्यमंत्री ऑफिस तक बात पहुंची तो उसके बाद अधिकारी सक्रिय हुए हैं।

## सैनी ने पद्मसाहित्यकार डॉ संतराम और हरविंदर को किया सम्मानित

**चंडीगढ़/हरियाणा वाटिका एजेंसी**
हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से आज उनके निवास संत कबीर कुटीर पर पद्मसे सम्मानित साहित्यकार डॉ संतराम देशवाल और पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता हरविंदर ने सपरिवार मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने डॉ संतराम देशवाल और हरविंदर को शॉल एवं स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया और पद्मसम्मान प्राप्त करने के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस दौरान मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी श्रीमती सुमन सैनी ने भी पद्मसम्मान के लिए बधाई दी। उल्लेखनीय है कि डॉ संतराम देशवाल हरियाणवी लोक साहित्य के साथ-साथ हिन्दी साहित्य के भी प्रतिष्ठित विद्वान हैं। उनकी पहचान



हरियाणा की लोक भाषा, लोक संस्कृति एवं लोक साहित्य के संरक्षक के रूप में प्रतिष्ठापित हो चुकी है। देशवाल जी का जीवन और कृतित्व हरियाणवी लोक संस्कृति, लोक साहित्य, हिंदी साहित्य, शिक्षा, पत्रकारिता, संपादन, शोध कार्य, शोध-निर्देशन और समाज-सेवा के प्रति समर्पित रहा है। हरविंदर सिंह पैरा-तीरंदाज हैं। वे पहले भारतीय पैरा तीरंदाज बने, जिन्होंने पैरालिंपिक और एशियाई पैरा खेलों में भारत के लिए ऐतिहासिक पदक जीते। इन्हें पैरा-तीरंदाजी के खेल में उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए 2021 में प्रतिष्ठित अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## ओपन एयर थियेटर बनाने का मकसद साकार हुआ: विज

**चंडीगढ़/हरियाणा वाटिका एजेंसी**
**हरियाणा** के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि अंबाला के सुभाष पार्क के ओपन एयर थियेटर में आयोजित की जा रही मिस्टर अम्बाला बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में आकर उन्हें बहुत खुशी हो रही है क्योंकि उनकी सोच के अनुसार सुभाष पार्क में ओपन एयर थियेटर में उनके शहर में भिन्न-भिन्न गतिविधियां हो रही हैं। इसके अलावा, उन्होंने युवाओं से आह्वान करते हुए कहा हैं कि बॉडी बिल्डिंग के कौशल को दूसरे लोगों में भी



बांटे। बॉडी बिल्डिंग को बढ़ावा देने के लिए जो मदद उनकी तरफ से होगी वह करेंगे। विज अम्बाला फिटनेस एंड बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन की ओर से आयोजित की जा रही मिस्टर अम्बाला बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि लोगों को संबोधित कर रहे थे। इसके उपरांत उन्होंने विजेताओं को पुरस्कार भी बांटे। ऊर्जा व परिवहन मंत्री अनिल विज ने कहा कि ओपन एयर थियेटर में और भी कई कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं एक भी सप्ताह ऐसा नहीं जाता जब यहां पर कोई सांस्कृतिक कार्यक्रम न होता हो। यही उनका सपना था कि उनके शहर के लोग हंसते, खेलते व नाचते रहे।

उनके शहर के बच्चे बॉडी बिल्डिंग में आगे बढ़े उसके लिए जो भी सहायता होगी वह अपनी व सरकार की तरफ से करेंगे। कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने कहा कि आज मिस्टर अम्बाला की जो प्रतियोगिता हो रही है, वह चाहते हैं कि मिस्टर हरियाणा व मिस्टर भारत की प्रतियोगिता भी अम्बाला छावनी में हो। यह पैगाम जाना चाहिए कि बॉडी बिल्डिंग में अम्बाला छावनी सबसे आगे है।



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को सस्तु साहित्य मुद्रणाल्य ट्रस्ट के पुन: प्रकाशित 24 पुस्तकों का विमोचन किया। 115 वर्षों से गुजरातियों को कम दरों पर अच्छा साहित्य प्रदान करने वाले सस्तु साहित्य मुद्रणालय ट्रस्ट के अहमदाबाद में आयोजित कार्यक्रम अखंड आनंदोत्सव में मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## सीएम ने विधायक रणधीर पनिहार की माता के निधन पर जताया शोक

**चंडीगढ़/हरियाणा वाटिका एजेंसी**
हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को जिला हिसार के गांव पनिहार पहुंचकर विधायक रणधीर पनिहार की माता रामप्यारी के निधन पर शोक व्यक्त किया और परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने परमपिता परमात्मा से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने और परिवार को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के साथ विकास एवं पंचायत मंत्री श्री कृष्ण लाल पंवार, लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें) मंत्री श्री रणबीर गंगवा, विधानसभा उपाध्यक्ष डॉ कृष्ण लाल मिड्ढा और राज्यसभा सांसद श्री सुभाष बराला भी उपस्थित थे।

## ब्लूबर्ड टूरिस्ट रिजॉर्ट का पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद ने किया निरीक्षण

**चंडीगढ़/हरियाणा वाटिका एजेंसी**
प्रदेश के सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने हिसार में सिरसा रोड स्थित ब्लूबर्ड टूरिस्ट रिजॉर्ट का औचक निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान कैबिनेट मंत्री ने रिजॉर्ट की ऑनलाइन बुकिंग की अपडेट स्थिति को जाना व एक माह का रिकॉर्ड जांचा। उन्होंने अधिकारियों, कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि टूरिस्ट काम्प्लेक्स आने वाले किसी भी आगन्तुक को कोई परेशानी नहीं होनी चहिए। रविवार को हिसार में नलवा विधायक रणधीर पनिहार की माता के निधन पर शोक व्यक्त करने



उपरांत पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा सिरसा रोड स्तिथ ब्लूबर्ड टूरिस्ट रिजॉर्ट पहुंचे तथा व्यवस्थाओं का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने रिसेप्शन पर ही कमरों की ऑनलाइन बुकिंग की स्थिति व पिछले एक माह का रिकॉर्ड जांचा। इसके बाद रिजॉर्ट कॉम्प्लेक्स में विभिन्न सुविधाओं की जानकारी ली। इसी दौरान रिजॉर्ट प्रबंधक द्वारा कैबिनेट मंत्री डॉ अरविंद शर्मा के सामने कुछ मांग रखी, जिस पर उन्होंने जल्द ही उन्हें पूरा करवाने का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी टूरिस्ट काम्प्लेक्सों को बेहतर बनाने के लिए काम किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वो आगन्तुकों का विशेष ध्यान रखें।

## राज्यसभा सांसद किरण चौधरी की बिगड़ी तबियत, मेदांता में भर्ती



### भिवानी में एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जाना था, लेकिन तबियत खराब होने के कारण वह नहीं जा पाई

**गुरुग्राम/हरियाणा वाटिका एजेंसी**
**हरियाणा** की राज्यसभा सांसद किरण चौधरी की रविवार को तबियत बिगड़ गई। इस कारण से उन्हें यहां मेदांता मेडिसिटी में भर्ती कराना पड़ा। उन्हें भिवानी में एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जाना था, लेकिन तबियत खराब होने के कारण वह नहीं जा पाई। राज्यसभा सांसद किरण चौधरी को रविवार को तेज बुखार हो गया। उनका हालत बिगड़ती गई। इसी कारण से उन्हें मेदांता मेडिसिटी में लाया गया। उनके नजदीकी वासु शर्मा के मुताबिक रविवार को उन्हें भिवानी में सावित्री देवी पार्क का उद्घाटन व महाराणा प्रताप की प्रतिमा का अनावरण करने के लिए जाना था।

इसी कार्यक्रम में मिजोरम के राज्यपाल एवं पूर्व आर्मी चीफ वीके सिंह मुख्य अतिथि थे। किरण चौधरी इस कार्यक्रम में पहुंचने ही वाली थी, इस बीच उनकी तबियत ज्यादा खराब हो गई। स्थिति को देखते हुए उन्हें रास्ते से ही वापस गुरुग्राम मेदांता मेडिसिटी में लाकर भर्ती कराया गया।

## सिरसा में सांसद सैलजा ने सुनी जनसमस्याएं



**सिरसा/हरियाणा वाटिका एजेंसी**
**अखिल** भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने रविवार को शहीद भगत सिंह स्टेडियम स्थित अपने कार्यालय में जनसमस्याएं सुनीं। इस दौरान लोगों ने विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए कुमारी सैलजा से लिखित रूप में आग्रह किया। समस्याएं सुनते हुए कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा सरकार को लोगों की समस्याओं से कोई सरोकार नहीं है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार लोग मेरे पास शिकायतें लेकर आ रहे हैं उसके चलते कहा जा सकता है कि सरकारी महकमों में लोगों को सिर्फ धक्के खाने के अलावा कुछ हासिल नहीं होता। सैलजा ने कहा कि सरकार लोगों को बेवजह परेशान करने के लिए सरकारी तंत्र में ऐसी खामियां बनाए हुए है जिस कारण लोग परेशान हो रहे हैं। चाहे वह प्रॉपर्टी आईडी की बात हो या फिर फैमिली आईडी की। इन सब में लोगों को परेशान किया जा रहा है। इसी प्रकार मेरी फसल मेरा ब्यौरा के तहत किसानों को परेशान किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि सरकार को लोगों की सुविधाओं के लिए कदम उठाने चाहिए पर ऐसा न करके सरकार लोगों को परेशान करने वाली नीतियों पर चल रही है। सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि अगर बीजेपी सरकार में लोगों के काम आसानी से होते तो लोगों की बड़ी संख्या में मेरे पास शिकायतें क्यों आ रहीं हैं।

कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश में हर वर्ग दुखी है। किसान, मजदूर, कर्मचारी, व्यापारी सबको परेशान करने के अलावा बीजेपी सरकार ने कुछ नहीं किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ही लोगों की समस्याओं को समझ सकती है। ऐसे में लोगों का विश्वास बीजेपी से उठता जा रहा है। सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि मैं बतौर सांसद लोगों की समस्याओं को सरकार के समक्ष उठाऊंगी।

## स्वामी दयानंद सरस्वती के विचारों को घर-घर तक पहुंचाएं: राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय

**चंडीगढ़/हरियाणा वाटिका एजेंसी**
हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि समाज के निर्माण में स्वामी दयानंद सरस्वती की बहुत बड़ी देन है। हमें आर्य समाज के मूल्यों को घर-घर तक पहुंचना है और इसके लिए जन-जन में क्रांति लानी है। सभ्य समाज और राष्ट्र के निर्माण में आर्य समाज की बहुत बड़ी सार्थक भूमिका होगी। राज्यपाल श्री दत्तात्रेय रविवार को स्थानीय दयानंद मठ, रोहतक में स्वामी दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती और आर्य समाज की स्थापना के 150 वर्ष पूरा होने के उपलक्ष में आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा के तत्वावधान में आयोजित आर्य महासम्मेलन को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। आर्य महासम्मेलन की अध्यक्षता गुजरात के महामहिम राज्यपाल आचार्य श्री देवव्रत ने की। हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। हरियाणा के राज्यपाल श्री दत्तात्रेय ने आर्य सभा को 31 लाख रुपए, गुजरात के महामहिम राज्यपाल श्री देवव्रत और शिक्षा मंत्री श्री ढांडा ने 21-21 लाख रुपए देने की घोषणा की। अपने संबोधन के दौरान राज्यपाल श्री दत्तात्रेय ने गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत की प्रशंसा करते



हुए कहा कि वे महर्षि दयानंद सरस्वती के विचारों और सिद्धांतों को आगे बढ़ाने के साथ-साथ देशवासियों को प्राकृतिक खेती के प्रति जागरूक करने का काम कर रहे हैं, जो कि बहुत ही सराहनीय है। उनके इन कार्यों की जितनी प्रशंसा की जाए उतनी कम है। उन्होंने कहा कि स्वामी दयानंद सरस्वती ने सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन के लिए कार्य किया। हमें उनको मिलकर आगे बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में युवाओं में संस्कार भरने हैं ताकि उनके सही व्यक्तित्व का निर्माण हो सके। इसके साथ ही उन्होंने विशेष कर महिलाओं और युवाओं में महर्षि दयानंद सरस्वती के विचारों के प्रति जागरूक करने की अपील की। उन्होंने कहा कि इंसान के अंदर दया भाव, शांति और क्षमा का भाव होना चाहिए, जो संदेश स्वामी दयानंद ने मानव जीवन के मूल्यों के प्रति दिया था। उन्होंने उपस्थित जनसमूह से युवाओं को नशे से बचाने का भी आह्वान किया। श्री दत्तात्रेय ने कहा कि देश में लागू हो रही नई शिक्षा नीति देश की युवा पीढ़ी को गुणवत्ता पूर्वक शिक्षा देने के साथ-साथ सही दिशा देने का काम करेगी। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की इस दूरगामी सोच के बहुत ही सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे।

**एक वर्ष में देश के एक करोड़ किसानों को प्राकृतिक खेती से जोड़ने का लक्ष्य :- महामहिम राज्यपाल आचार्य देवव्रत**

अपने संबोधन में गुजरात के महामहिम राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने कहा कि समय बदलने के साथ-साथ हमारे सामने चुनौतियां भी बदल गई हैं। पहले जहां महिलाओं में शिक्षा का अभाव था, आज महर्षि दयानंद सरस्वती के विचारों की बदौलत महिलाओं ने शिक्षा पाकर उन्नति के हर उच्च मुकाम हासिल किए हैं। सामाजिक कुरीतियां समाप्त हो रही हैं। लोगों के शिक्षित होने से समाज में भेदभाव मिट रहा है।

न्होंने कहा कि आज हमारे सामने सबसे बड़ी चुनौती जहरीली खेती से निजात दिलाने, जमीन को बचाने, ग्लोबल वार्मिंग को मिटाने और नशे की दलदल में जा रही युवा पीढ़ी के जीवन को बचाने की है। उन्होंने कहा कि इन सभी समस्याओं से निजात पाने का एकमात्र उपाय प्राकृतिक खेती है। प्राकृतिक खेती को अपनाकर हम न केवल अपने स्वास्थ्य को सही रख सकते हैं बल्कि धरती माता को भी बचा सकते हैं। उन्होंने कहा कि स्वस्थ तन में ही स्वस्थ मन का वास होता है। राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए प्राकृतिक खेती मिशन की स्थापना की है, जिसमें इस साल 1481 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही साल भर में एक करोड़ किसानों को प्राकृतिक खेती से जोड़ने का लक्ष्य रखा है। जन समूह से अपील करते हुए कहा कि प्राकृतिक खेती साहीवाल नस्ल की देशी गाय पर आधारित है।

# लिटिल मिलेनियम स्कूल ने पेरेंट्स ओरिएंटेशन प्रोग्राम का किया आयोजन

## अभिभावकों को स्कूल की शिक्षण पद्धति और बच्चों के समग्र विकास से जुड़ी दी महत्वपूर्ण जानकारियां

**हरियाणा वाटिका/एकजोत**

**कुरुक्षेत्र, 09 मार्च।** लिटिल मिलेनियम स्कूल द्वारा पर्ल मार्क में पेरेंट्स ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया, जिसमें अभिभावकों को स्कूल की शिक्षण पद्धति और बच्चों के समग्र विकास से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। कार्यक्रम का शुभारंभ लिटिल मिलेनियम टीम और मुख्य अतिथि दुष्यंत बख्शी एवं राजेंद्र सैनी द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात शिक्षकों द्वारा मंगल प्रार्थना प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम का सफल संचालन मेघा मैम ने किया, जिन्होंने अपनी प्रभावशाली प्रस्तुति से पूरे आयोजन को रोचक बनाए रखा।

इस अवसर पर लिटिल मिलेनियम की शैक्षणिक प्रमुख रेनू पुनिया और अमृता ने अभिभावकों के लिए एक विशेष सेमिनार प्रस्तुत किया। उन्होंने लिटिल मिलेनियम स्कूल की शिक्षण पद्धति के बारे में विस्तार से जानकारी दी, जो बच्चों के संपूर्ण विकास पर जोर देती है। उन्होंने समझाया कि इस पाठ्यक्रम के माध्यम से बच्चों के मानसिक, शारीरिक, सामाजिक और भावनात्मक विकास को बढ़ावा



दिया जाता है। इसके अलावा, उन्होंने स्कूल की प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए बताया कि लिटिल मिलेनियम में अनुभवी शिक्षक बच्चों की रुचि और क्षमताओं के अनुसार उन्हें मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। साथ ही बच्चों के लिए सुरक्षित और अनुकूल वातावरण सुनिश्चित किया जाता है, जहां खेल आधारित गतिविधियों के माध्यम से रोचक और प्रभावी ढंग से शिक्षा दी जाती है।

स्कूल प्रबंधक परमिंदर सिंह बाठ ने लिटिल मिलेनियम की भविष्य की योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि अब स्कूल सेक्टर-3 और 7बी में भी उपलब्ध होगा, जिससे अधिक बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का लाभ मिल सकेगा। कार्यक्रम में लिटिल मिलेनियम की टीम के सदस्य कंवर, रेनू पुनिया, अमृता तथा करण विशेष रूप से उपस्थित रहे। इसके अलावा ज्योति, पूजा और प्रिंसिपल सुनीता अरोड़ा की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष बनाया। दलजीत और जया द्वारा एक विशेष योग सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें अभिभावकों को स्वास्थ्य और मानसिक शांति के महत्व के बारे में जागरूक किया गया।

## 5 किलो डोडापोस्त सहित दो युवक गिरफ्तार

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**

**सिरसा, 09 मार्च।** सीआईए डबवाली पुलिस ने गश्त के दौरान गांव शेरगढ़ में भारत माला रोड पुल के नीचे से दो युवकों को 5 किलो 12 ग्राम डोडापोस्त सहित गिरफ्तार किया है।

सीआईए डबवाली प्रभारी सब इंस्पेक्टर राजपाल ने बताया कि एएसआई प्रीतम सिंह पुलिस पार्टी के साथ गश्त के दौरान गांव शेरगढ में भारत माला रोड पुल के नीचे मौजूद थे। इस दौरान उन्होंने देखा कि दो युवक अपने हाथ में एक थैला प्लास्टिक लेकर खड़े थे। उहोने की बिनाह पर साथी कर्मचारियों की सहायता से दोनों को काबू करके नियमानुसार प्लास्टिक के थैले सहित उनकी तलाशी ली तो उनके कब्जा से 5 किलो 12 ग्राम डोडापोस्त बरामद हुआ। आरोपियों की पहचान कमलदीप सिंह उर्फ कमल पुत्र सुरेंद्र पाल सिंह निवासी लील तहसील रायकोट जिला लुधियाना पंजाब व रणजीत सिंह पुत्र तीरथ सिंह निवासी सराभा थाना जोधा जिला लुधियाना पंजाब के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ थाना शहर डबवाली में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कार्यवाही की गई है।

## युवक 06.25 ग्राम हैरोइन सहित काबू

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**

**सिरसा, 09 मार्च।** सीआईए कालांवाली पुलिस ने मंडी कालांवाली क्षेत्र से एक युवक को 06 ग्राम 25 मिलीग्राम हैरोइन सहित काबू किया है।

सीआईए कालांवाली प्रभारी इंस्पेक्टर वीरेंद्र सिंह ने बताया कि एएसआई रामस्वरूप पुलिस पार्टी के साथ गश्त के दौरान कालांवाली मौजूद थे। इस दौरान सामने से एक युवक उनकी तरफ आता दिखाई दिया। उक्त युवक पुलिस पार्टी को खड़ा देखकर एकदम से वापिस मुड? लगा। पुलिस ने शक के आधार पर युवक को काबू करके उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जा से 06 ग्राम 25 मिलीग्राम हैरोइन बरामद हुई। आरोपी की पहचान कुलदीप पुत्र जगजीत सिंह निवासी देसू मलकाना के रुप में हुई है। आरोपी के खिलाफ थाना कालांवाली में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कार्यवाही की गई है।

## युवक 05.75 ग्राम हैरोइन सहित गिरफ्तार

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**

**सिरसा, 09 मार्च।** स्वैट कमांडो टीम ने गश्त के दौरान कालांवाली से एक युवक को 05 ग्राम 75 मिलीग्राम हैरोइन सहित काबू किया है।

आरोपी तरसेम उर्फ बब्बी पुत्र बावा निवासी कालांवाली को काबू करने में कामयाबी हासिल की है ।

स्वैट कमांडो टीम प्रभारी पी/एसआई संजीव कुमार ने बताया कि वह स्वयं अपनी पुलिस पार्टी के साथ गश्त के दौरान कालांवाली मौजूद थे। इस दौरान उन्होंने साथी कर्मचारियों की सहायता से सूचना के आधार पर एक युवक को शक के आधार पर काबू करके उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जा से 05 ग्राम 75 मिलीग्राम हैरोइन बरामद हुई। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ थाना कालांवाली में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कार्यवाही की गई है।

## कैंटर चालक 96 पेटी अंग्रेजी शराब सहित काबू

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**

**सिरसा, 09 मार्च।** एंटी नारकोटिक सैल डबवाली पुलिस ने गश्त के दौरान रोहिड़ावाली बस स्टेंड क्षेत्र से एक शराब तस्कर को 96 पेटी अंग्रेजी शराब व कैंटर सहित गिरफ्तार किया है।

एंटी नारकोटिक सैल डबवाली प्रभारी उप निरीक्षक सुरेश कुमार ने बताया कि मुख्य सिपाही प्रदीप कुमार के नेतृत्व में एक पुलिस टीम गश्त व चैकिंग के दौरान डबवाली से सिरसा रोड पर रोहिड़ावाली बस स्टैंड के समीप मौजूद थे। इस दौरान उन्होंने शक के आधार पर साथी कर्मचारियों की सहायता से कैंटर को रुकवाकर नियमानुसार तलाशी ली तो कैंटर में प्लास्टिक के करैटो के नीचे छुपाई हुई करीब 96 पेटी अंग्रेजी शराब (करीब 12,00 बोतल) पंजाब मार्का मैकडोल व रायल स्टाग बरामद हुई। आरोपी की की पहचान विजय कुमार पुत्र जगदीश निवासी सदलपुर जिला हिसार के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना ओढां में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज रजिस्टर किया गया है। कैंटर चालक विजय कुमार ने पुलिस पूछताछ में बताया कि वह यह शराब का भरा कैंटर पंजाब से लेकर हिसार जा रहा था। फोटो विवरण:09सिरसा05: अवैध शराब के साथ पकड़ा गया कैंटर चालक पुलिस की गिरफ्त में।

## नहर से सैकड़ो गोलियों के खाली खोल बरामद

**हरियाणा वाटिका/एकजोत**

**कुरुक्षेत्र, 09 मार्च।** गांव मिजार्पुर के समीप भाखड़ा नहर से सैकड़ो गोलियों के खाली खोल बरामद हुए है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और गोलियो के खोल को बरामद कर आगामी कार्रवाई शुरू की। गोताखोर प्रगट सिंह ने बताया कि वे नहर में सर्च अभियान चला रहे थे। अचानक उन्हें मिजार्पुर के समीप नहर में से गोलियों के सैंकड़ों खोल दिखाई दिए। गोताखोर प्रगट सिंह ने इसकी सूचना पुलिस को दी। गोताखोर प्रगट सिंह ने गोली के खाली खोल को नहर से बाहर निकाल कर पुलिस को सौंप दिए। मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यह जांच का विषय है कि इतनी अधिक मात्रा में गोलियों के खाली खोल कहां से आए। जांच के बाद ही सच्चाई का पता चल सकेगा।

## रादौर पुलिस टीम ने एक अवैध देशी कट्टे सहित एक आरोपी व दो सप्लायरों को किया गिरफ्तार।

**हरियाणा वाटिका/नीतीश जोगी**

**रादौर, 09 मार्च।** थाना रादौर की पुलिस टीम ने एक अवैध देशी कट्टे सहित एक आरोपी व दो सप्लायरों को किया गिरफ्तार। थाना रादौर की पुलिस टीम ने एक अवैध देशी कट्टे सहित एक आरोपी व दो सप्लायरों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए दो असला सप्लायरों को भी गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत के दर्ज किया। आरोपियों को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

थाना रादौर प्रभारी राजेंद्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि उनकी टीम को गुप्त सूचना मिली कि एक युवक अपने पास अवैध देसी कट्टा रखता है। जो किसी वारदात को अंजाम दे सकता है। इस सूचना के आधार पर उप निरीक्षक सलेंद्र सिंह, एएसआई विजय कुमार, मुख्य सिपाही राकेश कुमार, मोनू, राजपाल की टीम का गठन किया गया। टीम ने तुरंत आरोपी के घर पर रेड की। जब उसकी तलाश ली गई तो उसके पास से एक अवैध देसी कट्टा बरामद हुआ। पूछताछ में जिसकी पहचान गांव घेसपुर निवासी बलजीत सिंहउर्फ बल्लू पुत्र अमरजीत सिंह के नाम से हुई। पूछताछ पर आरोपी ने बताया कि उसने यह देसी कट्टा गांव पलाका निवासी जतिन उर्फ अतुल पुत्र शीशपाल से खरीदा था। सख्ती से पूछताछ करने पर आरोपी जतिन ने बताया कि उसने यह अवैध देसी कट्टा गांव बापौली निवासी जगदीश उर्फ जतिन पुत्र सुदेश कुमार से खरीदा था। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए मुख्य सप्लायर जगदीश को गिरफ्तार किया। आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत के दर्ज किया। आरोपियों को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## युवक 7.17 ग्राम हैरोइन सहित काबू

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**

**सिरसा, 09 मार्च।** एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा पुलिस टीम ने गश्त व चैकिंग के दौरान नागरिक अस्पताल क्षेत्र से एक युवक को 7 ग्राम 17 मिलीग्राम हैरोइन सहित गिरफ्तार किया है।

सेल के प्रभारी उप निरीक्षक राजेंद्र कुमार ने बताया कि सेल सिरसा की एक पुलिस टीम गश्त व चैकिंग के दौरान नागरिक अस्पताल सिरसा क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस पार्टी को सामने से एक युवक आता हुआ दिखाई दिया। उक्त युवक सामने पुलिस की गाड़ी को देखकर अचानक घबरा गया और वहां से फरार होने की कोशिश करने लगा। शक के आधार पर पुलिस पार्टी ने उक्त युवक को काबू कर राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में तलाशी ली तो उसके कब्जे से 7 ग्राम 17 मिलीग्राम हैरोइन बरामद हुई। आरोपी की पहचान संदीप कुमार पुत्र परशुराम निवासी गुरू तेग बहादुर नगर सिरसा के रुप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना शहर सिरसा में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्जकर जांच शुरू की गई है।

# मानवता की सेवा और आध्यात्मिक जागरूकता हम सबका कर्तव्य : मंत्री कृष्ण कुमार बेदी

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**

**कैथल, 09 मार्च।** हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि स्वयं को जानो और परमात्मा से जुड़ो। इस तरह के कार्यक्रम हमें परमात्मा से सीधे जोड़ने का काम करते हैं। यह हमारा सर्वोच्च मार्ग दर्शक है। शुद्ध और सकारात्मक विचारों से ही जीवन में शांति और आनंद प्राप्त होता है। मानवता की सेवा और आध्यात्मिक जागरूकता हम सबका कर्तव्य है।

मंत्री कृष्ण कुमार बेदी रविवार को गांव धनौरी में प्रजापति ब्रह्मकुमारी धनौरी द्वारा त्रिमूर्ति शिव जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में संबोधित कर रहे थे। इससे पहले उन्होंने प्रभू मिलन भवन का उद्घाटन किया और जानकारी हासिल की।



हमारे मोक्ष के देवता भोले बाबा हैं तथा कर्म योगी भगवान श्रीकृष्ण है। भगवान श्रीकृष्ण कहते हैं कि कर्म करो फल की ईच्छा मत करो। शिव बाबा कहते हैं कि पूरे जीवन कर्म करो और मैं आपको मोक्ष के रास्ते पर ले जाऊंगा। यदि मोक्ष मिल जाए तो इससे बड़ी कोई बात ही नहीं है। ऐसे कार्यक्रम में रहकर हमारे मन और आत्मा को शांति मिलती है और सद्मार्ग की तरफ रास्ता प्राप्त होता है। हम सभी को ऐसे कार्यक्रम में जुड़कर समाज सेवा करनी चाहिए। नकारात्मकता से बचने के लिए सकारात्मक चिंतन हमें करना चाहिए। प्रेम, करूणा और सहयोग का भाव रखना चाहिए। केंद्र द्वारा आध्यात्मिकता, ध्यान और सकारात्मक जीवन शैली को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न सेमिनार, सत्संग और वर्कशॉप आयोजित किए जाते हैं।

मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री नायब सिंह के नेतृत्व में देश व प्रदेश में विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। हरियाणा सरकार द्वारा पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। लोगों को स्वास्थ्य, बिजली, शिक्षा, परिवहन सुविधा, सामुदायिक भवन व अन्य मूलभूत सुविधाएं प्रदान की जा रही है। इस मौके पर रानी दीदी, सुषमा व लक्ष्मी, वीरू, अमित, वैसाखी सैनी, बलदेव, अनिल, ईश्वर, अनिल जांगड़ा, सरपंच कपिल, सुरेंद्र सिंह, धर्मपाल, ब्लॉक समिति सदस्य जगदीश आदि मौजूद रहे।

# युवा नशे से दूर रहकर दूसरों को भी नशे के प्रति जागरूक करें : सुनीता जुनेजा

## कहा : युवा शक्ति ही हमारे देश व प्रदेश का सुनहरा चमकता भविष्य

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**

**चंडीगढ़, 09 मार्च।** प्रसिद्ध समाजसेवी सुनीता जुनेजा ने कहा कि युवा वर्ग देश के विकास के लिए हमेशा से ही तत्पर रहता है। युवा इस बात को समझ चुका है कि देश के लिए करना है तो उसे पूर्ण लग्न व निष्ठा के साथ कार्य करना होगा। युवा स्वयं किए जाने वाले कार्य ईमानदारी से करता है तो देश विकास के पथ पर अग्रसर होगा। पत्रकारों से बातचीत करते हुए सुनीता जुनेजा ने कहा कि महापुरुषों के बताए हुए रास्तों पर चलने से ही देश
उन्नति के पथ पर अग्रसर होगा। युवा अपनी ताकत का सही



इस्तेमाल करना सीखे। युवा शक्ति ही हमारे देश
व प्रदेश का सुनहरा चमकता भविष्य है। युवा एकजुट होकर सामाजिक बुराईयों को समाप्त करने में भी निःस्वार्थ भाव से दो कदम आगे बढकर सहयोग की आहुति डालें। इसके साथ युवा वर्ग नशे से दूर रहने के साथ दूसरों को भी नशा ना करने के लिए जागरूक करें। प्रमुख समाजसेविका सुनीता जुनेजा ने कहा कि जब हम अपने व्यक्तित्व में अच्छे गुणों का समावेश कर समाज के लिए कुछ करने का जज्बा रखते है तो यह न सोचें कि यह काम में ही क्यों करूं। इस भावना को अपने भीतर से समाप्त कर युवाओं को आज अपने रोजगार के साथ-साथ समाज के लिए भी
कुछ करने का जज्बा लेकर आगे बढ़ना होगा। ऐसा करने से ही एक बेहतर कल का निर्माण हो सकता है। उन्होंने कहा कि समाज को बेहतर दिशा देने के लिए युवाओं को अपनी विचारधारा में भी बदलाव लाने की जरूरत है। देश का निर्माण अच्छे समाज से ही होता है। युवाओं की सोच देश व समाज के प्रति लगातार बदल रही है। उन्होंने कहा कि एक कल्याणकारी व्यवस्था की अभिकल्पना हमारे पूर्वजों ने की थी। पूर्वजों के दिलों में दूसरों के प्रति चिंताएं थीं। जो बुद्धिमान, उदार, सहिष्णु न्यायप्रिय, संवेदनशील थे। आज इन्हीं चीजों की जरूरत है।

# गांव टोपराकलां में रमन की हत्या के हत्यारो को पुलिस ने मात्र 7 घंटे में तीनों को किया गिरफ्तार

## आरोपियों का मृतक के साथ 500 रुपए को लेकर झगड़ा हो गया था

**हरियाणा वाटिका/नीतीश जोगी**

**रादौर, 09 मार्च।** पुलिस चौकी खेड़ी लक्खा सिंह की पुलिस टीम ने 7 मार्च को गांव टोपराकलां में 30 वर्षीय रमन की हत्या करने के मामले में मात्र 7 घंटे में तीनों आरोपियों को किया गिरफ्तार। पुलिस चौकी खेड़ी लक्खा सिंह थाना रादौर पुलिस टीम ने 7 मार्च को गांव टोपराकलां में 30 वर्षीय रमन की हत्या करने के मामले में मात्र 7 घंटे में तीनों आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपियों को कोर्ट में पेश कर दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है। खेड़ी लक्खा सिंह पुलिस चौंकी इंचार्ज शमशेर राणा ने बताया कि गांव टोपराकलां निवासी 30 वर्षीय रमन को गांव के ही पारस, मुस्तकीम व



सचिन ने 7 मार्च को घर से फोन करके बुलाया और सैनी धर्मशाला पर जब रमन आ गया तो सचिन ने रमन को धक्का दे दिया और मुस्तकीम ने उसे पकड़ लिया। उसके बाद पारस ने पास में पड़ी ईंट उठा कर उसके मूंह पर सिर पर करीब 8 वार किए और उसे लहू-लुहान कर फरार हो गए। जब देर रात तक वह घर नहीं आया तो मृतक रमन के भाई मलकीत ने वहां जाकर देखा तो रमन खून से लथपथ पड़ा था। तुरन्त उसे अस्पताल ले गया, जहां से रमन को पीजीआई रैफर कर दिया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया और हत्या का मामला दर्ज कर लिया। एएसआई रामकुमार, संदीप, दीपक, सुरेन्द्र की टीम ने अकबरपुर के पास से मात्र 7 घंटे में तीनों आरोपी पारस, सचिन व मुस्तकीम को गिरफ्तार कर लिया जिन्हें कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। उन्होंने बताया कि आरोपियों का मृतक के साथ 500 रुपए को लेकर झगड़ा हो गया था। पांच मार्च को ही उनकी इस बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। आरोपियों को कोर्ट में पेश कर दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

# गिरफ्तार की मांग को लेकर बैठक का आयोजन

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**

**सिवानी मंडी, 09 मार्च।** मास्टर अनिल कुमार की शिकायत पर दर्ज एट्रोसिटी मामले में गिरफ्तारी को लेकर संत कबीर धर्मशाला में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता नगर पालिका के पूर्व प्रधान सुरेश खटक ने की। बैठक में कोरोना का प्रधान नरेश केडिया को पार्षद विजय बिश्नोई की लवण एक लोग मौजूद रहे जिन्होंने मास्टर अनिल कुमार की शिकायत पर पुलिस थाना में दर्ज मामले में गिरफ्तारी किए जाने की मांग की। बैठक में कहा गया अगर जल्द गिरफ्तारी नहीं की गई तो बड़ा आंदोलन हो सकता है। बैठक में डीएससी समाज की अनेक लोगों ने भाग लिया।

## युवक 06 ग्राम हैरोइन सहित काबू

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**

**सिरसा, 09 मार्च।** चौटाला चौकी पुलिस ने गांव चौटाला से एक युवक को 06 ग्राम हैरोइन सहित काबू किया है।

चौटाला चौकी पुलिस प्रभारी उप निरीक्षक आनंद कुमार ने बताया कि वह स्वयं पुलिस टीम के साथ चौटाला में मौजूद थे। इस दौरान उन्होंने गुप्त सूचना के आधार पर युवक को साथी कर्मचारियों की सहायता से काबू करके तलाशी ली तो उसके कब्जा से 06 ग्रात हैरोइन बरामद हुई। आरोपी की पहचान संदीप पुत्र लीलू राम निवासी जवाहर कॉलोनी चौटाला के रूप में हुई। आरोपी के खिलाफ थाना सदर डबवाली में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कार्यवाही की गई।

## कलियुग को रहने के लिए राजा परीक्षित ने दिया पांच स्थान : अनिल शास्त्री

**हरियाणा वाटिका/एकजोत**

**कुरुक्षेत्र, 09 मार्च।** आर.डब्लू.ए जिंदल ग्लोबल सिटी एवं श्री गो गीता गायत्री सत्संग सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित सेक्टर-29 जिंदल सिटी के क्लब में श्रीमद् भागवत कथा के द्वितीय दिवस पर संस्था अध्यक्ष भागवत प्रवक्ता कथावाचक अनिल शास्त्री ने उपस्थित श्रोताओं को बताया कि एक दिन की बात है, राजा परीक्षित शिकार के लिए जंगल गए। वहां उन्होंने देखा कि एक बैल और एक गाय आपस में कुछ बातें कर रहे हैं। भागवत पुराण में बताया गया है कि धर्म के देवता बैल रूप में और पृथ्वी देवी गाय के रूप में वहां मौजूद थी। तभी राजा परीक्षित ने देखा कि एक मुकुट पहना व्यक्ति धर्म रूपी बैल को डंडे से पीट रहा है। और गाय को लात मार रहा है। कथावाचक अनिल शास्त्री ने बताया कि गाय और बैल को इस तरह पीटता देख राजा परीक्षित क्रोधित हो उठे और पास आकर बोले, पापी! तुम इन दोनों को क्यों मार रहे हो, रे पापी तू कौन है। मेरे राज्य में तुम्हे ऐसा करने का साहस कैसे हुआ? मैं इसकी सजा तुम्हें अवश्य दूंगा। इतना कहकर राजा परीक्षित ने तलवार निकाल ली और कहा आज तेरी मौत निश्चित है। अब तू मुझसे से नहीं बच सकता। राजा परीक्षित के हाथों में तलवार को देख वह व्यक्ति डर से कांपने लगा। फिर बोला महाराज मैं कलियुग हूं और यहां वास करने आया हूं। इतना कहकर वह राजा के चरणों में गिर गया। तब राजा परीक्षित ने कहा- तुम अब मेरी शरण में हो, अब मैं तुम्हे मारूंगा नहीं, लेकिन इसी समय मेरे राज्य से निकल जा। कलियुग ने कहा, महाराज पूरी पृथ्वी पर तो आपका ही राज्य है मैं कहां जाऊं? तब राजा परीक्षित ने उसे चार स्थान रहने को दिए। राजा ने कहा तुम गंदगी, हिंसा, वेश्यालय और जुए के धन में निवास कर सकते हो। राजा परीक्षित की बातें सुनकर कलियुग ने एक और स्थान रहने को मांगा, तब राजा ने उसे सोने अर्थात स्वर्ण में निवास करने को कहा। इस अवसर पर आचार्य रंगनाथ शास्त्री, प्रधान मनमोहन छतवाल, पवन छाबड़ा, सुरेंद्र मनीयानी, डॉ. अश्विनी मित्तल, पंडित विजय शर्मा, डॉ बलभद्र कौशिक, ललित चुटानी, बलराज शर्मा, ऋषि शर्मा, कवर जीत सिंह, रजनी छतवाल, अल्का, सिजा, अर्चना, मीनाक्षी, निर्मला, रजनी शर्मा, रीना चौधरी, रमेश एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

## डीपीई विनोद कुमार ने योगा में जीता गोल्ड मेडल

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**



**सिरसा, 09 मार्च।** चंडीगढ़ के सेक्टर-42 स्थित स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में 5 मार्च से 8 मार्च तक आयोजित ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज योगासना चैंपियनशिप-2025 में गांव ताजियाखेड़ा के जीएमएस स्कूल में कार्यरत डीपीई विनोद कुमार ने अंडर-40-50 वर्ग में गोल्ड मेडल जीतकर सिरसा जिले का नाम रोशन किया है। डीपीई की इस शानदार सफलता पर शिक्षा विभाग के तमाम अधिकारियों ने भी उन्हें बधाई दी। विनोद कुमार ने बताया कि वर्ष 2023-24 में सिविल सर्विसेज चैंपियनशिप शुरू हुई थी, जोकि दिल्ली के प्रयागराज स्टेडियम में हुई, जहां उन्होंने गोल्ड मेडल जीता था और इस बार भी अपनी मेहनत से गोल्ड मेडल जीतने में सफल रहा।

## घरेलू परेशानी के चलते व्यक्ति ने निगला जहरीला पदार्थ

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**

**सिरसा, 09 मार्च।** शहर के भादरा बाजार में घरेलु परेशानी के चलते एक व्यक्ति ने किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया, जिससे अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल में पहुंचाया। जानकारी अनुसार शहर के भादरा बाजार निवासी 40 वर्षीय विपिन बंसल पेंट की दुकान करता था। पिछले कुछ दिनों से वह परेशान था। इसी परेशानी के चलते उसने बीते दिवस किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। परिजनों ने आनन-फानन में उसे अस्पताल में पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और पूछताछ के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल में पहुंचाया। सुबह पुलिस ने मृतक के परिजनों के बयानों के आधार पर कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

## पेट्रोल पंप से कार में तेल डलवाकर फरार हुए दो आरोपी काबू

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**

**सिरसा, 09 मार्च।** सदर थाना सिरसा पुलिस ने गांव पनिहारी क्षेत्र में पेट्रोल पंप से कार में तेल डलवाकर फरार हुए दो व्यक्तियों को हुडा चौक सिरसा क्षेत्र से काबू किया है। सदर थाना प्रभारी उपनिरीक्षक संदीप कुमार ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान सरविंदर सिंह पुत्र हरमेल सिंह निवासी राजगढ़ कूबे बठिंडा पंजाब व मनप्रीत सिंह उर्फ मनी पुत्र निर्मल सिंह निवासी देशु मलकाना जिला सिरसा के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि पेट्रोल पंप पर नियुक्त सेल्समैन सुभाष चंद्र निवासी दशमेश पिता फिलिंग स्टेशन पनिहारी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती 11 फरवरी 2024 को शाम करीब 5 बजे कार सवार दो अज्ञात युवक आए और कार में तेल डलवाकर फरार हो गए। उन्होंने बताया शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी।

# जरूरतमंद की सेवा के लिए हमेशा आगे रहते हैं सांसद नवीन जिंदल : कंवलजीत कौर

## एलएनजेपी हॉस्पिटल में मरीजों को फल किए वितरित



**हरियाणा वाटिका/एकजोत**
**कुरुक्षेत्र, 09 मार्च।** जिला परिषद की चेयरपर्सन कंवलजीत कौर ने कहा कि जरूरतमंद लोगों की सेवा सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। लोगों के अंदर सेवा भाव और विश्वास की अलग जगाने में सांसद नवीन जिंदल का भरपूर योगदान रहा। चेयरपर्सन कंवलजीत कौर एलएनजेपी अस्पताल में सांसद नवीन जिंदल के 55 वें जन्मदिन के अवसर पर फल वितरण करने पहुंची थी। उन्होंने मरीजों में फल वितरित करते हुए कहा कि लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए सांसद नवीन जिंदल लगातार प्रयासरत हैं। उन्होंने अपने लोकसभा क्षेत्र में तीन मेडिकल वैन चलाई हुई हैं।

जिनमें एमबीबीएस चिकित्सक सहित सहयोगी स्टाफ और लैब टेस्ट की सुविधा भी दी गई है। सांसद नवीन जिंदल का प्रयास है कि इलाज के अभाव में कोई व्यक्ति बीमार नहीं रहना चाहिए। इसी उद्देश्य को लेकर उन्होंने निशुल्क दवाइयां व चेकअप की सेवा यहां चलाई हुई है। इसके अलावा वे समय-समय पर विशाल मेगा कैंप लगाकर भी लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचा रहे हैं। उन्होंने जिक्र करते हुए कहा कि सांसद जब भी कार्यक्रमों के दौरान लोगों से रूबरू होते हैं तो उनका पहला प्रयास स्वच्छता एवं लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहते हुए उत्तम खानपान और एक्सरसाइज के प्रति सचेत करने का रहता है। अस्पताल के मरीजों ने भी सांसद नवीन जिंदल के जन्मदिन पर उनके उज्जवल भविष्य के लिए कामना की।

# होली भाईचारे व खुशियों का त्यौहार है : उर्मिला अग्रवाल



**हरियाणा वाटिका/एकजोत**
**कुरुक्षेत्र/लाडवा, 09 मार्च।** सामाजिक संस्था अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन महिला विंग की तरफ से अठवाडियो वाले मंदिर मेन बाजार में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसमे महिला विंग द्वारा भजन कीर्तन किया गया। महिलाओं ने सुंदर-सुंदर भजनों के माध्यम से मंदिर परिसर को भक्तिमय कर दिया। भक्ति रस मे सराबोर होकर महिलाएं हरे रामा, हरे कृष्णा के भजन पर झूमने लगी। आज तो बिरज में होली रे रसिया..... भजन पर महिला विंग की महिलाओं न फूलों की होली खेली और एक दूसरे को बधाई दी। महिला विंग की प्रधान उर्मिला अग्रवाल ने होली की बधाई देते हुए कहा कि हमारा भारत देश त्योहारों का देश है और होली भारत का प्रसिद्ध त्यौहार है। यह रंगों का त्यौहार है। होली बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। होली भाईचारे व खुशियों का त्यौहार है। उन्होंने बताया कि महिला विंग द्वारा आपसी सहयोग से समय समय पर अनेक धार्मिक व सामाजिक कार्य किये जाते हैं। इससे पहले उर्मिला अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित करके समारोह का शुभारंभ किया। प्रसाद वितरण के साथ समारोह का समापन हुआ।

इस मौके पर अध्यक्ष अमित जैन, महासचिव कमलेश, निशा, शशि, श्वेता, मोनिका, नेहा, सुनीता, उषा, रश्मी, भावना, अंजू , शोभा, अश्वनी, कामिनी, राजदुलारी, राजरानी, निशि, मीणा, अलका, शालू , सविता, शालिनी, अंजना, बबीता, पायल, मुक्त, सरोज, दिशा, पल्लवी सहित काफी महिलाएं मौजूद रही।

# जिंदल स्टेनलेस ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर फ्लिप द स्क्रिप्ट कैंपेन लॉन्च किया



**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**
**हिसार, 09 मार्च।** भारत की अग्रणी स्टेनलेस स्टील निमार्ता जिंदल स्टेनलेस ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर दो महत्वपूर्ण पहल की फ्लिप द स्क्रिप्ट वीडियो कैंपेन लॉन्च किया और हिसार में भव्य समारोह का आयोजन किया।

जिंदल स्टेनलेस ने फ्लिप द स्क्रिप्ट नामक एक प्रभावशाली वीडियो कैंपेन जारी किया, जो कार्यस्थलों में व्याप्त लैंगिक भेदभाव को उजागर करता है। यह वीडियो पुरुषों को उन परिस्थितियों में रखता है जिनका सामना आमतौर पर महिलाएं अपने करियर में करती हैं। वीडियो की शुरूआत एक इंटरव्यू सीन से होती है, जहां पुरुष उम्मीदवार से पूछा जाता है, क्या आप शादीशुदा हैं? जिससे वह असहज महसूस करता है। यह कैंपेन कार्यस्थलों पर मौजूद पूर्वाग्रहों को उजागर करता है, जिसमें पुरुषों से पूछा जाता है कि वे अपने काम और पारिवारिक जीवन को कैसे संतुलित करते हैं, लंबे समय तक काम करने के लिए तैयार हैं या नहीं, और क्या वे महिला-प्रधान क्षेत्र में सहज महसूस करते हैं।

इसके अलावा, वीडियो में पुरुषों को वे कार्य सौंपे जाते हैं जो आमतौर पर महिलाओं से अपेक्षित होते हैं, जैसे मेहमानों के लिए चाय-नाश्ता लाना, सजावट करना और स्वागत समारोह की व्यवस्था करना।

इस पहल पर टिप्पणी करते हुए, जिंदल स्टेनलेस की कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन प्रमुख, सोनल सिंह, ने कहा कि भेदभाव अक्सर हमारे रोजमर्रा के जीवन में इतनी गहराई तक समाया होता है कि हमें इसका एहसास तक नहीं होता।

फ्लिप द स्क्रिप्ट के माध्यम से, हम इन कार्यस्थल रूढ़ियों को उजागर करना चाहते हैं और बदलाव की दिशा में एक नई सोच को प्रेरित करना चाहते हैं। यह वीडियो सिर्फ एक कैंपेन नहीं, बल्कि एक संवाद की शुरूआत है, जिससे हम अपने सवालों, धारणाओं और बदलाव की क्षमता पर पुनर्विचार कर सकते हैं।

जिंदल स्टेनलेस हिसार में महिला दिवस के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस समारोह की शुरूआत अस्मिता पहल की महिलाओं द्वारा आयोजित हस्तशिल्प प्रदर्शनी से हुई, जहां उन्होंने अपने बनाए वस्त्र और कलाकृतियां प्रदर्शित कीं। इसके बाद, महिला कर्मचारियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिसमें नृत्य, गीत और माइम शामिल थे। इन प्रस्तुतियों ने उनकी प्रतिभा, ऊर्जा और रचनात्मकता को दशार्या।

इस अवसर पर, जिंदल स्टेनलेस हिसार के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और यूनिट प्रमुख, श्री विजय कुमार बिंदलिश, ने कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल उनके अधिकारों की बात नहीं है, बल्कि यह समाज की उन्नति और समृद्धि का आधार है। जिंदल स्टेनलेस में, हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि महिलाओं को हर क्षेत्र में समान अवसर प्राप्त हों ताकि वे अपने सपनों को साकार कर सकें।

इस कार्यक्रम में प्रतिष्ठित अतिथियों की उपस्थिति रही, जिनमें शामिल थीं अन्नु चिनिया (भीख नहीं, किताब दो), सुनीता रहेजा (हरी भरी वसुंधरा), बाला वर्मा (भाग्य श्री महिला आश्रम), पंकज संधीर (मोक्ष ओल्ड एज होम), डॉ. रितु चोपड़ा (जिंदल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज), और नंदिता साहू (ओपीजेएमएस प्रिंसिपल)। इन अतिथियों की उपस्थिति ने इस कार्यक्रम को और भी महत्वपूर्ण बना दिया और महिलाओं के योगदान को सम्मानित किया। यह आयोजन महिला सशक्तिकरण, एकता और गौरव का प्रतीक बना और जिंदल स्टेनलेस ने एक समावेशी कार्यस्थल की दिशा में अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

# सरसों व गेहूं की फसल पकाव की ओर, कटाई की तैयारियों में जुटे किसान

## क्षेत्र में सरसों की फसल कटाई में जुटे किसान



**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**
**लोहारू, 09 मार्च।** लोहारू, सतनाली व आसपास के क्षेत्र में सरसों की फसल लगभग पक चुकी है तथा गेहूं की फसल भी पकाव की ओर है। ऐसे में क्षेत्र के किसान भगवान से मौसम ठीक रहने की कामना के साथ फसल कटाई की तैयारियों में जुट गए है। क्षेत्र में मार्च माह के अंतिम सप्ताह में गेहूं की फसल कटाई का काम शुरू होने की संभावना है वहीं दूसरी ओर किसान सरसों की फसल की कटाई में जुटे हुए है क्योंकि मौसम विभाग द्वारा मौसम परिवर्तन की संभावना के चलते किसान जोखिम नहीं उठाना चाहते। किसानों का कहना है कि मौसम का कुछ भी भरोसा नहीं है तथा यदि इस समय मौसम ने पलटी मारी तो उनकी सारी मेहनत व उम्मीदों पर पूरी तरह से पानी फिर जाएगा। गत फरवरी माह के अंतिम दिनों में हुई ओलावृष्टि के चलते दर्जनों गांवों के किसानों की फसल चौपट हो चुकी है। अब बची खुची फसल को लेकर किसान रिस्क नहीं लेना चाहते। ध्यान रहे कि क्षेत्र के खेतों में सरसों की फसल की कटाई शुरू हो गई है तथा गेहूं की फसल भी अब पकाव की ओर है तथा फसल पकने से पहले किसान अपनी तैयारी में लगे हुए है। किसान गेहूं की बालों को बांधने के लिए पराली की रस्सी तैयार करने लगे हैं। किसान महावीर सिंह, मोहन सिंह, रामफल, सुरेंद्र सिंह, चिरंजी आदि ने बताया कि क्षेत्र में गेहूं की फसल पकने की ओर है तथा फसल को उठाने हेतु जूण यानी पराली की रस्सी इत्यादि का जो कार्य है फसल कटाई से पहले ही किया जाता है ताकि फसल तैयार हो जाने पर किसी प्रकार की हड़बड़ाहट का सामना किसानों को करना पड़े। क्षेत्र में आजकल ज्यादातर किसान कंबाइन द्वारा ही अपनी गेहूं की फसल को कटवा लेते हैं लेकिन अधिकतर किसान जो कृषि पशुपालन से जुड़े हुए है वह अपनी गेहूं की फसल की कटाई हाथ से करवाते हैं, क्योंकि उन्हें अपने पशुओं के लिए चारा भी अति आवश्यक होता है। एक दशक पूर्व के मुकाबले में आज क्षेत्र में अधिकतर किसान कंबाइन चारा बनाने वाले स्ट्रा रीपर के माध्यम से ही गेहूं की फसल को सहेजते है। जिसके चलते गेहूं थ्रेसिंग का कार्य भी धीरे-धीरे कम होता जा रहा है।

किसानों ने बताया कि आज कल नए बीज की फसल लंबे समय तक खेतों में खड़े रखना भी नुकसानदायक है क्योंकि नए बीजों की फसलें पकने के बाद दो दिन की देरी भी सहन नहीं कर पाती। ऐसे में खेत में फसल गिरनी शुरू हो जाती है। किसानों ने बताया कि यह तो पहले समय में बोए जाने वाले देसी बीज थे जिन्हें किसान अपने घर से ही खेतों में बुवाई करता था परंतु अब नई नई किस्मों के प्रयोग के चलते किसानों को रिस्क उठाना पड़ता है।

# वक्ताओं ने नशे के खिलाफ स्वयंसेवियों को किया जागरूक



**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**
**सिरसा, 09 मार्च।** राजकीय नेशनल महाविद्यालय, सिरसा में प्राचार्य प्रो. हरजिंद्र सिंह के संरक्षण व एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. जीत राम शर्मा के संयोजन में यूथ फॉर माई भारत थीम के अंतर्गत जारी एनएसएस के सात दिवसीय शिविर का छठा दिन मेरा हरियाणा नशामुक्त हरियाणा के नाम समर्पित रहा।

महाविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी डॉ. हरविंद्र सिंह ने बताया कि प्राचार्य प्रो. हरजिद्र सिंह द्वारा मुख्य वक्ता के तौर पर प्रयास संस्था से आई विनोद कुमारी एवं जिले की एंटी नार्कोटिस्ट कंट्रोल ब्यूरो की टीम का स्वागत करते हुए कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है जिससे इंसान का अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है। उन्होंने कहा कि नशे को जड़ से खत्म करने और स्वस्थ समाज का निर्माण करने में सभी स्वयंसेवियों को अपना यथासंभव सहयोग प्रदत्त करना चाहिए। उन्होंने स्वयंसेवकों को नशे के दुष्प्रभाव बताते हुए नशा न करने के लिए उपस्थितजनों को प्रेरित किया। इसके बाद नशे के ऊपर प्रशनोतरी कार्यक्रम के माध्यम से उपस्थितजन की जिज्ञासाओं को शांत किया गया। तत्पश्चात एनसीबी टीम के सदस्य सब इंस्पेक्टर महावीर सिंह ने नशे के रोकथाम के लिए स्वयंसेवियों को प्रेरित किया व नशे को खत्म करने के उपाय भी बताए। उन्होंने नशे की रोकथाम के लिए टोल फ्री नंबर 9050891508 की जानकारी भी दी गई। तदुपरांत सभी स्वयंसेवियों ने अपने अपने अधिकृत क्षेत्रों फरवाई खुर्द, फरवाई कलां, गांव चतरगढ़ पट्टी, स्लम एरिया, हुडा चौक एवं सहारनी गांव का दौरा किया व स्वच्छ भारत अभियान के तहत साफ सफाई का जोरदार अभियान चलाया। इस अवसर पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रामकुमार, डॉ. मंजू बाला, डॉ. रमेश कुमार, डॉ. संदीप कुमार ने भी अपना रचनात्मक योगदान दिया।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 26 हजार 898 केस का हुआ निपटारा



**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**
**सिरसा, 09 मार्च।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण पंचकूला के निदेर्शानुसार शनिवार को न्यायालय परिसर सिरसा, उपमंडल न्यायालय परिसर डबवाली व ऐलनाबाद में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रवेश सिंगला ने बताया कि इस लोक अदालत में सभी तरह के न्यायालयों में विचाराधीन केस निपटारे के लिए रखे गये थे। जिनमें मुख्यतः चैक बाउंस, बैंक रिकवरी, मोटर वाहन दुर्घटना, घरेलू विवाद, बिजली व पानी से संबंधित विवाद, दिवानी व फौजदारी विवाद इत्यादि शामिल थे। इस लोक अदालत में न्यायालयों में विचाराधीन कुल 32 हजार 748 केस में से 26 हजार 898 केस का निपटारा किया गया, जिनमें 12 करोड़ आठ लाख सात हजार 808 रुपए की राशि समायोजित की गई। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में छह बेंच का गठन किया गया जिसमें सिरसा में अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश, फैमिली कोर्ट सुमित गर्ग, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश नितिन किनरा, न्यायिक दंडाधिकारी एवं प्रिंसिपल मैजिस्ट्रेट जेजेबी/ अतिरिक्त सिविल जज (सीनियर डिविजन) राकेश कादयान, सिविल जज (जूनियर डिविजन) एवं न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी रिचू, अतिरिक्त सिविल जज (सीनियर डिविजन) एवं उपमंडल न्यायिक दंडाधिकारी डबवाली हरलीन पाल सिंह व सिविल जज (जूनियर डिविजन) एवं उपमंडल न्यायिक दंडाधिकारी ऐलनाबाद आशिष आर्य द्वारा लोक अदालत लगाई गई। उन्होंने बताया कि लोक अदालत की प्रक्रिया बड़ी सरल एवं संक्षिप्त है, क्योंकि इसमें दोनों पक्षों को आमने-सामने बैठाकर बातचीत द्वारा समझौता करवाया जाता है, जिससे उनका आपसी मनमुटाव समाप्त हो जाता है। उन्होंने बताया कि प्राधिकरण द्वारा समय-समय पर लोक अदालत करवाई जाती है।

# अंतरराष्ट्रीय त्रिभाषी कवि दरबार में कविताओं में बही काव्य की रसधार



**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**
**चंडीगढ़, 09 मार्च।** अंतर्राष्ट्रीय सर्व सांझा साहित्यिक मंच कनाडा ने आज सेक्टर 10 स्थित आर्ट एंड गैलरी पिक्चर गैलरी गवर्नमेंट म्यूजियम के सभागार में अंतरराष्ट्रीय त्रिभाषी कवि दरबार का आयोजन किया। कार्क्रम की मुख्य अतिथि शिरोमणि साहित्यकार मंजीत इंदिरा अतिथि, प्रसिद्ध शायरा प्रोफेसर गुरदीप गुल, वरिष्ठ साहित्यकार प्रेम विज स्पेशल गेस्ट के बतौर पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आरंभ में सुरजीत सिंह धीर ने गुरबाणी शब्द गया । कार्यक्रम का संचालन डॉ.हरमीत कौर मीत और सुरजीत कौर भोगपुर ने ने किया। अंतर्राष्ट्रीय सर्व सांझा साहित्यिक मंच कनाडा से दलजीत सिंह गैदु, जरनैल सिंह मठारू और कुलवंत कौर गैदु की विशेष उपस्थिति रही। सुप्रसिद्ध साहित्यकार प्रेम विज ने गजल पेश करते हुए इंसानी फितरत पर कटाक्ष पर कहा --आंख मूंदकर हर किसी पर भरोसा मत कीजिए, खुद के दांत भी काट लेते हैं कभी-कभी।डॉक्टर विनोद शर्मा ने जिंदगी के अनुभव नामक रचना प्रस्तुत करते हुए कहा - जिंदगी चुनौतियों से होती भरी, कभी दुख भरी तो कभी होती खरी, कभी मातम तो कभी गीत गाते, जिंदगी के अनुभव बहुत कुछ सिखाते। सुप्रसिद्ध शायरा गुरदीप 'गुल' ने कहा -परी गाथा की है औरत इब्तिदाई स्तर खुदा की मुस्सवरी है यह अजीमतर। डा.अनीश गर्ग ने कहा -सुनो !!बात इतनी सी है बताओगी क्या मुझसे बिछड़ कर मिलने आओगी क्या। परमजीत परम ने कहा - की सिखाओगे सलीका ,जिओन दा सानू असां तां अपने बलबूते गुजारी ऐ ज़िंदगी। रेखा मित्तल ने कहा - स्त्री हारती हैं अपनी जिंदगी, पुरुष जीतता हैं अहंकार से
स्त्री हारती हैं अपना अस्तित्व , पुरुष जीतता हैं अपना व्यक्तित्व। दीपक शर्मा चनारथल ने कहा -ओह रुखां वांग मुकाओना चाहुंदे पंजाबी नूं, मैं बन के बीज उगावांगा पंजाबी नू। राजेंद्र कौर ने कहा - आ नी कुड़िए सतरंगीऐ सब्ज-परीए
रंगां दी खुशबूई दा इल्जाम ना लइए, रंगां दी खुशबूई दे इलहाम तों डरिए। गुरविंदर सिद्धू ने कहा - जिहड़े कहिंदे ने अक्ल है बस गुत्त दे हेठां, उन्हां नू अक्ल बंडेगी शरे- बाजार मेरी गुत्त।
मंजीत इंद्रा, प्रेम विज , डॉ. गुरविंदर कौर सिद्धू, डॉक्टर विनोद शर्मा, दीपक शर्मा चनार्थल, राजेंद्र कौर, परमजीत कौर परम, डॉ. अनीश गर्ग, सुखविंदर आही, शायर भट्टी, जसविंदर कौर जस्सी, दीप लुधियानवी, परमिंदर कौर, और राजविंदर कौर ने अपनी कविताओं से खूब वाहवाही लूटी।

# प्लॉट से 7 किलो 298 ग्राम अफीम के हरे पौधों सहित आरोपी काबू



**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**
**सिरसा, 09 मार्च।** सीआईए सिरसा पुलिस टीम ने गश्त के दौरान रानियां थाना क्षेत्र के गांव जगजीत नगर हरिपुरा क्षेत्र से एक व्यक्ति को 7 किलो 298 ग्राम अफीम के हरे पौधों सहित काबू किया है।

पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने बताया कि गिरफ्तार किए गए व्यक्ति की पहचान अवतार सिंह निवासी गांव जगजीत नगर हरिपुरा जिला सिरसा के रुप में हुई है। उन्होंने बताया कि सीआईए सिरसा पुलिस टीम के प्रभारी उप निरीक्षक प्रेम कुमार के नेतृत्व में एक पुलिस टीम गश्त के दौरान रानियां थाना क्षेत्र में मौजूद थी। इस दौरान पुलिस पार्टी को महत्वपूर्ण सूचना मिली कि अवतार सिंह निवासी जगजीत नगर हरिपुरा ने अपने घर के सामने बने प्लॉट में अफीम के पौधे लगा रखे हैं। इस सूचना को पाकर पुलिस पार्टी ने उक्त आरोपी के घर पर दबिश देकर उसके घर के सामने बने प्लॉट की चारदीवारी के अंदर देखा तो अफीम के पौधे लगे हुए मिले। राजपत्रित अधिकारी को मौके पर बुलाकर प्लॉट में लगे 7 किलो 298 ग्राम अफीम के पौधे बरामद कर आरोपी को काबू कर लिया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आरोपी के खिलाफ थाना रानियां में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई है। उन्होंने बताया कि आरोपी को अब अदालत में पेश किया जाएगा।

# एक किलो 11 ग्राम अफीम सहित तस्कर काबू

**हरियाणा वाटिका/रवि कुमार**
**सिरसा, 09 मार्च।** सीआईए सिरसा पुलिस ने गश्त व चैकिंग के दौरान गांव वीरुवाला गुढा क्षेत्र से एक युवक को करीब ढाई लाख रुपए की एक किलो 11 ग्राम अफीम के साथ काबू किया है। जिला पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने बताया कि सीआईए सिरसा प्रभारी उप निरीक्षक प्रेम कुमार के नेतृत्व में एक पुलिस टीम गश्त व चैकिंग के दौरान बडागुढा थाना क्षेत्र के गांव वीरुवालागुढा की ओर जा रही थी। इसी दौरान पुलिस पार्टी को एक युवक अपने हाथ में काले रंग का प्लास्टिक बैग लिए हुए गांव वीरुवालागुढा की ओर से आता हुआ दिखाई दिया। उक्त युवक सामने पुलिस पार्टी को देखकर अचानक वापस मुडकर तेज कदमों से चलकर भागने की कोशिश करने लगा। शक के आधार पर पुलिस पार्टी ने उक्त युवक को काबू कर राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में बैग की तलाशी ली तो उसके कब्जा से करीब दो लाख 50 हजार रुपए की एक किलो 11 ग्राम अफीम बरामद हुई। आरोपी की पहचान गुरप्रीत सिंह उर्फ प्रीत सिंह पुत्र काला सिंह निवासी वीरूवाला गुढा जिला सिरसा के रुप में हुई है। उन्होंने बताया कि पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ मे आरोपी ने बताया कि उक्त अफीम पंजाब से लेकर आया था और उसे आसपास के क्षेत्रों में सप्लाई करने की फिराक में था। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आरोपी के खिलाफ थाना बडागुढा में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई है।

# योग करने और बैलेंस डाइट लेने से तनाव से मुक्ति संभव : प्रिंसीपल



**हरियाणा वाटिका/एकजोत**
**शाहाबाद मारकंडा, 09 मार्च।** सतलुज सीनियर सेकेंडरी स्कूल शाहाबाद में सीबीएसई बोर्ड द्वारा कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम के अंतर्गत स्ट्रेस मैनेजमेंट का आयोजन किया गया। इसमे 60 शिक्षकों ने हिस्सा लिया। सीबीएसई द्वारा इसकी ज़िम्मेवारी रिसोर्स पर्सन्स नेहा कश्यप और सीमा तंवर को दी गई। विद्यालय के प्रिंसिपल डा आर एस घुम्मन ने रिसोर्स पर्सन का स्वागत बुके देकर किया। ट्रेनिंग सत्र की शुरूआत प्रिंसिपल डा. आर एस घुम्मन और रिसोर्स पर्सन्स ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन से की। इस ट्रेनिंग सत्र में सतलुज सीनियर सेकेंडरी के टीचिंग स्टाफ के अलावा एम एम पब्लिक स्कूल मुलाना और नवयुग सीनियर सेकेंडरी स्कूल कुरुक्षेत्र के टीचिंग स्टाफ ने भाग लिया। रिसोर्स पर्सन नेहा कश्यप और सीमा तंवर ने स्ट्रेस का अर्थ, कारण, इसके लक्षण और इसे बचने के टेक्निकल तरीके बताए। प्रिंसिपल डा आर एस घुम्मन ने बताया कि आज के समय में ऐसा कोई नहीं है, जिसे तनाव न हो। उन्होंने तनाव के कारणों के साथ साथ यह भी बताया कि आज हमने खुद को इतना व्यस्त कर लिया है कि उस ईश्वर को हम भूलते जा रहे हैं। हमे अपनी नियमित दिनचर्या में कुछ समय योगा के लिए भी निकालना चाहिए और बैलेंस डाइट लेनी चाहिए। इन टेक्निकल उपचार के अलावा उन्होंने यह भी बताया कि जब इंसान अपने मन को कुछ समय के लिए इस संसार से अलग करके उस ईश्वर में लगाता है, तो मतलब ही नहीं कि तनाव रह जाए। उन्होंने पूरे समाज को भी तनाव को दूर करने के लिए सेवा, सिमरन और सत्संग का संदेश दिया। इस अवसर पर अध्यापकों के द्वारा भी स्ट्रेस मैनेजमेंट पर अपने विचार रखे गए। उनके द्वारा सुंदर चार्ट बनाए गए और एक्ट के द्वारा स्ट्रेस मैनेजमेंट को व्यक्त किया गया, जिसकी रिसोर्स पर्सन द्वारा काफी सराहना की गई। ट्रेनिंग सेशन के दौरान ब्रेकफास्ट, लंच, टी ब्रेक भी दिए गए। कार्यक्रम के अंत में नेहा कश्यप ने स्टाफ को मेडिडेशन की तरफ ले जाया गया, जो तनाव खत्म करने का प्रभावी तरीका है। अंत में प्रिंसिपल डा आर एस घुम्मन ने रिसोर्स पर्सन्स को शाल और मोमेंटोज भेंट कर उनका धन्यवाद किया। इस अवसर पर कॉलेज कॉर्डिनेटर्स मनिन्दर घुम्मन, मोनिका घुम्मन, वाईस प्रिंसिपल सतबीर सिंह, प्रशासक मनोज भसीन, नवयुग स्कूल कुरुक्षेत्र के प्रिंसिपल देवेन्द्र और स्टाफ मौजूद रहा।

# आर्य कन्या महाविद्यालय की छात्राओं ने ओवर आल ट्रॉफी पर किया कब्जा



**हरियाणा वाटिका/एकजोत**
**शाहाबाद मारकंडा, 09 मार्च।** गुरु नानक गर्ल्स कॉलेज, यमुनानगर में संगीत विभाग द्वारा सरदार गुरवचन सिंह साहनी मैमोरियल इंटरस्टेट शब्द गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें आर्य कन्या महाविद्यालय की छात्राओं ने ओवर आल ट्राफी लेकर अपना परचम लहराया। दो विधाएं जिसमें एकल शब्द गायन में महाविद्यालय की बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा अशनप्रीत कौर ने प्रथम स्थान तथा समूह शब्द गायन में अमनप्रीत बीए द्वितीय वर्ष, सिमरन, महकप्रीत एवं रेनू बीए प्रथम वर्ष की छात्राओं ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ आरती त्रेहन ने पंजाबी विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ सिमरजीत कौर, संगीत विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ स्वरित शर्मा, सहायक वैभव शर्मा एवं सभी छात्राओं को बधाई दी। प्राचार्या ने भविष्य में इसी तरह से महाविद्यालय का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।

## संपादक की कलम से

# अर्थव्यवस्था की चाह बनाम चुनावी दबाव

बेरोजगारी के मामले में भी बेहतर आंकड़े देखने में आए हैं। जिस एक चीज से आर्थिक जानकार सबसे ज्यादा आश्वस्त हुए हैं वह है खेती के नतीजे। खरीफ की फसल अच्छी होने के बाद अब रबी के भी रिकार्ड पैदावार की उम्मीद की जा रही है। इन्हीं सबका नतीजा है कि इस वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में विकास दर आधे फीसदी से ज्यादा ऊपर दिखाई देने लगा है
जिस समय शेयर बाजार गोते लगा रहा हो और निवेशकों के लाखों करोड़ देखते-देखते स्वाहा हो रहे हों, जब डालर के खिलाफ रुपए की गिरावट रोकने के लिए सरकार मुश्किल से काम आए लाखों-करोड़ों डालर बाजार में उतारे और वे भी गिरावट को न रोककर खुद स्वाहा हो जाएं और जब सोना देखते-देखते नब्बे हजार प्रति दस ग्राम को छूता नजर आए तब यह कहना बहुत जोखिम और दिलेरी का काम है कि हमारी अर्थव्यवस्था काफी समय बाद मजबूती के लक्षण दिखा रही है और उसके बुनियादी पैमाने ऊपर की दिशा का ही रुख बनाए हुए हैं। और जब मोदी राज में आर्थिक प्रबंधन के हिसाब से केन्द्रीय भूमिका वाले शक्तिकान्त दास को रिजर्व बैंक के गवर्नर पद से सेवानिवृत्त होने के बाद प्रधानमंत्री का दूसरा प्रधान सचिव बनाने जैसा अपूर्व काम हुआ हो तब यह कहना भी मुश्किल है कि सरकार को आर्थिक मोर्चे की भारी हलचलों की परवाह नहीं है। शक्तिकान्त दास कोई बहुत भारी अर्थशास्त्री न हों और न ही उन्होंने सरकार में वित्त सचिव या रिजर्व बैंक का गवर्नर रहते कोई बहुत क्रांतिकारी कदम उठाया हो लेकिन इतना तो उनके पक्ष में जाता है कि मोदी सरकार के बुनियादी स्वभाव से उनका मेल है और उन्होंने अपनी प्रशासनिक जिम्मेवारियां उसी हिसाब से निभाई हैं। मोदीजी के नोटबंदी जैसे मुश्किल और गलत फैसले के बीच अर्थव्यवस्था और मुद्रा व्यवस्था को संभालना कोई आसान काम न था।
जिस हिसाब से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प अपने ऊटपटांग आर्थिक फैसलों से दुनिया भर में हड़कंप मचाए हुए हैं उसके बीच अपनी अर्थव्यवस्था की मजबूती के कोंपलों को संभालना और इसे एक स्वाभाविक विकास की तरफ ले जाना कोविड की तालाबंदी और नोटबंदी को संभालने से भी ज्यादा मुश्किल है। जब वैश्विक उथल-पुथल हो और बड़े जतन से बने विश्व व्यापार संगठन वाली व्यवस्थाओं को भी बेमानी बनाने का अभियान अमेरिकी राष्ट्रपति चलाएं तब निवेशकों और पूंजी का डर जाना बहुत स्वाभाविक है। बाइडन राज में अमेरिकी बांड और बैंकों की रकम पर कमाई का भरोसा बढ़ने से भी भारत समेत दुनिया भर के बाजारों से पूंजी अमेरिका गई थी। फिर चीन ने अपने निवेश नियम आसान किए और करों की छूट शुरू की तो उसने भी बड़े पैमाने पर पूंजी आकर्षित की। अब ट्रम्प द्वारा आयात पर कर बढ़ाने और कई देशों को सीधे धमकाने से बाजार में बेचैनी है। जाहिर तौर पर ऐसे वक्त निवेशक के लिए शेयर बाजार की अनिश्चितता से हटकर डालर, अमेरिकी सरकारी बांड और सोने में पैसा लगाना ज्यादा भरोसे का सौदा है। इसलिए बाजार में गिरावट के साथ डालर की महंगाई और सोने की बेतहाशा मांग बढ़ी है। वैश्वीकरण के युग में हम, खासकर बाजार इससे अछूते नहीं रह सकते।
जनवरी का विदेश व्यापार का आंकड़ा भी बताता है कि सिर्फ चालू घाटे के मामले में ही नहीं आइटम के हिसाब से भी हमारा विदेश व्यापार बेहतर हुआ है। वैश्विक स्तर पर सोने की मांग बढ़ने के के बावजूद सोना-प्रेमी भारत में आयात नहीं बढ़ा है। पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों में वैश्विक तेजी के बावजूद हमारे आयात बिल में ज्यादा वृद्धि नहीं हुई है और तेल उत्पादों तथा गहनों के अलावा बाकी चीजों के निर्यात में तेजी दिखी है। महंगाई का सामान्य ग्राफ काफी समय से नियंत्रण में रहने के बाद सरकार और रिजर्व बैंक को यह भरोसा हुआ है कि लंबे समय बाद पहली बार बैंक दरों में पचीस प्वाइंट की कमी की गई। इससे लोन आसान होगा और आर्थिक गतिविधियों में तेजी आएगी। इस तेजी का इंतजार बाकी सभी क्षेत्रों में है और सरकार अलोकप्रियता या स्थिति हाथ से निकलने के डर से कई चीजों को रोके हुए है और अब अर्थव्यवस्था में मांग कम होने, ऋ ण मांगने वालों में कमी आने जैसे लक्षण भी दिखने लगे थे। इधर बेरोजगारी के मामले में भी बेहतर आंकड़े देखने में आए हैं। जिस एक चीज से आर्थिक जानकार सबसे ज्यादा आश्वस्त हुए हैं वह है खेती के नतीजे। खरीफ की फसल अच्छी होने के बाद अब रबी के भी रिकार्ड पैदावार की उम्मीद की जा रही है।
इन्हीं सबका नतीजा है कि इस वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में विकास दर आधे फीसदी से ज्यादा ऊपर दिखाई देने लगा है जबकि दूसरी तिमाही में यह बहुत कम था। इस संकेत से यह उम्मीद मजबूत हुई है कि दुनिया में चाहे जो उठापटक चले भारत के आर्थिक विकास पर ज्यादा असर नहीं होगा। बुरा हो या अच्छा, पर अभी तक जीडीपी में विदेश व्यापार का हिस्सा ज्यादा बड़ा न होने से भी हम सुरक्षित हैं और यह बात बाहर की दुनिया को कुछ देर से मालूम हुई हो लेकिन सरकारी तंत्र को सिंगनल पहले से मिल रहे होंगे। यह बात हमारा बजट भी बताता है। हमारा राजकोषीय घाटा पहली बार साढ़े चार फीसदी के नीचे आया और हर बार टैक्स कलेक्शन का रिकार्ड बनना बताता है कि अर्थव्यवस्था का नान-फार्मल से फार्मल होने का अभियान चलाने के साथ ही वांछित दिशा में भी प्रगति हो रही है। यह वांछित दिशा क्या हो इस पर बहस हो सकती है लेकिन सरकार अपने अभियान में, जो काफी हद तक भूमंडलीकरण के अभियान से संचालित था या वोट पाने की हल्की राजनीति से, सफल रही है। आज नए सिरे से रेवड़ी बनाम अच्छा आर्थिक प्रशासन का मुद्दा उठाने लगा है पर बहस सही दिशा में नहीं चली है।
संयोग से बजट ही इस विरोधाभास को सबसे अच्छी तरह बता भी देता है। इस बार के बजट का सबसे चर्चित फैसला आयकर की सीमा को बारह लाख करना था। यह काम पिछले बजट में नहीं किया गया जबकि वह लोक सभा चुनाव के पहले का आखिरी बजट था। उस चुनाव के नतीजों और अन्य संकेतों से लग गया कि मध्य वर्ग भाजपा और नरेंद्र मोदी से दूर हो रहा है तो इस भारी-भरकम राहत के जरिए उसे पटाया गया। माना जाता है कि दिल्ली में भाजपा की जीत में उससे भी मदद मिली। बजट के इस पक्ष को भुला दिया गया (राजकोषीय अनुशासन की बात को भी) कि सरकार के लिए अब संरचना क्षेत्र में ज्यादा खर्च करना संभव नहीं है। वह क्षेत्र लगभग अघा चुका है।
हर दस साल में देश के सभी राजमार्गों को खोदकर दोबारा बनाया जाए तब भी सरकारी खजाना तय रकम नहीं खर्च कर सकता। संविधान द्वारा सड़क (राष्ट्रीय राजमार्ग), रेल, रक्षा, हवाई अड्डा और बंदरगाहों पर ही निवेश की सीमा तय करने से ऐसी स्थिति आई है। इसलिए कितने हवाई अड्डे और कितने माडल स्टेशन और कहां-कहां बनाए की बात होती है इसे भी याद करें। बड़ा सवाल यही है कि सरकार की प्राथमिकता क्या हों।

# 15 मिनट में वापस लौट सकती है आंखों कि रोशनी

उम्र के बढ़ने से पर्दे में सूखापन आ जाता है जिससे आई ड्राई हो जाती है. दरसल आंखो में एक रेटिना पिगमेंट होता है जो उम्र के साथ-साथ डैमेज होना शुरू हो जाता है. ऐसे मरीजों के लिए अभी तक कोई परमानेंट इलाज नहीं था. एम्स में आर पी सेंटर के वरिष्ठ डॉ राजपाल ने टीवी9 भारतवर्ष से खास बातचीत में बताया कि जिस बीमारी का अभी तक कोई भी मेडिकल में इलाज नहीं है. महज एक या दो दवाई है जिसे मरीज को दिया जाता है जिसका असर भी बहुत अच्छा देखने को नहीं मिला है. उन मरीजों के लिए एक अच्छी खबर है. डॉ राजपाल ने कहा कि हमने एम्स आरपी सेंटर में पहली बार स्टेम सेल के माध्यम से इलाज किया है, जिसका परिणाम काफी बेहतर साबित हुआ है.

**क्या है यह प्रक्रिया**

डॉ राजपाल ने कहा कि हम स्टेम सेल को रेटिना में इंजेक्ट करते हैं. यह ठीक उसी जगह पर करते हैं जहां स्टेम सेल की डिफीसिएंसी होती है. इसका फायदा यह होता है कि वहां वह सेल रीजेनरेट हो जाता है. उन्होंने कहा कि इस पूरे प्रोसेस में 2 से तीन महीने का वक्त लगता है. डॉ राजपाल ने बताया कि 2 से 3 महीने में मरीज के आंखों की रौशनी पहले से काफी बेहतर हो जाती है. जिन लोगों में ड्रॉय आई की वजह से अंधापन हो जाता है उन मरीजों में इस तकनीक से इंप्रूवमेंट होने की संभावना काफी अधिक है.

# हरियाणे की डायरी



प्रस्तुतिः चंद्र शेखर धरणी

**बंदर पकड़ने के मामले की जांच विजिलेंस करेगी**

जींद नगर परिषद क्षेत्र में बंदर पकडने. के मामले की जांच विजिलेंस द्वारा की जाएगी। हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने बंदर पकडने. के मामले की जांच को लेकर मुख्य सचिव को पत्र लिखा था। जिस पर कार्रवाई शुरू हो गई है। आरोप लगे थे कि बंदर पकडने. के मामले में घोटाला किया गया है।गौरतलब है कि जींद शहर में नगर परिषद द्वारा छह हजार बंदर पकड़वाने के दावे किए गए थे लेकिन छह हजार बंदर पकडने. के बाद भी लोगों को राहत नहीं मिली थी। शहर में बंदरों के झुंड लगातार घूम रहे थे और आए दिन लोगों को काट भी रहे थे। जिस पर शहर के लोगों द्वारा मामला डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा के संज्ञान में लाया गया था। लोगों का कहना था कि बंदर पकडने. के मामले में घोटाला किया गया है। क्योंकि अगर इतनी संख्या में बंदरों को पकड़ा गया है तो शहर में बंदरों का आतंक क्यों है।नगर परिषद ने बंदरों को पकडने. के लिए कंपनी को ठेका दिया था, उस कंपनी को प्रति बंदर 1700 रुपये का भुगतान नगर परिषद द्वारा किया गया था। इस हिसाब से एक करोड़ से ज्यादा के बंदर नगर परिषद द्वारा पकड़वाए गए थे लेकिन हैरानी की बात थी कि छह हजार बंदर पकड़े जाने के बाद भी शहर के लोगों को बंदरों से निजात नही मिली थी। अब मुख्य सचिव कार्यालय की तरफ से एसीबी के एडीजीपी को पत्र लिखकर इस मामले की जांच के लिए कहा गया है। मुख्य सचिव कार्यालय ने डिप्टी स्पीकर की शिकायत का हवाला देकर सभी दस्तावेज एसीबी को भेज दिए हैं।

**भूपेन्द्र हुड्डा की टिप्पणी पर लगे ठहाके**

भूपेन्द्र हुड्डा के मजाकि या लहजे के अक्सर चर्चे रहते हैं। बजट सत्र के पहले दिन राज्यपाल अभिभाषण के बाद जब राज्यपाल को छोड़कर मुख्यमंत्री नायब सैनी, स्पीकर हरविंदर कल्याण, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा, महीपाल ढांडा व अधिकारी गण वापस सदन में आ रहे थे तो सभी ने जोर का ठहाका लगाया जब भूपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि इस बार एक बात तो अच्छी हो गई कि मुख्यमंत्री व स्पीकर दोनों ही स्माइलिंग फेस हैं जो हमेशा मुस्कुराते रहते हैं।

**राम राम से शुरू किया अभिभाषण**

हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने राम राम से शुरू अभिभाषण की शुरूआत की। हरियाणवीं स्टाइल में राज्यपाल के द्वारा जब राम राम कहा गया तो सब चौंके। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय की तरफ सब ने देखा। हरियाणा के अंदर खास कर पंचायतों व समाज में जब भी एक दूसरे से मिलते हैं तो राम राम से ज्यादातर संबोधित करने व कुशल क्षेम पूछने की परंपरा रहती है।

**रणबीर हुड्डा को याद किया गया सदन में**

राज्यपाल अभिभाषण में संविधान निर्मात्री समिति के सदस्य व कांग्रेस के बड़े नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा के पिता रणबीर सिंह हुड्डा का भी उल्लेख किया गया।रणबीर हुड्डा अकेले ऐसे नेता रहे हैं जो विभिन्न सात सदनों के सदस्य रहे।गणतंत्र के 75 वर्ष पूरे होने पर संविधान निर्मात्री समिति के अध्यक्ष डॉक्टर भीम राव आंबेडकर के इलावा 8 सदस्य हरियाणा से रहे हैं।ठाकुर दास भार्गव,मास्टर नंदलाल, रणबीर हुड्डा, लाला देश बंधु गुप्ता,निहाल सिंह तक्षक,डॉक्टर गोपी चंद भार्गव, एडवोकेट सूरजमल व श्री राम शर्मा इसमें शामिल रहे हैं।

**बिजली पर सैनी का तंज**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने 2014 से पूर्व हरियाणा में बिजली न मिलने पर तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपिंदर हुड्डा पर तंज कसा है।सैनी ने कहा है कि 2014 से पहले बिजली मात्र चार पांच घंटे प्रदेश में मिलती थी और उसमें भी जब आदमी रोटी खाने के लिए बैठता था तो बिजली कट लग जाते थे।दुपहर को लोग सिर पर मंजा उठाए घूमते थे।अब हरियाणा में न तो बिजली संकट है और न ही अवैध कट।वर्तमान सरकार का लक्ष्य है कि जीवन में आवश्यक बिजली पूरी मात्रा में मिले।

**किरण चौधरी की हुड्डा के प्रति सुहानुभूति**

भाजपा नेत्री व राज्यसभा सांसद किरण चौधरी भी कोई मौका राजनैतिक रूप से नहीं चूकती।खासकर कांग्रेस नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा को लेकर।अब किरण चौधरी की हुड्डा के प्रति सुहानुभूति व्यक्त करते हुए कहा है कि कांग्रेस आलाकमान उन्हें नेता प्रतिपक्ष बना नहीं रही इस लिए उनकी पूरी सुहानुभूति उनके साथ है।दो बार सी एम रह चुके हैं।राजनीति में किरण चौधरी कभी हुड्डा के मंत्री मंडल में दमदार मंत्री भी रह चुकी हैं।मगर वर्तमान में कांग्रेस को अलविदा कह भाजपा में जा चुकी हैं।

**चर्चा में शैलजा के बयान**

कुमारी शैलजा कहती हैं कि कांग्रेस में कोई भी लड़ाई नहीं है। हम लोग जमीन पर काम करते हैं।वह कहते हैं कि यह सरकार यू टर्न सरकार की तरह पेपर लीक सरकार है।कांग्रेस में कोई भी लड़ाई नहीं है शैलजा के यह बयान चर्चा में बने हुए हैं कि किस आधार पर उनके यह बयान आए है।जबकि कांग्रेस की धडे बाजी जग जाहिर है। विधानसभा चुनावों में टिकट बंटवारे से लेकर अब नेता प्रतिपक्ष तक यह सार्वजनिक तथ्यों को दिग्गज नेता कितनी साफगोही से नकारते क्यों व कैसे हैं।

**नए बजट सत्र में विज सुधारेंगे गुरुग्राम**

हरियाणा के परिवहन मंत्री अनिल विज मिलेनियम सिटी गुरुग्राम के बस स्टैंड का क्या कल्प करने के लिए प्रयासरत है।ओपन मैदान में बसें खड़ी होने व उनके चलने से विज आहत है।इनका मानना है कि यहां कायाकल्प होना चाहिए। एन सी आर में ओवर एक चल रही बसों को भी वह बदल नई बसें चलाने के पक्षधर हैं।नए बजट में यह प्रावधान होने पर वह कई प्रभावी कदम उठाते नजर आ सकते हैं।विज ने प्राइवेट ढाबों पर सरकारी बसें न रुके के लिए पहले ही सख्ती कर रखी है।बस अड्डों पर कैंटीन्स व जनता को मिलने वाली सुविधाओं की वह जांच स्वयं भी करते रहते हैं।

**हरियाणा के स्कूलों में करवा चौथ का रहेगा अवकाश**

हरियाणाा सरकार ने नए शिक्षा सत्र के दौरान प्रदेश के स्कूलों में चार दिन का स्थानीय अवकाश घोषित किया है। यह अवकाश विद्यार्थियों तथा शिक्षकों के लिए लागू होगा। विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने शुक्रवार को इस संबंध में आधिकारिक पत्र जारी कर प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों और जिला मौलिक शिक्षा अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं।निदेशालय के अनुसार 18 अप्रैल को गुड फ्राइडे, 12 मई को बुद्ध पूर्णिमा 10 अक्टूबर को करवा चौथ तथा 25 नवंबर को गुरु तेग बहादुर शहीदी दिवस के अवसर पर राज्य के स्कूलों में अवकाश रहेगा। इन अवकाश के अलावा रविवार और अन्य आधिकारिक छुट्टियों पर भी स्कूलों में अवकाश रहेगा।

**सर्व दलीय सहमति**

हरियाणा विधान सभा के नए भवन के निर्माण को लेकर प्रदेश के सभी दल एकमत हैं। विस अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण की अध्यक्षता में वीरवार को बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में इस मसले में गहन चर्चा हुई है। सभी दलों के नेता इस विषय पर एकमत दिखाई दिए कि निकट भविष्य में होने वाले परिसीमन में प्रदेश में विधान सभा क्षेत्रों की संख्या बढ़ने के मद्देनजर अपेक्षाकृत बड़े विधान भवन की जरूरत पड़ेगी। फिलहाल हरियाणा विधान सभा के सदन में 90 विधायकों के बैठने के लिए ही स्थान उपलब्ध है। ऐसे में विधायकों की संख्या बढ़ने पर यहां सदन की कार्यवाही संचालित करना संभव नहीं है। इसके अलावा वर्तमान में भी समितियों की बैठकों और विभिन्न कार्यालयों के लिए स्थान अभाव का सामना करना पड़ा रहा है।

# हू आफ्टर औरंगजेब?'

एक बड़ा वर्ग एक ओर जहां इस बात को मानकर गदगद है कि भारत में हिन्दू राष्ट्र की स्थापना हो चुकी है क्योंकि लगभग एक हजार वर्षों के बाद कोई हिन्दू शासक दिल्ली के सिंहासन पर बैठा है, तो वहीं उसे यह देखकर दुख भी होता है कि देश के सियासी गलियारे में अब भी मुगलिया शासकों की उपस्थिति बनी हुई है। जिस प्रकार से इस्लामी शासकों द्वारा हिन्दुस्तान पर राज किये जाने की एक ऐतिहासिक क्रोनोलॉजी है, वैसे ही जैसे-जैसे नरेन्द्र मोदी प्रवर्तित वर्तमान हिन्दू शासनकाल आगे बढ़ रहा है, वैसे-वैसे मुस्लिम शासकों की शामत आ रही है। इस्लामोफोबिया को रंग व हवा देने के लिये बाबर से शुरू कर भारतीय राजनीति को इन दिनों औरंगजेब की याद जोरों से आ रही है। सवाल यह है कि इस कथित 'जल्लाद' और 'हिन्दू विरोधी' के बाद किस शासक का नम्बर आयेगा क्योंकि उनके बाद से मुगलिया सल्तनत लगातार कमजोर हो चली थी जो बहादुरशाह जफर के बाद पूरी तरह खत्म हो गयी? औरंगजेब से जफर के बीच कोई भी उल्लेखनीय बादशाह तो हुआ नहीं, हुए भी तो इतने कमजोर कि उनके नाम भी किसी को मालूम नहीं। शुक्र है कि मुगलों के वारिस कोलकाता की झोपड़पट्टियों में जीवन बिता रहे हैं, वरना वे भी आज आलोचना के केन्द्र में होते- ध्रुवीकरण के उपकरण के रूप में।
वैसे तो मुस्लिमों को लेकर होने वाली सियासत का दौर आजादी के पहले से ही शुरू हो गया था। यह सर्वज्ञात तथ्य है कि हिन्दू महासभा और मोहम्मद अली जिन्ना की मुस्लिम लीग के कारण देश विभाजित हुआ। फिर भी जब देश दो हिस्सों में बंट ही गया और जिन्ना पाकिस्तान के गर्वनर जनरल बनकर चले गये तो यहां रह गये महात्मा गांधी, जवाहरलाल नेहरू तथा कांग्रेस जिन्हें देश को बांटने का जिम्मेदार माना गया। गांधी को इसी कारण से मार डाला गया तथा नेहरू की न केवल उनके जीवन पर्यंत वरन अब तक मुसलमानों के कथित तुष्टिकरण के लिये निंदा होती है। 2014 के बाद, यानी नरेन्द्र मोदी के शासनकाल में नेहरू-मुसलमान सम्बन्धों की पुस्तक में नया अध्याय यह जुड़ गया कि नेहरू के पुरखे मुसलमान थे। यानी वे ऐसे परिवार के हैं जो पहले मुस्लिम था। भारतीय जनता पार्टी के आईटी सेल द्वारा रचित एवं वाट्सएप विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम के जरिये लोगों को ज्ञात हुआ कि उनका वंश किसी गियासुद्दीन गाजी से सम्बद्ध है। जिस देश में ज्यादातर हिन्दुओं की कई पुश्तों का विवरण प्रयागराज और हरिद्वार में उन घाटों के पंडितों के सैकड़ों वर्षों से लिखे जा रहे बही-खातों में दर्ज हैं जहां पितरों का अस्थि विसर्जन होता है, उसी देश के लोगों ने नेहरू के मुस्लिम कनेक्शन को सच मान लिया। इंदिरा गांधी के पारसी पति फिरोजशाह को भी मुस्लिम साबित करने में कोई दिक्कत नहीं आई। चूंकि राहुल व प्रियंका की मां सोनिया ईसाई परिवार से आती हैं तो इस तड़के में एक और जायका मिलाकर विमर्श आगे बढ़ा जिसके कई आयाम खुलते हैं।
1991 में देश की राजनीति में बाबर का प्रवेश गाजे-बाजे के साथ भाजपा द्वारा किया गया- अयोध्या के रामजन्मभूमि मंदिर को मुद्दा बनाकर। देश में मुगल सल्तनत की नींव रखने वाले बाबर के सेनापति मीर बाकी द्वारा इसे तुड़वाकर (1528-29) बाबरी मस्जिद बनवाई गयी थी। इसे लेकर भाजपा का रामजन्मभूमि आंदोलन हुआ। लालकृष्ण आडवाणी की सोमनाथ से लेकर निकली रथयात्रा ने देश की राजनीति का विमर्श कुछ यूं बदला कि पहले अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में 3 बार (क्रमशः 13 दिन, 13 माह व पूर्णकालिक) सरकारें बनीं। इस दौरान किसी को बाबर याद नहीं आया। कभी-कभार उसका उल्लेख इन शब्दों में ही होता था कि 'काबुल में उसके मकबरे पर कोई नहीं जाता पर भारत में उसकी पूछ-परख बनी हुई है।' इस तंज के निशाने पर कांग्रेस होती थी। संविधान की भावना के अनुरूप अल्पसंख्यकों की सरकार की ओर से देखरेख को 'तुष्टिकरण' बतलाया जाता रहा।
2014 के बाद से यह विमर्श सघन तो हुआ ही, बहुस्तरीय भी बन गया। एक तरफ भाजपा ने खुद को हिन्दुओं की पार्टी बना डाला तो वहीं सरकार ऐसे कानून बनाने लग गयी जिसके निशाने पर किसी न किसी तरह से मुस्लिम ही होते हैं। फिर चाहे वह नागरिकता कानून हों या जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 की समाप्ति, तीन तलाक का खात्मा या वक्फ बोर्ड में बदलाव। स्वयं मोदी चुनावी सभाओं से लेकर संसद के भीतर अपने भाषणों में मुस्लिम विरोधी विमर्श के सूत्रधार बने हुए हैं। एक तीसरा वर्ग है जो ट्रेनों-बसों में किसी मुस्लिम को देखकर हनुमान चालिसा का पाठ करने लगता है या फिर हिन्दू त्यौहारों पर मंदिरों की बजाये मस्जिदों या चर्चों के सामने (घुसकर भी) धार्मिक नारे लगाता है। उसे किसी मुसलमान के घर की छत पर इस्लामी झंडा फहराने से लेकर किसी मजार को खोदने अथवा ताजमहल में पूजा करने में कोई उज्र नहीं है। किसी पुस्तक को हाथ भी न लगाने वालों को वर्षों पहले नालंदा विश्वविद्यालय के जलाये जाने का दुख अब जाकर साल रहा है।

# असह्य हो चला है भारत का अपमान



दूसरी बार अमेरिका के राष्ट्रपति बनकर आये डोनाल्ड ट्रम्प के फैसले भारत के लिये हानिकारक तो हैं ही, अपमानजनक भी हैं। यह ऐसे वक्त में हो रहा है जब ट्रम्प ने दुनिया भर के खिलाफ ट्रेड वार की शुरूआत कर दी है। कारोबारी पृष्ठभूमि से आये ट्रम्प की दिलचस्पी व्यवसायों के बूते दुनिया पर राज करने में है। वे जानते हैं अब विश्व विजेता सैन्य शक्ति के बल पर सम्भव नहीं, न परम्परागत साम्राज्यवादी तरीके से दुनिया मु्ी में की जा सकती है। उनके इन खतरनाक विचारों को दुनिया समझ चुकी है। कुछ देश नयी परिस्थितियों का मुकाबला करने के लिये खुद को तैयार कर रहे हैं। चीन जैसा देश तो न केवल व्यवसाय के स्तर पर बल्कि जरूरत पड़ी तो उससे युद्ध के मैदान में भी दो-दो हाथ करने की तैयारी कर रहा है। बहुत छोटे-छोटे देश भी अपनी सम्प्रभुता व प्रतिष्ठा को बचाने के लिये कृतसंकल्पित हैं लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को न तो खुद के सम्मान की चिंता है और न ही देश की प्रतिष्ठा की। इससे उत्साहित ट्रम्प हर रोज भारत का अपमान कर रहे हैं। अमेरिकी इरादों से निपटने की यहां कोई तैयारी नहीं दिखती।
शुरूआत करें तो ट्रम्प के शपथ ग्रहण समारोह से। अमेरिकी राष्ट्रपति के वर्ष 2020 के चुनाव में पद की गरिमा और अंतरराष्ट्रीय प्रोटोकोल को ताक पर रखकर मोदी ने अपनी अमेरिकी यात्रा के दौरान उनके पक्ष में यह कहकर प्रचार किया था कि 'अब की बार ट्रम्प सरकार'। उसी ट्रम्प ने 2024 का चुनाव जीतने के बाद जब पद सम्हाला तो मोदी को आमंत्रित तक नहीं किया। भारत के दुश्मन देश चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग बुलाये गये, भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर गये और यहां तक कि भारत के सर्वाधिक अमीरों में से एक मुकेश अंबानी सपत्नीक आमंत्रित थे। जयशंकर कई दिनों तक मोदी के लिये आमंत्रण पाने की आस व जुगाड़ में वाशिंगटन डीसी में बैठे रहे फिर भी उन्हें नहीं बुलाया गया। तो भी मोदी ने उन्हें बधाइयां देने के लिये उद्देश्यहीन यात्रा की। ट्रम्प ने द्वीपक्षीय अनुबन्ध के नाम पर अमेरिका से पुराने व पॉयलेटों के लिये खतरनाक हो चुके एफ-35 लड़ाकू विमान तथा महंगी दरों पर प्राकृतिक गैस व तेल खरीदी के लिये उनके दस्तखत ले लिये।
इतना ही नहीं, उनके पहुंचने के पहले से लेकर ट्रम्प भारत की आयात-निर्यात नीति की लगातार आलोचना यह कहकर कर रहे थे कि भारत दुनिया के उन देशों में से एक है जिसका शुल्क सबसे ज्यादा है जिसके चलते भारत के साथ व्यापार मुश्किल है। उन्होंने मोदी की उपस्थिति में साफ कर दिया कि वे 'रेसिप्रोकल नीति' अपनाएंगे। यानी भारत अमेरिकी वस्तुओं पर जितना शुल्क लगायेगा, उतना ही अमेरिका भी भारतीय वस्तुओं पर लगायेगा। इसके विपरीत अब ट्रम्प ने ऐलान कर दिया है कि वे विदेशी वस्तुओं पर 100 फीसदी शुल्क लगाएंगे, जिनमें भारत भी शामिल है। ट्रम्प की इस दादागिरी का जवाब देते हुए चीन ने भी बराबरी का शुल्क लगाने की घोषणा कर दी है जबकि भारत इसका जवाब कैसे देगा, यह अब तक स्पष्ट नहीं। व्यवसायिक हलकों में कहा जा रहा है कि इससे भारत के आयात-निर्यात को बड़ा झटका लग सकता है।
अपमान की अगली श्रृंखला में ट्रम्प ने कई देशों के अवैध प्रवासियों को वापस भेजने का बीड़ा उठाया। वे उनके बारे में खराब शब्दों का प्रयोग तक करते रहे हैं। कई देशों के लोगों को उन्होंने वापस भेजा लेकिन कोलंबिया, मैक्सिको आदि देशों ने अपने नागरिकों की सम्मानजनक वापसी कराई जबकि भारतीयों को हथकड़ी-जंजीरों में बांधकर भेजा गया। ट्रम्प को इसमें इसलिये कठिनाई नहीं आई क्योंकि स्वयं भारत सरकार ने उसके इस कार्य को जायज ठहराया। ट्रम्प व उनके खास दुनिया के सबसे बड़े कारोबारी एलन मस्क हर रोज दुनिया भर से अमेरिका आये अवैध प्रवासियों को गालियां देते हैं लेकिन सिर्फ भारतीयों को बेड़ियों में भेजते हैं क्योंकि बाकी देश और उनका नेतृत्व अपने नागरिकों के साथ खड़ा रहता है।
वैसे ट्रम्प के शपथ ग्रहण समारोह में खालिस्तानी नेता गुरपतवंत सिंह पन्नू को बुलाया गया जिसने अपने साथियों के साथ जयशंकर की उपस्थिति में खालिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाये व उसका झंडा फहराया। उनकी बढ़ती हिम्मत का ही परिणाम है कि गुरुवार की सुबह (भारतीय समयानुसार) अपनी ब्रिटेन यात्रा के दौरान जब जयशंकर लंदन के चैथम हाउस से निकले तो इन्हीं खालिस्तानियों ने उनके सामने तिरंगा फाड़ा तथा खालिस्तानी नारे लगाये। इस बात को यदि भारत की ओर से पहले ही अमेरिकी प्रशासन के सामने उठाया जाता तो अलगाववादियों के हौसले दुनिया के किसी भी हिस्से में इतने बुलन्द न हुए होते।
यह सारा कुछ उस समय हो रहा है जब मोदी खुद के गले में विश्वगुरु का तमगा लटकाये घूमते हैं और हर विदेशी राष्ट्राध्यक्ष से जबरन गले लिपटकर अपने भक्तों के आगे दुनिया के सबसे ताकतवर नेता की छवि गढ़ते रहते हैं। वैसे अब ट्रम्प भी मोदी की महत्वाकांक्षा, फितरत तथा खोखलेपन को जान चुके हैं और शायद उन्हें यह संदेश देना चाहते हैं कि दुनिया में रहेगा तो एक ही विश्वगुरु- अमेरिका!
मोदी बेशक अपना जितना चाहे अपमान करायें लेकिन भारत कभी इतना कमजोर नहीं रहा है। आजादी के तुरन्त बाद जब भारत की राजदूत से कहा गया कि 'जो अमेरिका के साथ नहीं वह उसका दुश्मन है', तब जीर्ण-शीर्ण भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने उन्हें तत्काल वापस बुला लिया था। दोनों बड़ी महाशक्तियों- अमेरिका व तत्कालीन सोवियत संघ को नकार कर भारत के नेतृत्व में निर्गुट सवा सौ देशों का संगठन बनाया गया।
अमेरिकी गेहूं न खाना पड़े इसलिये पूरा भारत सोमवार की शाम को चूल्हा नहीं जलाता था। 1971 में पाकिस्तान के साथ युद्ध को रूकवाने के लिये अमेरिका को सातवां नहीं सत्तरवां बेड़ा भेजने के लिये ललकारने वाला यही देश था तथा इसी अमेरिका की धमकियों से डरे बिना दो बार परमाणु परीक्षण देखने वाली पीढ़ी अब भी जिंदा है। अमेरिका द्वारा सुपर कम्प्यूटर देने से इंकार करने पर जिस देश ने खुद का उपकरण तैयार कर लिया उसका आज असहनीय अपमान हो रहा है।

## हमारा प्यार-हिसार ने पेंटिंग अभियान श्रीचंद खरींटा को किया समर्पित



**हरियाणा वाटिका/सुरेंद्र सोढी**

**हिसार, 09 मार्च।** हमारा प्यार हिसार के वॉलंटियर ने आज दिन की शुरूआत अपने नियमित पेंटिग अभियान के साथ की। सदस्यों ने आज एक बार फिर पीएलए की लंबी दीवार पर सुंदर कलाकृतियाँ बनाने का कार्य जारी रखा। कुछ कलाकार साथियों ने पक्षियों, तितलियों और फूलों की सुंदर ड्राइंग बनाई तो कुछ ने उनमें रंग भरने का कार्य किया। गौरतलब है कि संस्था के संस्थापक सदस्य सुशील खरींटा जी के पिताजी का स्वर्गवास हो गया था और उनकी इच्छानुसार उनके पार्थिव शरीर का देहदान अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में किया गया। उनकी याद में आज का पेंटिंग अभियान समर्पित रहा और उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन भी रखा गया।

हमारे ग्रुप की एक्टिविटी में दिलबाग, पैरा एथलीट भी शामिल हुए। दिलबाग ने दुबई में लॉन्ग जंप में गोल्ड मेडल प्राप्त किया और रेस में थाईलैंड में ब्रांच मेडल प्राप्त किया। ग्रुप के सभी सदस्यों ने उन्हें मेडल पहनाकर बधाई दी और ग्रुप की ओर से गिफ्ट भी दिया।

आज ग्रुप आज के अभियान में सुशील खरींटा, डॉ सुरेंद्र गर्ग, प्रो हरीश भाटिया, डॉ राज वर्मा, जितेन्द्र सैनी, जितेन्द्र बंसल, दिनेश बंसल, युद्धवीर पान्नु, साहिल गिरधर, रमेश वर्मा, मनदीप पुनिया, गगन, डॉ राज सोनी, अनुराग परवाल, यजत, सचिन, राजन वर्मा, बंटी, लैविश, वेदन गौड़, पराग बंसल, अंकित गर्ग, आदेश मलिक, ममता छाबड़ा, रश्मि मेहता, रीमा सरदाना पूर्वी बंसल, सुमन ऐरेन, खनक ऐरेन, ईशा बिष्ट, इप्सिता, रिमछा, नील, हिमांशी, एकता, सुहासिनी, योगिता, रावी, भाविका , वैशाली व दीपिका शामिल हुए।

## लावारिस मिला पर्स असल मालिक को लौटा कर दिखाई ईमानदारी



**हरियाणा वाटिका/एकजोत**

**कुरुक्षेत्र, 09 मार्च।** डेरा सच्चा सौदा से जुड़े एक सेवादार ने हजारों रुपए की नकदी भरा लावारिस पर्स असल मालिक को लौटा कर ईमानदारी का परिचय दिया है। सेवादार के इस कार्य की चहुंओर सराहना हो रही है। डेरा प्रेमी सुखविंद्र सिंह इन्सां ने बताया कि सेवादार अमी लाल इन्सां निवासी गांव धन्यौड़ी, ब्लॉक मोहड़ा, जिला अंबाला गत दिवस शाहाबाद से गांव की तरफ जा रहा था कि मारकंडा पुल के पास उसे सड़क पर गिरा एक पर्स मिला, जिसमें लगभग 20 हजार इंडियन और फॉरेन करंसी थी। इतना ही नहीं, परिवार के सारे डॉक्यूमेंट व क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड थे। तभी वहां से जा रहे दो अन्य व्यक्ति भी उस पर्स पर अपना दावा करते हुए अमी लाल के साथ झगड़ा कर पर्स छीनने की कोशिश करने लगे। मगर अमी लाल ने सूझबूझ का परिचय दिया और पर्स मे मिले आधार कार्ड से उस व्यक्ति का नंबर लेकर पर्स के मालिक को फोन किया। इस पर पर्स का असल मालिक गांव दाऊ माजरा निवासी विकास सिंह पुत्र बलजीत सिंह निकला। सेवादार ने उसे डेरा सच्चा सौदा के शाहाबाद मानवता भलाई केंद्र पर बुला कर जिम्मेवार भाईयो की मौजूदगी में पर्स लौटा दिया। अपने पर्स को सही सलामत पाकर विकास ने डेरा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह इन्सां व डेरा प्रेमी अमीलाल का बहुत-बहुत शुक्राना किया। इस मौके पर ब्लॉक मोहड़ा के ब्लॉक प्रेमी सेवक गुरजीत इन्सां, सम्पूर्ण इन्सां कलसाना, पवन इन्सां, भुला राम, दर्शन राम, गुरमेल लन्डी मौजूद रहे।

## रीना वाल्मीकि ने हरियाणा प्रभारी बीके हरिप्रसाद से की मुलाकात



**हरियाणा वाटिका/एकजोत**

**कुरुक्षेत्र, 09 मार्च।** राजीव गांधी पंचायती राज संगठन की राष्ट्रीय संयोजक रीना वाल्मीकि ने कांग्रेस के हरियाणा प्रभारी बीके हरिप्रसाद से नई दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय में मुलाकात की। इस दौरान रीना वाल्मीकि ने प्रभारी बीके हरिप्रसाद के साथ प्रदेश की राजनीति पर विस्तार से चर्चा की। प्रभारी के पूछने पर उन्होंने हरियाणा के नए प्रदेश अध्यक्ष के नाम पर भी सार्थक चर्चा की। रीना ने कहा कि मजबूत संगठन बना कर ही जन आवाज को बुलंद किया जा सकता है। रीना वाल्मीकि ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कहा कि नारी ही घर की प्रथम वैद्य होती है, जो घर के हर व्यक्ति की चिंता करती है। नारी एक सभ्य समाज के निर्माण में भी हर दम चिंता में रहती है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में विकास के हर क्षेत्र में महिलाएं महत्वपूर्ण योगदान प्रदान कर रही हैं। सबसे अहम आत्म विश्वास है, जिसके लिए उन्होंने महिलाओं को उनमें आत्म विश्वास बनाए रखने का आह्वान किया।

## एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत दो मामलों मे तीन आरोपी गिरफतार

**हरियाणा वाटिका/प्रवीण वालिया**

**करनाल, 09 मार्च।** बीती शाम करनाल पुलिस की एंटी नारकोटिक सेल टीम के इंचार्ज उप निरक्षक हिम्मत सिंह की अध्यक्षता मे गुप्त सुचना के आधार पर छापामारी री करके नगला चौक मधुबन करनाल से आरोपी.... मुस्तकीम पुत्र अब्दुल मजीद निवासी अंसरायण मोहला थाना कैराना शामली उतर प्रदेश। को गिरफतार किया गया। आरोपी के कब्जे से मौके पर 116 ग्राम अफीम बरामद की गई। इस संबंध मे एंटी नारकोटिक सेल टीम के इंचार्ज उप निरक्षक हिम्मत सिंह ने बताया की आरोपीयो के खिलाफ थाना मधुबन जिला करनाल मे एन.डी.पी.एस. एक्ट की धाराओं के तहत दर्ज किया गया है।

दूसरे मामले मे एंटी नारकोटिक सेल टीम की दुसरी टीम द्वारा नाकाबंदी करके गांव टपराना करनाल से आरोपी सोनू सैनी पुत्र लख्मीचद निवासी गांव टपराना थाना सदर करनाल विशाल पुत्र मौसमी निवासी डेहा बस्ती थाना इंद्री करनाल को गिरफतार किया गया। आरोपीयो के कब्जे से मौके पर 30 किलो 900 ग्राम गांजा फूल पत्ती बरामद की गई। इस संबंध मे एंटी नारकोटिक सेल टीम के इंचार्ज उप निरक्षक हिम्मत सिंह ने बताया की आरोपीयो के खिलाफ थाना सदर करनाल मे एन.डी.पी.एस. एक्ट की धाराओं के तहत दर्ज किया गया है। दोनो मामलो के संबंध मे आज आरोपीयो को माननीय अदालत के सम्मुख पेश किया गया। व मामलो में अग्रिम अनुसंधान जारी है।

# सेल्यूट टु वुमन एम्पावरमेंट : शहर के लंबे अनुभव के बाद डॉ. अंजु मोदगिल ने चुना ग्रामीण क्षेत्र के स्कूल में कार्य करना

### पढाई पूर्ण होने के पश्चात भी विद्यार्थी लेते हैं मार्गदर्शन

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**

**चंडीगढ़, 09 मार्च।** डॉ. अंजु मोदगिल को शिक्षा और खेल के क्षेत्र में विस्तृत अनुभव है। उसने कई वर्षों तक शहर के स्कूल में कार्य करने के पश्चात ग्रामीण क्षेत्र में संचालित महर्षि दयानंद पब्लिक स्कूल एमडीएवी भवन, दरिया, चंडीगढ़ में कार्य करना स्वीकार किया है। यह कार्य चुनौती भरा अवश्य है। शहर के जिस स्कूल वह काफी लंबे अरसे तक कार्यरत रहीं वहां के स्टूडेंट्स देश -विदेश में अपना नाम कमा रहे हैं। विद्यार्थियों के दिलों में वह निवास करती हैं। पढाई पूर्ण होने के पश्चात भी विद्यार्थी उनका मार्गदर्शन लेते रहते हैं। यहां तक ही सीमित नहीं बल्कि अभिभावक भी उनके संपर्क में रहते हैं। स्कूल की प्रिंसिपल और प्रबंध कमेटी के चेयरमैन भी उनके कार्य की प्रशंसा कर चुके हैं। अब उन्होंने उस क्षेत्र में शिक्षा और खेल का बीड़ा उठाया है जहां कार्य करना कठिन अवश्य है। उसकी लगन और मेहनत को देखते हुए ग्रामीण क्षेत्र के पेरेंट्स बहुत खुश




हैं। वह विद्यार्थियों में छुपी प्रतिभा को उभार रही हैं। उसने पढ़ाई के मेथड में कई महत्वपूर्ण बदलाव किये है। डॉ.अंजू मोदगिल ने बताया कि सैद्धांतिक शिक्षा के साथ-साथ प्रयोगिक मेथड्स को प्राथमिकता दी जा रही है। खेल - खेल में दी जाने वाली शिक्षा विद्यार्थी के दिलों दिमाग में दीर्घकाल तक छाई रहती है। उनके दिशा-निर्देशन में हर विषय का ज्ञान देने के लिए तरह-तरह की तकनीक अपनाने पर बल दिया जा रहा है। एनआरआई सुदर्शन गर्ग के सहयोग से विद्यार्थियों के लिए कंप्यूटर, लाइब्रेरी, मल्टीमीडिया प्रोजेक्ट, इंडोर गेम्स को विशेष तौर से प्रयोग में लाया गया है। डॉ. अंजु मोदगिल के कार्यों को देखते हुए अमेरिका की विद्या धाम संस्था, संवाद साहित्य मंच, एनए कल्चरल सोसायटी, भिन्न-भिन्न खेल संगठन आदि सम्मानित कर चुकी हैं। उनके कार्य को देखते हुए अमेरिका की यूनिवर्सिटी भी पीएचडी की मानद उपाधि से सम्मानित कर चुकी है। ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा के प्रति समर्पित भाव उनके कद को ऊंचा तो करते ही हैं साथ ही वंचित वर्ग के बच्चों को शिक्षा देकर उनका मान बढ़ाते हैं।

डीएवी कॉलेज मैनेजमेंट कमेटी नई दिल्ली के सचिव रविंद्र तलवाड़ भी उनके कार्यशैली की मुक्त कंठ से प्रशंसा कर चुके हैं। एनजीओ ने भी इस सहयोग के लिए आगे कदम बढ़ाए हैं। स्टूडेंट्स- पेरेंट्स- टीचर्स और स्टाफ के साथ गहरा संबंध है। इसी कारण उनके कार्यों की सराहना होती है। ऐसी महिलाओं के लिए दैनिक स्टेट समाचार उनके समर्पित कार्यों के प्रति सेल्यूट करता है।

# लोहारू के विभिन्न गांव की गौशालाओं में दो करोड़ 17 लाख रुपए की ग्रांट जारी: जेपी दलाल

### पूर्व कैबिनेट मंत्री जेपी दलाल ने सीएम से मिलकर जताया आभार

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**

**लोहारू, 09 मार्च।** पूर्व कैबिनेट मंत्री जेपी दलाल ने लोहारू विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न गांव की गौशालाओं में गौ माता के चारे के लिए उनके आग्रह पर दो करोड़ 17 लाख रुपए की ग्रांट जारी करने पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार एवं धन्यवाद किया है। पूर्व कृषि मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि लोहारू विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न गौशाला समितियां में 2 करोड़ 17 लाख 93 हजार रुपए की ग्रांट जारी कर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गौ संरक्षण और गौ हितैषी होने का प्रमाण दिया है। उन्होंने प्रदेश के सीएम नायब सिंह सैनी से मिलकर उनका आभार प्रकट किया है। पूर्व कृषि एवं वित्त मंत्री जेपी दलाल ने बताया कि श्री



गौमाता शक्तिपीठ गैंडावास को 4 लाख 39 हजार रुपए, श्री पहाड़ी माता गऊ पहाड़ी गौशाला को 9 लाख 88 हजार, श्री राधा कृष्ण गौशाला बड़वा को 26 लाख, श्री कृष्ण गौशाला सिवानी को 48 लाख 73 हजार, श्री गोपाल गौशाला लोहारू को 33 लाख 21 हजार, मंढोली गौशाला अनुसंधान मंढोली कलां को 13 लाख 70 हजार, बाबा बाड़ी नाथ गौशाला चेहड़ कला को 66 लाख 1हजार, बाबा भोमिया गौशाला कुड़ल को 5 लाख 43 हजार, श्री राधा कृष्ण गौशाला सोहासड़ा को 7 लाख 32 हजार, आर्य परिवार गौशाला गुरेरा को 16 लाख 11 हजार,0श्री श्याम गौशाला लीलस को 3 लाख 22 हजार, शिव नंदी गौशाला किकराल को 4 लाख 26 हजार, श्री अलख गौशाला बहल को 21 लाख 90 हजार, श्री श्याम गौशाला नलोई को 9 लाख 40 हजार, श्री खेड़ा गौशाला खेड़ा को 7 लाख रुपए की ग्रांट देकर मुख्यमंत्री ने गौ माता हितेषी होने का प्रमाण दिया है। पूर्व कृषि मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि भाजपा सरकार में गौशालाओं के बजट को कई गुना बढ़ाया है और किसी भी गौशाला में चारे की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी।

# 351 फुट लंबे निशान को लेकर हजारों श्रद्धालुओं ने निकाली यात्रा

**हरियाणा वाटिका/सुरेंद्र सोढी**

**हिसार, 09 मार्च।** 351 फुट लंबा श्याम बाबा का निशान के साथ 52वें बबरान नरेश प्रकटोत्सव के अवसर पर हिसार से बीड़ बबरान धाम तक पैदल निशान यात्रा का आयोजन किया गया। हिसार के अग्रसेन भवन से हजारों श्रद्धालु श्याम बाबा के पीतांबरी ध्वज थामे हुए और हारे का सहारा-श्याम बाबा हमारा का जयघोष करते हुए आगे बढ़े। इनके साथ ही बहुत से श्रद्धालुओं ने 351 फुट लंबा श्याम बाबा का निशान थामकर नंगे पांव 18 किलोमीटर से अधिक की यात्रा पूरी निष्ठा से पूरी की। इस दौरान पूरा हिसार श्याममय हो गया और श्याम बाबा की जय व बीड़ बबरान धाम की जय के उदघोष से हिसार की गलियां गूंजती रही। निशान यात्रा में बच्चे, बूढ़े, जवान व महिलाओं सहित हर आयु वर्ग के श्रद्धालुओं ने बढ़-चढक? हिस्सा लिया। अग्रसेन भवन में श्याम बाबा के रथ को भव्य स्वरूप दिया गया और श्याम बाबा के विग्रह को रथ में विराजमान करके अदभुत श्रृंगार किया गया। इस रथ को देखकर भक्तगण अनायास ही अभिभूत हो गए। श्याम बाबा के रथ व 351 फुट लंबे निशान के साथ हिसार के विभिन्न बाजारों से होते हुए यात्रा बीड़ बबरान धाम पहुंची। बीड़ बबरान धाम के निज पुजारी विनय



शर्मा ने बताया कि बीड़ बबरान धाम में पहुंचकर श्रद्धालुओं ने श्याम बाबा के चरणों में 351 फुट लंबा निशान व अन्य ध्वजाएं अर्पित किए और जनकल्याण की कामना करते हुए मन्नत मांगी। इस दौरान भक्तों ने बीड़ बबरान धाम में महाभारतकालीन पीपल के वृक्ष, अखंड जोत, वीर हनुमान के मंदिर, शिव परिवार, धूणे, घोड़े के पांव के निशान वाली शिला व मढ़ी के भी दर्शन किए। निशान यात्रा के साथ ही सात दिवसीय 52वां बबरान नरेश प्रकटोत्सव संपन्न हुआ। इस अवसर पर सभी भक्तों के लिए भोजन प्रसाद की समुचित व्यवस्था भी रही। महाभारतकालीन बीड़ बबरान धाम में आयोजित किए गए सात दिवसीय 52वें बबरान नरेश प्रकटोत्सव में अदभुत छटा देखने को मिली। इस प्रकटोत्सव में विभिन्न क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। हर रोज श्री श्याम संकीर्तन के माध्यम से भजन गायकों ने श्याम बाबा की महिमा का गुणगान किया। श्री श्याम मंगल कवच पाठ व श्री श्याम महामंत्र जाप करके जनकल्याण की कामना की गई। इस दौरान श्रद्धालुओं को 52 साल पुरानी अखंड ज्योति के दर्शन करने का भी अवसर मिला। अंतिम दिन भव्य निशान यात्रा निकालकर श्याम बाबा के प्रति भक्तों ने अपनी आस्था व्यक्त की। उधर इस निशान यात्रा में मुख्य अतिथि हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व हरियाणा कान्फैड के पूर्व चेयरमैन बजरंग गर्ग, पूर्व मेयर शकुंतला राजलीवाला, अनाज मण्डी के प्रधान राम अवतार गोयल, प्रमुख समाजसेवी कृष्ण ऐरन, नरेश गर्ग, अनिल जैन टीनू थे। इस निशान यात्रा में हजारों भक्तों ने भाग लिया। इस समारोह में मुख्य अतिथि हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने भव्य निशान यात्रा में पूजा-पाठ करने के उपरांत सम्बोधित करते हुए कहा कि सात दिवसीय 52 वां श्री श्याम उत्सव बबरान नरेश प्रकटोतसव में हजारों धर्मप्रेमी ने भाग लिया और 351 फूट लम्बा निशान लेकर बीड़ बबरान धाम तक भव्य यात्रा निकाली गई। श्री बीड़ बबरान धाम में जनता के सहयोग से निर्माण कार्य चल रहा है। देश के कौने-कौने से धर्मप्रेमी बीड़ बबरान में पूजा-पाठ करने आते है। बजरंग गर्ग ने कहा कि बीड़ बबरान जहां भगवान श्री कृष्ण जी ने बर्बरीक श्री श्याम बाबा जी की परीक्षा ली थी। बीर बर्बरीक श्री श्याम बाबा ने अपने एक बाण से पीपल के वृक्ष के एक-एक पते के बींध डाला था। वह पीपल का वृक्ष आज भी बीड़ बबरान में मौजूद है। महंत महाराज नवीन शर्मा ने पूजा-पाठ करवाई। इस अवसर पर महंत महाराज श्री विनय शर्मा, लक्ष्मी बंसल आदमपुरिया, प्रधान शिव कुमार सिंगल, राम शरण सिंगल, अनाज मंडी प्रधान राम अवतार गोयल, संजय सिंगल, मनीष बंसल, करण गर्ग, धर्मेन्द्र मलिक, राहुल गर्ग, मोहित अग्रवाल अजीतपुरिया, संजय सिसाईया, ऋषभ बंसल, जोनी गोयल, मुकुद बूथरा, भारत सोनी आदि भारी संख्या में श्याम भक्त मौजूद थे।

## शरीर को पर्याप्त स्ट्रेचिंग और वार्मअप न देने मांसपेशियों में खिंचाव संभव : डॉ हिमांशु जैन



**हरियाणा वाटिका/एकजोत**

**कुरुक्षेत्र, 09 मार्च।** डी.आर. जैन न्यूरोकेयर एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल कुरुक्षेत्र के ब्रेन व स्पाइन न्यूरो सर्जन डॉ हिमांशु जैन ने बताया कि मांसपेशियों में खिंचाव भारी वजन उठाने या अधिक शारीरिक श्रम करने, अचानक दौड़ने, मुड़ने या झुकने, लंबे समय तक एक ही मुद्रा में रहने, शरीर को पर्याप्त स्ट्रेचिंग और वार्मअप न देने, पानी की कमी और पोषण की कमी से होता है। डॉ हिमांशु जैन रविवार को बी.आर. अम्बेडकर भवन गांव रामगढ़ में आयोजित फ्री मेडिकल कैंप में मरीजों को जागरूक कर रहे थे। डॉ जैन ने बताया कि मांसपेशियों में खिंचाव से रोगी को कुछ लक्षण देखने को मिलेंगे -जैसे प्रभावित क्षेत्र में दर्द और सूजन, हिलने-डुलने में कठिनाई, मांसपेशियों में कमजोरी और अकड़न, हल्का या तेज दर्द, जो बढ़ सकता है। उन्होंने बताया कि इससे बचने के लिए सही तरीके से वार्मअप करें, व्यायाम या भारी कार्य से पहले शरीर को तैयार करें, संतुलित आहार लें प्रोटीन, मिनरल्स और पर्याप्त पानी का सेवन करें। सही मुद्रा बनाए रखेंझ्र बैठने, खड़े होने और सोने की सही स्थिति अपनाएं। अचानक झटकों से बचें, कोई भी भारी गतिविधि धीरे-धीरे करें। दर्द होने पर तुरंत राहत के लिए ठंडी सिकाई करें। डॉ जैन ने कहा कि यदि दर्द लंबे समय तक दर्द बना रहे या सूजन बढ़ जाए, तो तुरंत विशेषज्ञ से सलाह लें। आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ संजय शर्मा के नेतृत्व में आयोजित इस 1986वें निशुल्क कैंप में 137 रोगियों को परामर्श, चैकअप, ब्लड शुगर, प्लस रेट, हिमोग्लोबिन व फ्री दवाइयां दी गई। इस दौरान सरपंच अनु चौधरी व बालकिशन पूर्व सरपंच ने डॉ हिमांशु जैन, डॉ राजेश कुमार, डॉ संजय शर्मा और डॉ प्रीति का अभिनन्दन किया। शिविर में सुनील, नरेश नंबरदार, बलविंदर, सुषमा पंच, जगमाल पांचाल, मोनिका कोऑर्डिनेटर जीएनएम, अंजू जीएनएम, रिया, प्रवीण, अजय, कुलदीप इत्यादि ने सराहनीय योगदान दिया।

## औषधीय उत्पादों की देशभर में डिमांड बहुत अधिक...मांग के अनुरूप उत्पादन नहीं: प्रो सुरेश मल्होत्रा

**हरियाणा वाटिका/प्रवीण वालिया**

**करनाल, 09 मार्च।** स्वास्थ्य लाभ ओर आर्थिक समुद्धि के लिए अश्वगंधा की खेती के प्रति विशेषतौर पर अनुसूचित जाति एवं जनजाति की जागरूकता के लिए महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय करनाल में अश्वगंधा के औषधीय गुणों तथा इसकी खेती के फायदों के प्रति जागरूकता बढ़ाने को लेकर भारत सरकार के आयुष मंत्रालय द्वारा प्रायोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला रविवार को संपन्न हो गई। राष्ट्रीय कार्यशाला के अंतिम दिन एमएचयू के माननीय कुलपति प्रो सुरेश मल्होत्रा ने विशेष तौर पर शिरकत की। कार्यशाला में काफी संख्या में महिला किसानों ओर युवाओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया।

मुख्य अतिथि माननीय कुलपति प्रो सुरेश ने कार्यशाला में आए प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार की कार्यशाला करने का मुख्य उदेश्य औषधीय पौधों के उत्पादन एवं प्रयोग के बारे में जागरूक करना है, जिससे सीधे तौर पर किसानों को फायदा पहुंचे। उन्होंने कहा कि वर्तमान में औषधीय पौधों का महत्व लगातार बढ़ता जा रहा है साथ ही खपत भी ज्यादा हो रही है। लेकिन किसान खपत के अनुरूप औषधीय पौधों का उत्पादन नहीं कर पा रहे है। औषधीय पौधों से बहुत सारे आयुर्वेदिक उत्पाद बन रहे है, जो स्वास्थ्य के लिए बहुत कारगर है। औषधीय पौधों के बारे में पूरी जानकारी किसानों को हो, इसके लिए इस प्रकार की कार्यशाला आयोजित की जाती है। उन्होंने कहा कि औषधीय पौधों की खेती बढ़ेंगी, तभी तो औषधीय उत्पाद बनाने वाली दवा कंपनियों व फैक्ट्रियों के पास कच्चा माल पहुंच सकेगा। उन्होंने कहा कि आज औषधीय खेती करके किसान परपंरागत फसलों के मुकाबले बहुत अधिक लाभ कमा सकते है।उन्होंने कार्यशाला में आए किसानों को बधाई देते हुए कहा कि ये कार्यशाला उनके लिए काफी लाभदायक साबित होगी। आयुष विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र से आए आयुर्वेद विशेषज्ञ डा. नेहा कौशल ने अश्वगंधा के फायदों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि आयुर्वेदिक उत्पादों का प्रयोग सही प्रकार से करना चाहिए। कृषि विज्ञान केंद्र के डॉ महा सिंह ने किसानों को बताया कि समय पर अश्वगंधा की खेती की करनी चाहिए, इसके लिए क्या-क्या जरुरी होता है।

## माता अहिल्याबाई होलकर के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता : सुनील तिवारी

**हरियाणा वाटिका/सुरेंद्र सोढी**



**हिसार, 09 मार्च।** माता अहिल्याबाई होलकर जिला समिति के तत्वावधान में एचएयू में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें माता अहिल्याबाई होलकर त्रिशती समिति के सह जिला संयोजक सुनील तिवारी ने माता अहिल्याबाई होलकर की जीवनी पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में एचएयू निवासियों के अलावा अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे, जिन्होंने माता अहिल्याबाई होलकर के जीवन के विषय में जाना। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सह जिला संयोजक सुनील तिवारी ने कहा कि हमें समाज सुधार की दिशा में माता अहिल्याबाई होल्कर के योगदान को कभी भूलना नहीं चाहिए। उन्होंने माता अहिल्याबाई होल्कर के जीवन और उनके समाज सुधारों पर चर्चा करते हुए उपस्थितजनों से उनके जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम में डॉ. रामनिवास, डॉ. मदन लाल खीचड़ एवं अन्य ने भी प्रेरित किया और माता अहिल्याबाई के योगदान के बारे में बताया। मंच संचालन अनित ने किया।

# उदयन शालिनी फैलोशिप ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर किया भव्य कार्यक्रम

**हरियाणा वाटिका/एकजोत**

**कुरुक्षेत्र, 09 मार्च।** उदयन शालिनी फैलोशिप द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में 'महिला रोल मॉडल्स का सम्मान' थीम पर भव्य कार्यक्रम किया गया। यह कार्यक्रम संयोजिका डॉ. सुषमा शर्मा और डॉ. रामनिवास के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ, जिसका उद्देश्य समाज में महिलाओं की उपलब्धियों और उनके योगदान को पहचान देकर समाज के लिए अनुकरणीय बनाना था। इस दौरान नगर परिषद थानेसर की पूर्व चेयरपर्सन उमा सुधा, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. मनीषा, पूजा छाबड़ा प्रधानाचार्य सुगनी देवी आर्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल लाडवा, डॉ. माधविका मदान दंत चिकित्सक, पॉली क्लिनिक, डॉ. सोनिया सतीजा किशोरावस्था काउंसलर, डॉ. ममता शर्मा प्रधानाचार्या गुरु नानक प्राईमरी स्कूल, सुमन गौतम वरिष्ठ शिक्षिका,



राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल छोटा बाजार, लक्ष्मी अरोड़ा, समीना चिब समाज सेविका, दीपक चिब कोर कमेटी सदस्य और नीलम हेड कांस्टेबल जैसी प्रतिष्ठित हस्तियों ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। मंच संचालन ज्योतिका और तिशा ने किया। बैच 19, कक्षा 12वीं की प्रतिभाशाली छात्राएं ईशा और संजना ने अपनी स्व-रचित कविताओं के माध्यम से महिलाओं के संघर्ष, सफलता और सशक्तिकरण की भावनाओं को प्रस्तुत किया। नूतन और छवि (बैच 19) ने रंगारंग नृत्य प्रदर्शन कर मन मोह लिया। उदयन घर के बच्चों ने सरस्वती वंदना और आधुनिक महिला के सशक्तिकरण को प्रदर्शित करता ऊजावान नृत्य किया। आयोजन में कुल 55 शालिनियों ने भाग लिया। एपीसी पूजा, कंप्यूटर सेंटर की अध्यापिका गीतांजलि ने कार्यक्रम संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। अंत में सभी अतिथियों को मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## आध्यात्मिक उन्नति की चाबी है कुंडलिनी ध्यान : आचार्य रविंद्र



**हरियाणा वाटिका/सुरेंद्र सोढी**

**हिसार, 09 मार्च।** समर्थगुरू सिद्धार्थ फाउंडेशन के तत्वाधान में समर्थगुरू संघ हिसार ने कौशिक नगर स्थित साधना केंद्र में आज संडे ध्यान का कार्यक्रम आयोजित किया। आज का सेशन आचार्य रविंद्र ने लिया जिसमें उन्होंने कुंडलिनी ध्यान करवाया। आचार्य ने कुंडलिनी ध्यान करवाते हुए कहा कि कुंडलिनी ध्यान एक प्रकार का योग और ध्यान है जो कुंडलिनी शक्ति को जागृत करने के लिए किया जाता है। कुंडलिनी शक्ति एक आध्यात्मिक ऊर्जा है जो हमारे शरीर में रीढ़ की हड्डी के निचले हिस्से में स्थित होती है। इस शक्ति को जागृत करने का उद्देश्य आत्मज्ञान प्राप्त करना और आत्मिक उन्नति करना है। कुंडलिनी शब्द संस्कृत शब्द कुंडल से उत्पन्न हुआ है, जिसका अर्थ होता है लकड़ी का खाम। कुंडलिनी ध्यान के द्वारा, योगी की प्राणिक शक्तियां (प्राणवायु) जगत और उनके शरीर में धारण किए गए ऊपरी चक्रों के माध्यम से शक्ति के संचार को ऊर्जा के संचार में परिणत करती हैं। इस ध्यान के माध्यम से मानसिक शांति और आत्मज्ञान का अभ्यास किया जाता है। तीसरे चरण में, कुंडलिनी ऊर्जा को जागृत करने का अभ्यास किया जाता है। इस अभ्यास में, योगी कुंडलिनी ऊर्जा को सुषुम्ना नाड़ी के माध्यम से ऊपरी चक्रों में ले जाने के लिए विभिन्न प्राणायाम, मंत्र और ध्यान की तकनीकों का उपयोग करता है। कुंडलिनी ध्यान के प्रकार और तकनीकें विभिन्न हो सकती हैं और यह आध्यात्मिक गुरु या आध्यात्मिक शिक्षक के मार्गदर्शन में किया जाता है। यह ध्यान प्रणाली शारीरिक, मानसिक, और आध्यात्मिक विकास को प्रोत्साहित करने के लिए प्रभावी मानी जाती है, लेकिन इसे अनुभव करने के लिए धैर्य, समर्थन और प्रशिक्षण की आवश्यकता होती है। ज्ञात हो कि प्रत्येक रविवार सुबह 7 से 9 बजे समर्थगुरू संघ हिसार अपने साधना केंद्र मिजार्पुर रोड, कौशिक नगर में ध्यान के कार्यक्रम का आयोजन करता है, जोकि सभी के लिए निःशुल्क होता है और प्रशिक्षित आचार्य ही वो ध्यान का सेशन लेते हैं। विशेष ध्यान देने योग्य ये है कि 17 से 22 मार्च 2025 तक मुरथल महोत्सव का आयोजन मुरथल आश्रम में होगा, जिसमें देश विदेश से हजारों साधक आएंगे। ध्यान के बाद समर्थगुरू संघ हरियाणा के संयोजक आचार्य सुभाष ने हमारे जीवन ध्यान के महत्व पर विस्तार से महत्व बताते हुए समर्थगुरू संघ के कार्यक्रमों के बारे चर्चा की। हर घर ध्यान के उद्देश्य को पूरा करने के लिए समर्थगुरू संघ हर सप्ताह पूरे देश में अलग-अलग जगहों पर ध्यान योग के 3 दिवसीय कार्यक्रम आयोजित करता है। समर्थगुरू धारा के मुख्य आश्रम मुरथल में हर महीने 2 बार तीन दिवसीय ध्यान के कार्यक्रम करवाए जाते हैं।

## स्वदेशी जागरण मंच ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित किया सशक्त नारी सम्मान समारोह



**हरियाणा वाटिका/सुरेंद्र सोढी**

**हिसार, 09 मार्च।** पुण्यश्लोका लोकमाता अहिल्याबाई होलकर त्रिशति जन्म जयंती के उपलक्ष्य में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर स्वदेशी जागरण मंच ने सशक्त नारी सम्मान समारोह का आयोजन किया। दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के सभागार में आयोजित किए गए इस समारोह में स्वदेशी जागरण मंच ने हिसार नगर निगम चुनाव की महिला पार्षद प्रत्याशियों व समाजसेवी महिलाओं को सम्मानित करके उनका हौसला बढ़ाया। सशक्त नारी सम्मान समारोह के दौरान समाजसेवी डॉ. राज पाराशर, मीनाक्षी तायल, सुचेता सर्राफ, प्राचार्या उषा छाबड़ा व प्राचार्या संतोष सरवन अतिथि के रूप में उपस्थित रही। इस अवसर पर स्वदेशी जागरण मंच के जिला संयोजक डॉ. संजीव शर्मा, जिला सह संयोजक मोना जैन, कार्यक्रम प्रमुख सोनू गोयल व कार्यक्रम सह प्रमुख रिचा जांगड़ा सहित स्वदेशी जागरण मंच के पदाधिकारी व कार्यकर्ता काफी संख्या में मौजूद रहे। इस अवसर पर डॉ. रचना शर्मा ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर हमारी प्रेरणा माता अहिल्याबाई के जीवन से जुड़े विभिन्न प्रसंगों को साझा किया। उन्होंने बताया कि किस तरह से माता अहिल्याबाई ने महिला शिक्षा के लिए कार्य किया और महिलाओं को पुरुषों के बराबर दर्जा दिलवाने के लिए बेजोड़ प्रयास किए। इसके साथ ही उन्होंने विधवा विवाह के लिए जो कार्य किया उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। डॉ. संजीव शर्मा ने स्वदेशी जागरण मंच की गतिविधियों व रचनात्मक कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि किस तरह से स्वावलंबी भारत अभियान के तहत कार्य करते हुए युवाओं को न्यू स्टार्टअप व स्वावलंबन के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस दौरान रिचा जांगड़ा ने मंच संचालन किया। इस अवसर पर सुमर ऐरन, सोनिया श्योदान, स्नेहलता, ममता शर्मा, पूनम शर्मा, रेणु जिंदल, दीपावली, कविता, अनिल गोयल, संजीव शर्मा व प्रदीप बामल आदि ने अहम भूमिका निभाई। स्वदेशी जागरण मंच से जुड़ी छात्राओं व युवतियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करके हरियाणवी व पंजाबी संस्कृति में सामंजस्य स्थापित कर दिया। इस दौरान माताओं-बहनों ने विभिन्न मनोरंजक खेलों में हिस्सा लेकर अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज करवाई। स्वदेशी जागरण मंच के प्रांत प्रचार प्रमुख अनिल गोयल ने बताया कि स्वदेशी जागरण मंच द्वारा हर उत्सव व विशेष दिवस धूमधाम से मनाए जाते हैं। इसके साथ ही माताओं-बहनों को सशक्त बनाना और युवाओं का मार्गदर्शन करके उन्हें आत्मनिर्भर व सुदृढ़ नागरिक बनाना स्वदेशी जागरण मंच का उद्देश्य है। स्वदेशी वस्तुओं को बढ़ावा देना एवं स्थानीय उत्पादों को विस्तार देने के लिए विशेष कार्य किए जाते हैं।

# हमारा समाज भौतिक सुखों के लिए मूल्यविहीन हो गया : जिला सैशन जज

## मूल्यनिष्ठ समाज के निर्माण में महिलाओं का अतुलनीय योगदान : जिला परिषद चेयरपर्सन । अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर ब्रह्माकुमारीज में हुआ कार्यक्रम

**हरियाणा वाटिका/एकजोत**

**कुरुक्षेत्र, 09 मार्च।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय विश्व शांति धाम सेवा केंद्र कुरुक्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर मूल्य निष्ठ समाज के निर्माण में महिलाओं का योगदान विषयक कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में जिला सेशन जज डॉ नीलिमा सांगला मुख्य अतिथि रही, जबकि जिला परिषद चेयरपर्सन कंवलजीत कौर, कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी से प्रोफेसर अनीता दुआ, समाज सेविका निशी गुप्ता विशिष्ट अतिथि रही। केंद्र संचालिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सरोज बहन ने अध्यक्षता की। सभी अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बी.के प्रियंका बहन और सिमरन ने पटका पहना कर और पौधा भेंट कर अतिथियों का सम्मान किया। अपने संबोधन में डॉ नीलिमा सांगला ने मातृशक्ति को प्रणाम करते हुए कहा कि यहां आकर अशांति और तनाव कोसों दूर भागता है। यहां सभी प्रसन्नता में रहते हैं। नारी पूरे परिवार की संचालिका होती है। यदि उसमें शांति और खुशी भरी हुई है, तो पूरे परिवार में भी होगी। ब्रह्माकुमारी संस्था जो पूरे विश्व के 140 देशों में नैतिक मूल्य स्थापित करने का कार्य कर रही है, मात्र एक विश्व की ऐसी आध्यात्मिक संस्था है जो नारी शक्ति द्वारा संचालित है। उन्होंने बताया कि आज नारी जो ऊंचे पद पर आसीन है-वे ज्यादा कर्मठ और ईमानदार हैं। समाज में



नैतिक मूल्यों की बहुत जरूरत है। हमारा समाज भौतिक सुखों के लिए मूल्य विहीन हो गया है। ब्रह्माकुमारी संस्था इस दिशा में बहुत अच्छा कार्य कर रही हैं। विशिष्ट अतिथि जिला परिषद चेयरपर्सन कवलजीत कौर ने कहा कि हमें अपनी शक्तियों को पहचानना है, अपनी शक्ति को कम नहीं आंकना। आज नारी ने हर क्षेत्र में अपना योगदान दिया है और माउंट एवरेस्ट तक पहुंच गई है। उन्होंने कहा कि मूल्यनिष्ठ समाज के निर्माण में महिलाओं का अतुलनीय योगदान रहा है। इसी बीच प्रोजेक्टर पर फिल्म दिखा कर 1936 में दादा लेखराज की प्रेरणा से शुरू हुई संस्था का विस्तृत परिचय दिया गया।

राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सरोज बहन ने पुरुष स्त्री के संबंधों के अनेक प्रसंगों का जिक्र करते हुए मां की महता का वर्णन किया कि बच्चा मां को कितना फॉलो करता है। जब नारी स्वयं को परिवर्तित करती है, तो पूरा विश्व अपने आप परिवर्तित हो जाता है। उन्होंने कहा कि यदि हम मन को ठीक करेंगे, तो बुद्धि स्वयं ठीक हो जाएगी क्योंकि मन, बुद्धि से ही संस्कार बनते हैं। मन, बुद्धि को परमात्मा से जोड़ लेंगे, तो मूल्यों को आत्मसात करना आसान हो जाएगा। प्रो अनीता दुआ और

ब्रह्माकुमारी डॉ प्रवीण महाजन ने अपने अनुभव को सांझा किया। बी.के पुष्पा बहन ने मेडिटेशन की गहन अनुभूति करवाई। समापन पर बी.के रीना ने नारी शक्ति को महिला दिवस की शुभकामनाएं दी। राजयोगिनी सरोज बहन ने सभी को ईश्वरीय सौगात देकर सम्मानित किया। इस दौरान डॉ सुषमा शर्मा, डॉ निरुपमा भट्टी, डॉ सोनिया, डॉ रेनू शाह, विद्या भारती की प्रांतीय मंत्री राज विज, डॉ अमिता गुप्ता, अध्यापिका रीटा, पूजा, मोनिका, शिल्पा, आशा, रेनू, शिल्पी, अतुल, नरेश, निर्मल, आरती, सुदेश, जरनैल, रंजना, निशा, विमला, माला, गिरिजा आदि मौजूद रहीं।

# विश्व प्रसिद्ध बुर्ज खलीफा फायर वर्क्स स्टाइल से मां भद्रकाली जी के 108 फुट ऊंचे मंदिर शिखर पर होगी आतिशबाजी : सतपाल शर्मा

## मां भद्रकाली शक्तिपीठ में चैत्र नवरात्रों को लेकर हुई मीटिंग में लिया निर्णय

**हरियाणा वाटिका/एकजोत**

**कुरुक्षेत्र, 09 मार्च।** शक्तिपीठ श्री देवीकूप भद्रकाली मंदिर कुरूक्षेत्र में आगामी चैत्र नवरात्रों की तैयारियों को लेकर सेवक मंडल के सदस्यों की विशेष मीटिंग की गई। पीठाध्यक्ष सतपाल शर्मा ने बताया कि इस बार महाशक्ति की महापूजा का महापर्व आनन्द महोत्सव 29 मार्च से प्रारंभ होगा और 13 अप्रैल को समापन होगा। पीठाध्यक्ष ने आगे बताया कि 29 मार्च प्रातः 6 बजे मंगला आरती होगी, 29 मार्च को ही प्रातः 8 बजे कलश पूजन व प्रातः 9 बजे ध्वजारोहण होगा, दोपहर 1 बजे माँ भद्रकाली जी की भव्य शोभायात्रा माँ की पावन पवित्र ज्योति के साथ प्रारंभ होगी और सांय 6 बजे नगर परिक्रमा करके महाआरती के साथ ज्योति प्रतिस्थापना होगी। पीठाध्यक्ष ने बताया कि भजन संध्या 30 मार्च, प्रथम नवरात्र से 4 अप्रैल (सप्तमी) तक प्रतिदिन शाम 4 से 7 बजे होगी। महाआरती प्रतिदिन सांय 7 बजे 505 ज्योतों से होगी।



मंगला आरती प्रतिदिन प्रातः 6 बजे होगी।

उन्होंने बताया कि 30 मार्च प्रथम नवरात्र को माँ के सभी भक्तों को प्रसाद में माँ का विशेष सचित्र स्वर्णिम खजाना प्रातः 7 बजे से रात्रि 7 बजे तक मुख्य पुजारिन शिमला देवी द्वारा मिलेगा। पीठाध्यक्ष ने बताया कि यह सिद्ध खजाना सभी भक्तों के घर परिवार में धन वैभव की वृद्धि करेगा। प्रथम नवरात्र, 30 मार्च को ही हिन्दू नववर्ष व विक्रमी सम्वत 2082 का स्वागत उत्सव हर वर्ष की भांति इस बार भी आतिशबाजी उत्सव विश्व प्रसिद्ध बुर्ज खलीफा फायर वर्क्स स्टाइल से माँ भद्रकाली जी के 108 फुट ऊंचे मंदिर शिखर पर रात्रि 8 बजे होगा। 4 अप्रैल, महासप्तमी को प्रातः 10 बजे मनोकामना पूर्ण हवन यज्ञ होगा। 5 अप्रैल को श्री दुर्गाष्टमी जागरण होगा, जिसमें भगवान श्री राम जी के सुप्रसिद्ध भजन "मेरी झोपड़ी के भाग आज खुल जाएंगे, राम आएंगे" की विश्वविख्यात गायिका "स्वाति मिश्रा मुंबई", साथ ही भाव भक्ति के सुरीले रत्न व सूफियाना म्यूजिक को समर्पित राकेश राणा सहारनपुर माँ भद्रकाली जी का गुणगान, सारी रात करेंगे। राजू प्रिंस दिल्ली अपनी मनोरम झांकियों की प्रस्तुति देंगे। अन्नपूर्णा भंडारा प्रतिदिन प्रातः 10 बजे व दोपहर 12 बजे और व्रत भंडारा दोपहर 12 बजे होगा। शनिवार के दिन भंडारे का आयोजन सारा दिन होगा। छप्पन भोग का प्रसाद 29 मार्च शनिवार और श्री दुर्गाष्टमी पर लगाया जाएगा। मंदिर में हर बार की भांति मनमोहक भव्य पुष्प श्रृंगार होगा। सभी कार्यकताओं ने श्री देवीकूप पर संकल्प लिया और माँ की सेवा, श्रद्धालुओं की सेवा करने का सौभाग्य माँ से आशीर्वाद स्वरूप मांगा। इस मौके पर उपाध्यक्ष डॉ एम के मोदगिल, स्नेहिल शर्मा , देवेंद्र गर्ग, संजीव मित्तल, ऋषि पाल तोमर, आशीष दीक्षित, विजय पुजारा, बलवान, राजकुमार, जीवन मौदगिल, हाकम चौधरी, सुनील झांगड़ा, सागर इत्यादि टीम शक्तिपीठ के सदस्य मौजूद रहे।

## होली मिलन समारोह 14 को रामकुंज में

**हरियाणा वाटिका/मनोज मलिक**

**भिवानी, 09 मार्च।** पूर्व मंत्री संत हृदय रामभजन अग्रवाल की प्रेरणा से 42 वर्षों से आयोजित होली मिलन समारोह का आयोजन 14 मार्च को दोपहर 2:30 बजे से लेकर 5 बजे तक हांसी गेट स्थित श्री रामकुंज सत्संग धाम में किया जाएगा। नन्दकिशोर अग्रवाल, पी.डी. अग्रवाल, नरेश मीनू अग्रवाल, संजय अग्रवाल, उज्ज्वल अग्रवाल आदि ने बताया कि होली मिलन समारोह में शहर के गणमान्य व्यक्ति भाग लेंगे तथा एक दुसरे से मिलकर उनका हालचाल जानेंगे।

## जेसीआई भिवानी डायमंड ने निकाली महिला सुरक्षा एवं स्वावलंबन जागरूकता रैली



**हरियाणा वाटिका/मनोज मलिक**

**भिवानी, 09 मार्च।** जेसीआई डायमंड भिवानी द्वारा स्थानीय पुराना बस स्टैंड स्थित एक नीजि रेस्तरां में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में महिला सशक्तिकरण दिवस मनाया गया। यह जानकारी जेसीआई भिवानी डायमंड के मीडिया कोऑर्डिनेटर एवं युवा समाजसेवी अंशुल लोहिया ने दी। उन्होंने बताया कि महिला दिवस के उपलक्ष्य में हुए कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जागृति माहेश्वरी, संस्कृति जैन व सीमा जैन उपस्थित रही। कार्यक्रम के बाद क्राउन प्लाजा से हांसी गेट, नया बाजार, फूलों वाला चौक, सराय चौपटा, घंटाघर होते हुए नेकीराम पार्क तक महिला सुरक्षा एवं स्वावलंबन जागरूकता रैली भी निकाली गई। इस मौके पर जेसी चेयरपर्सन सलोनी कसेरा ने बताया कि कार्यक्रम निदेशक के रूप में जेसी अंजना लोहिया, जेसी सुरूचि सिंगल, जेसी डोली गर्ग, जेसी शाइन गोयल, जेजे भूमिका वैद, जेसी संगीता वेद, जेसी डा. रुचि अग्रवाल, जेसी पायल सिंगला ने बहुत ही अच्छा काम किया है। मुख्य अतिथि जागृति माहेश्वरी ने कहा कि महिलाओं को अपना आत्मविश्वास बनाए रखना चाहिए व सकारात्मक सोच रखनी चाहिए। उन्हें किसी भी हाल में घबराना नहीं चाहिए। विशिष्ट अतिथि संस्कृति जैन व सीमा जैन ने बताया कि महिलाओं को अपने घर से बाहर निकल के समाज के कामों में आगे आना चाहिए व समाज में अपनी सकारात्मक भूमिका निभानी चाहिए। जेजे चेयरपर्सन सलोनी कसेरा द्वारा मुख्य अतिथियों का विशेष तौर पर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के बाद स्वावलंबन जागरूकता रैली में जेसीआई डायमंड भिवानी के बच्चों की भी बहुत महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## रतिया पुलिस ने लूटपाट का प्रयास करने के मामले में तीसरे आरोपी को किया गिरफ्तार

**हरियाणा वाटिका/नंदकिशोर**

**रतिय, 09 मार्च।** पुलिस अधीक्षक आस्था मोदी, आईपीएस के दिशा निदेर्शानुसार चलाए जा रहे अपराध मुक्त अभियान के तहत गांव रतनगढ़ में एक दुकानदार से मारपीट कर लूटपाट का प्रयास करने के मामले में कार्रवाई करते हुए रतिया पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पकड़े गए युवक की पहचान प्रेम कुमार पुत्र तेजा राम निवासी बरेटा जिला मानसा के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के पास से वारदात में प्रयोग किए गए मोटर साइकिल को बरामद कर लिया है। आरोपी को माननीय अदालत में पेश कर हिसार जेल भेजा गया है। इस मामले में दो युवकों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज चुकी है। थाना शहर रतिया प्रभारी एसआई रणजीत सिंह ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 24 फरवरी को संदीप कुमार निवासी रतनगढ़ की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता केअनुसार जब दुकान पर काम करने वाला सौरभ दुकान पर था तो बाईक पर तीन युवक आए। इनमें से दो युवक दुकान में आए जबकि एक युवक मोटर साइकिल लिए बाहर खड़ा रहा। इन युवकों ने सौरभ को गंडासी दिखाते हुए गल्ले का लॉक खोलने की कोशिश की लेकिन लॉक नहीं खुला।इसके बाद तीन युवक बाईक पर सवार होकर मौके से फरार हो गए। इस मामले में रतिया पुलिस ने केस दर्ज किया और जांच अधिकारी एएसआई प्रताप सिंह ने आरोपियों बारे अहमसुराग जुटाते हुए तीनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।

# मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने उपायुक्त नेहा सिंह व पीओ बलजीत कौर को प्रशंसा पत्र देकर किया सम्मानित

## ईनाम में मिला 1 लाख बच्चों के पालन पोषण पर होगा खर्च ।बच्चों के पोषण में अधिकतम सुधार लाने पर कुरुक्षेत्र प्रदेश में रहा द्वितीय

**हरियाणा वाटिका/एकजोत**

**कुरुक्षेत्र, 09 मार्च।** उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि कुरुक्षेत्र जिला में महिला एवं बाल विकास विभाग की तरफ से 6 वर्ष से कम बच्चों के पालन पोषण में सुधार लाने में सराहनीय कार्य किया है। इस उपलब्धि के चलते कुरुक्षेत्र को प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है। इसके लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी स्वयं प्रशंसा पत्र व एक लाख रुपए की राशि का चैक देकर सम्मानित किया है। इसके लिए महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी बलजीत कौर व उनकी टीम को सरकार व प्रशासन की तरफ बधाई व शुभकामनाएं दी है। अहम पहलु यह है कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गत दिवस पंचकुला में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम में 6 वर्ष से कम आयु के बच्चों की पोषण स्थिति में अधिकतम सुधार लाने के लिए तीन सर्वश्रेष्ठ जिलों को पोषण पुरस्कार से सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में उपायुक्त नेहा सिंह को प्रदेश में द्वितीय स्थान पर आने पर एक लाख रुपए व प्रंशसा प्रत्र देकर सम्मानित किया है। इस सम्मान



समारोह के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी बलजीत कौर भी उपस्थित थी।

इतना ही नहीं पी ओ बलजीत कौर ने यमुनानगर में 3 साल 6 माह में कार्य कर लिगांनुपात में सुधार लाने में अच्छा कार्य किया है। जिसके चलते यमुनानगर को लिंगानुपात में सुधार लाने के लिए प्रथम स्थान के लिए पुरस्कृत किया गया है। उपायुक्त ने कहा कि 0 से 6 वर्ष आयु वर्ग में कुरुक्षेत्र के बाबैन में 4871, लाडवा में 8435, पिहोवा में 13435, शाहबाद में 15115, थानेसर ग्रामीण में 18229 व थानेसर शहरी में 6955 बच्चों सहित कुल 67640 बच्चे है। इन सभी बच्चों की सरकार की निमयानुसार तमाम सुविधाएं मुहैया करवाई जा रही है। इन बच्चों के स्वास्थ्य की जांच, खाने तथा अन्य गतिविधियों पर विशेष फोकस रखकर काम किया जा रहा है। इन बच्चों का बेहतर तरीके से पालन पोषण किया जा रहा है। इन तमाम पहलुओं को जहन में रखकर ही कुरुक्षेत्र को 6 वर्ष से कम आयु वर्ग के बच्चों का पालन पोषण करने पर दूसरे स्थान के लिए पुरस्कृत किया है।

महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी बलजीत कौर ने उपायुक्त नेहा सिंह का सहयोग करने पर आभार व्यक्त करते हुए स्टाफ के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को सराहनीय कार्य करने पर बधाई दी है।

# प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत आवास प्लस 2.0 सर्वे आरम्भ

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**

**नारनौल, 09 मार्च।** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) 2.0 के लिए सर्वे शुरू हो गया है। पीएम आवास योजना को आर्थिक तौर से कमजोर तबके को मकान देने के इरादे से शुरू किया गया था। नए सर्वे में अब कोई भी ग्रामीण परिवार अपने मोबाइल से स्वयं अपने घर का सर्वे कर सकता है और सरकार की इस योजना का लाभ उठा सकता है।

यह जानकारी देते हुए जिला परिषद के सीईओ मनोज कुमार ने बताया कि

पीएम आवास के नए सर्वे का इरादा 2024-25 से 2028-29 तक योजना के पात्र परिवारों को पक्के मकान मुहैया कराना है। खास बात है कि पीएम आवास योजना के लिए मोबाइल ऐप से भी आवेदन किया जा सकता है। इस योजना में ऐसे अनुसूचित जाति-जनजाति के परिवार जिनके पास मकान नहीं है, उन्हें पीएम आवास में वरीयता दी जाएगी।

**ये ऐप करना होगा डाउनलोड**

नारनौल। योजना के लिए सर्वे करने तथा अपनी पहचान के सत्यापन के लिए जरूरी ऐप डाउनलोड करना होगा। सबसे पहले अढ्ढ२स्त्रह्ल४२ 2024 अस्त्रस्त्र (सर्वे करने के लिए) डाउनलोड करें। इसके बाद चेहरे की पहचान के लिए अ॰१ ऋ्रू फऊ अस्त्रस्त्र डाउनलोड करें। इस ऐप को खोलें। ऐप खोलकर "सेल्फ सर्वे" विकल्प चुनें। अपना आधार नंबर डालें और आगे बढ़ें। ई-केवाईसी पूरा करें। अपनी सेल्फी लें और आंख झपकाएं ताकि ई-केवाईसी पूरी हो सके। इसके बाद अपनी लोकेशन चुनें जिसमें राज्य, जिला, तहसील और गांव का चयन करें। इसके बाद लाभार्थी की जानकारी भरें (सभी सदस्यों की जानकारी भरनी है) उस परिवार के मुखिया का आधार नंबर डालें जिसका सर्वे करना है। सभी जरूरी जानकारी सही-सही भरें और सबमिट करें। लाभार्थी और मकान की फोटो लें। लाभार्थी की आखिरी सेल्फी लें। मकान की दो तस्वीरें लें, जहां वह अभी रह रहा है। जहां नया मकान बनना है। बैंक खाता विवरण भरें। लाभार्थी का बैंक खाता नंबर भरें।

इसमें नरेगा जॉब कार्ड अनिवार्य है। अगर नहीं है, तो पहले बनवा लें।उन्होंने बताया कि एक मोबाइल से केवल एक ही सर्वे किया जा सकता है। सभी जानकारी सही-सही भरें, ताकि भविष्य में कोई समस्या न आए।

इस बारे में अधिक जानकारी के लिए ग्राम सचिव, खण्ड विकास अधिकारी व मुख्य कार्यकारी अधिकारी , जिला परिषद तथा जिला ग्रामीण विकास एजेंसी कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

**ये होंगे पात्र**

जिनके मकान कच्चे हैं, टूटे हुए हैं, दरारें आई हुई हैं, खुद का पक्का घर नहीं है, जर्जर हालत में हैं या जो वास्तव में आवास योजना के लिए जरूरतमंद हैं। उन सभी परिवारों का सर्वे करें ताकि वे इस योजना का लाभ उठा सकें।

सर्वे के बाद क्या होगा?

- आपका सर्वे ऑनलाइन सर्वेयर को भेजा जाएगा।
-गाँव के लिए नियुक्त सरकारी सर्वेयर आपके घर का निरीक्षण करेगा।
- सत्यापन पूरा होने के बाद आवास योजना का लाभ दिया जाएगा।

# लिंगानुपात सुधार में करनाल जिला बना प्रदेश का सिरमौर

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अतिरिक्त उपायुक्त यश जालुका को ढाई लाख रुपये की राशि का चेक व प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

**हरियाणा वाटिका/प्रवीण वालिया**
**करनाल, 09 मार्च।** बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान प्रदेश में जन आंदोलन का रूप ले चुका है। जिसके चलते लिंगानुपात सुधार में करनाल जिला में 1 हजार लडकों की तुलना में 926 का आंकड़ा पार कर गया है और करनाल जिला प्रदेश का सिरमौर बन गया है। इस उपलब्धि के लिए अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पंचकूला में गत दिवस आयोजित राज्य स्तरीय महिला सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने करनाल जिला प्रशासन की ओर से अतिरिक्त उपायुक्त यश जालुका और महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी सीमा प्रसाद को लिंगानुपात सुधार में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर 2 लाख 50 हजार रुपए की राशि का चेक और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया, जोकि, करनाल जिलावासियों के लिए गर्व की बात है। बता दें कि वर्ष 2014 में जिला में लिंगानुपात 886 था, वर्ष 2018 में यह अनुपात बढकर 934 हुआ, वर्ष 2023 में लिंगानुपात 908 हो गया जो कि वर्ष 2022 के लिंगानुपात से 5 पाइंट ज्यादा था। गत वर्ष 2024 में लिंगानुपात सुधार होकर 926 का आंकड़ा पार कर गया, जोकि वर्ष 2014 की तुलना में 40 पाइंट ज्यादा है। कन्या भ्रूण हत्या जैसी सामाजिक बुराई को रोकने तथा लिंगानुपात की स्थिति में सुधार लाने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से सरकार द्वारा प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, आपकी बेटी-हमारी बेटी जैसी महत्वपूर्ण योजनाएं चलाई जा रही हैं और इन योजनाओं का महिलाओं को लाभ उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि भ्रूण हत्या को रोकने के लिए पीसीपीएनडीटी अधिनियम के तहत निगरानी रखी जाती है, इसके साथ ही बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के तहत बेटियों और बेटों में भेदभाव न हो, इसको लेकर लगातार जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। उपायुक्त उत्तम सिंह के कुशल मार्गदर्शन और महिला एवं बाल विकास विभाग के टीमवर्क के चलते करनाल जिला इस उपलब्धि को हासिल करने में सफल हुआ है। मुख्यमंत्री ने करनाल जिला की 81 वर्षीय शांता रंगा को सुषमा स्वराज पुरस्कार से किया सम्मानितअंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पंचकूला में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने महिला उत्थान के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने के लिए करनाल जिला की 81 वर्षीय शांता रंगा को सुषमा स्वराज पुरस्कार के तहत 5 लाख रुपये राशि का चेक व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

## डॉ धीरज कौशिक ने हरियाणा भारतीय संस्कृति की जन्मस्थली एवं हरियाणा इतिहास की उपेक्षा पर शोध पत्र किया प्रस्तुत



**हरियाणा वाटिका/एकजोत**
**कुरुक्षेत्र, 09 मार्च।** भारतीय इतिहास संकलन समिति हरियाणा के सचिव एवं भगवान परशुराम कॉलेज कुरुक्षेत्र के आचार्य डॉ धीरज कौशिक ने अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना के दो दिवसीय नवम युवा इतिहासकार राष्ट्रीय संगोष्ठी, जनार्दन राय विश्वविद्यालय उदयपुर में हरियाणा भारतीय संस्कृति की जन्मस्थली एवं हरियाणा इतिहास की उपेक्षा पर शोध पत्र प्रस्तुत किया। उन्होंने अपने शोध पत्र में कहा कि हरियाणा प्रदेश का भारतीय इतिहास में अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। किसी भी प्रदेश की महानता उसके भौगोलिक आकार पर नहीं अपितु इस बात पर निर्भर करती है कि उस प्रदेश का राष्ट्रीय जीवन में कितना योगदान है। भारतीय संस्कृति और सभ्यता के विकास में इस प्रदेश ने अमूल्य योगदान दिया है। आदि सरस्वती के तटों पर ही वैदिक साहित्य के सृजन से भारतीय संस्कृति के प्रथम अंकुर प्रस्फुटित हुए। यहां के ब्रह्म ज्ञानियों के प्रयत्नों से यह संस्कृति फली- फली और विकास की तरफ अग्रसर हुई। यहां के प्रतापी भरत, पुरु और कुरू जनों ने इस संस्कृति के अमर संदेश को दूर-दूर तक फैलाया। मध्यकाल में हांसी, पानीपत, नारनौल तथा थानेसर बौद्धिक साहित्य केंद्र के रूप में विकसित हुए। फारसी के साथ-साथ यहां प्राकृत, संस्कृत, हिंदी और उर्दू में भी निरंतर साहित्य सृजन होता रहा। एक लंबे समय तक राष्ट्रीय जीवन के विभिन्न पहलुओं में यह प्रदेश अपने सामर्थ्य से कहीं अधिक योगदान देता आ रहा है। किंतु वर्तमान समय में विद्वानों के द्वारा विश्वविद्यालय स्तर पर हरियाणा के इतिहास एवं संस्कृति पर लेखन कार्य को रोक सा दिया गया है। वर्तमान समय में सेकुलर वादी लेखकों तथा एक वर्ग विशेष के इतिहासकारों के द्वारा हरियाणा के अकाट्य प्रमाणों की उपेक्षा की जाती रही है। उन्होंने आगे कहा कि देश की सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं के द्वारा हरियाणा के इतिहासकारों को शोध परियोजनाओं का अभाव तथा ग्रांट देने में कोताही की जाती रही है। देश के विभिन्न राज्यों में विश्वविद्यालय के अंदर क्षेत्रीय केंद्रों की स्थापना की गई है जबकि हरियाणा के किसी भी विश्वविद्यालय में क्षेत्रीय केंद्रों का अभाव देखने को मिलता है। वर्तमान समय में युवा इतिहासकारों का दायित्व बनता है कि वह हरियाणा प्रदेश के इतिहास लेखन पर पुनर्विचार करें, उसमें उन घटनाओं का समावेश किया जाए जिनको इतिहासकारों के द्वारा छोड़ दिया गया था।

## यमुना नदी में अवैध खनन करने वालों पर कार्रवाई जारी: उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**
**सोनीपत, 09 मार्च।** उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि जिला में होने वाले किसी भी प्रकार के अवैध खनन के विरूद्ध कार्यवाही लगातार जारी रहेगी। जिला प्रशासन द्वारा अवैध खनन के विरूद्ध दिन-रात कार्यवाही की जा रही है। रात के अंधेरे में रेत का अवैध रूप से खनन करने वाले ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया गया है। पकड़े गए ट्रैक्टर-ट्रॉली को पुलिस थाना मुरथल में सीज करके खड़ा किया गया है। पकड़े गए ट्रैक्टर-ट्रॉली मालिक/चालक के विरूद्ध आवश्यक कानूनी कार्यवाही की जाएगी।
उपायुक्त ने बताया कि यमुना नदी से सटे गांव मेहन्दीपुर, गढ़ मीरकपुर व झुण्डपुर आदि गांव के कुछ शरारती व्यक्तियों द्वारा रात के अंधेरे में मौका पाकर यमुना नदी से रेत चोरी की प्राप्त शिकायतों को लेकर खनन विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा यमुना नदी के घाटों का निरंतर मुआयना किया जा रहा है। यमुना नदी से रेत चोरी करने वाले व्यक्तियों पर प्रशासन द्वारा विशेष निगरानी रखी जा रही है तथा अवैध खनन से जुड़े ट्रैक्टर ट्रॉली व अन्य वाहनों को समय-समय पर पकड़ कर जुमार्ना लगाया जा रहा है तथा मुकदमें भी दर्ज किए जा रहे हैं। नदी से अवैध रेत चोरी करने वाले के खिलाफ कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पद्मश्री साहित्यकार डॉ. संतराम देशवाल को किया सम्मानित

**हरियाणा वाटिका/ब्यूरो**
**सोनीपत, 09 मार्च।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी से आज उनके चंडीगढ़ निवास संत कबीर कुटीर पर पद्मश्री से सम्मानित साहित्यकार डॉ संतराम देशवाल से सपरिवार मुलाकात की।
इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने डॉ संतराम देशवाल को शॉल एवं स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया और पद्मश्री सम्मान प्राप्त करने के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस दौरान मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी श्रीमती सुमन सैनी ने भी पद्मश्री सम्मान के लिए बधाई दी।
उल्लेखनीय है कि डॉ संतराम देशवाल हरियाणवी लोक साहित्य के साथ-साथ हिन्दी साहित्य के भी प्रतिष्ठित वि?द्वान हैं। उनकी पहचान हरियाणा की लोकभाषा, लोक संस्कृति एवं लोक साहित्य के संरक्षक के रूप में प्रतिष्ठापित हो चुकी है। देशवाल जी का जीवन और कृतित्व हरियाणवी लोक संस्कृति, लोक साहित्य, हिंदी साहित्य, शिक्षा, पत्रकारिता, संपादन, शोधकार्य, शोध-निर्देशन और समाज-सेवा के प्रति समर्पित रहा है।

## डीएलएसए ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर मातृ शक्ति को किया सम्मानित

**हरियाणा वाटिका/मनोज मलिक**
**भिवानी, 09 मार्च।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भिवानी द्वारा एडीआर सेंटर के सभागार और गांव झरवाई में विशेष कार्यक्रम आयोजित किये। एडीआर सेंटर के सभागार में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश देशराज चालिया ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।
कार्यक्रम में महिलाओं के उत्थान, सशक्तिकरण और उनके अधिकारों पर विस्तार से चर्चा की गई। मुख्य अतिथि ने जिला न्यायालय के कामों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम में कानूनी सहायता, महिला अधिकारों और लैंगिक समानता जैसे विषयों पर चर्चा की गई, जिससे महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक किया जा सके। इस अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश देशराज चालिया ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस केवल एक दिन नहीं, बल्कि महिलाओं के योगदान को सम्मान देने का एक अवसर है। उन्होंने कहा कि हर साल महिला दिवस पर एक विशेष थीम निर्धारित की जाती है, जो महिलाओं के अधिकारों और सशक्तिकरण के लिए प्रेरणा का काम करती है। उन्होंने कहा कि आज भी समाज में महिलाओं को कई प्रकार की चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि महिलाएं अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हों और उन्हें कानूनी सहायता सुलभ रूप से उपलब्ध हो। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सीजेएम कम सचिव पवन कुमार ने ग्राम पंचायत झरवाई में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। ग्राम झरवाई सरपंच कमला देवी व ग्रामीणों द्वारा मुख्य अतिथि का जोरदार स्वागत किया गया।महिला सम्मान समारोह में सीजेएम ने कहा कि "महिला सशक्तिकरण केवल शब्दों तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि इसे व्यवहारिक रूप से अपनाना होगा। हमें महिलाओं की भागीदारी को हर क्षेत्र में बढ़ावा देना होगा, जिससे वे आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बन सकें।"
कार्यक्रम में प्राधिकरण के सचिव कम सीजेएम पवन कुमार ने कहा कि समाज के विकास में महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने महिलाओं को उनके अधिकारों और कानूनी सहायता के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि सरकार एवं न्यायपालिका महिलाओं की सुरक्षा और न्याय की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रयासरत हैं।

# सुबह-सुबह विधायक जगमोहन आनंद ने आमजन के साथ की चाय पर चर्चा, किया समस्याओं का समाधान

## विधायक ने सुबह-सुबह सुनी शिकायतें

**हरियाणा वाटिका/प्रवीण वालिया**
**करनाल, 09 मार्च।** नगर निगम चुनावों के बाद करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने इस रविवार को फिर से आमजन के साथ चाय पर चर्चा की। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग उनसे मिलने के लिए जुटे और अपनी समस्याओं को भी उनके समक्ष रखा। विधायक ने तत्काल उनकी समस्याओं का समाधान किया। उन्होंने कहा कि करनाल की जनता उनका परिवार है और उनसे जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर करवाना उनका दायित्व है।
चाय पर चर्चा कार्यक्रम की शुरूआत भजन के साथ हुई। इसके उपरांत विधायक जगमोहन आनंद ने आमजन की समस्याएं सुनी और मौके पर ही उनका समाधान किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि करनाल की जनता ने उन्हें भारी बहुमत से जीत दिलाकर हरियाणा विधानसभा तक पहुंचाया है।
मैं जनता का सेवक हूं और उनका प्रतिनिधि बनकर उनके हकों की आवाज हरियाणा विधानसभा में उठाउंगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आज भी करनाल की जनता से विशेष लगाव है। मैं उनके प्रतिनिधि के तौर पर कार्य कर रहा हूं। करनाल की जनता से जुड़ी जरुरी मांगों को तत्काल पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल भी अपने दौरे के साथ निरंतर करनाल शहर को कोई न कोई योजना की सौगात देकर जाते हैं। शहर में तेज गति से विकास कार्य जारी हैं।
**कम मतदान प्रतिशत पर मुख्यमंत्री को सौंपेंगे रिपोर्ट:**
करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि नगर निगम चुनाव में मतदान प्रतिशत कम रहा। लोगों ने कम वोट डाले। ऐसे में मुख्यमंत्री ने उनसे मतदान प्रतिशत कम रहने के कारणों को पूछा है। जल्द इस संबंध में रिपोर्ट तैयार करके मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी को सौंपी जाएगी।
**6 महीने तक विपक्ष का नेता नहीं चुन पाई कांग्रेस:**
विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि कांग्रेस पार्टी समाप्ति की ओर है। इस पार्टी में कोई कार्यकर्ता रहने वाला नहीं है। हरियाणा विधानसभा का बजट सत्र शुरू हो गया है लेकिन अभी तक विपक्ष का नेता नहीं चुना गया है। उनके नेताओं की बॉडी लैंगवेज हताशा वाली है। उनकी कोई लीडरशिप नहीं है। हाईकमान खत्म हो चुकी है। उनके सभी नेताओं की अलग-अलग कांग्रेस है। कांग्रेस में गुटबाजी चरम पर है।

# पर्यावरण संरक्षण की दिशा में हरियाणा मानवाधिकार आयोग का बड़ा कदम

## ग्रमीन शमशानों के तहत लकड़ी आधारित दाह संस्कार को गौकाष्ठ के उपयोग से बदलने की

**हरियाणा वाटिका/मनोज मलिक**
**भिवानी, 09 मार्च।** बढ़ता पर्यावरण प्रदूषण आज विकट समस्या बनती जा रही है, जिसका प्रमुख कारण प्रकृति का अत्याधिक दोहन है। ऐसे में बढ़ते पर्यावरण प्रदूषण को रोकने के लिए तेजी व गंभीरता से कदम उठाने होंगे। इसी कड़ी में हरियाणा मानवाधिकार आयोग ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए पूरे प्रदेश में ग्रीन शमशानों के विस्तार को समर्थन दिया है। जिसके तहत पारंपरिक लकड़ी आधारित दाह संस्कार को गौकाष्ठ (गोबर के डंडे) के उपयोग से बदलना है, जिससे पर्यावरण को सुरक्षित रखा जा सकें। यह पहल सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी सुनील के. गुलाटी द्वारा प्रस्तुत की गई। जिसका उद्देश्य सिरसा जिला के विभिन्न गांवों में पहले ही ग्रीन शमशानों को सफलतापूर्वक लागू किया जा चुका है। आयोग के



अध्यक्ष सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति ललित बत्रा, सदस्य कुलदीप जैन और दीप भाटिया ने अपने आदशों में इस पहल के लिए प्राधिकरण निधि के उपयोग की कानूनी वैधता को दर्ज किया। योजना का समर्थन हरियाणा के अतिरिक्त मुख्य सचिव पर्यावरण, वन एवं वन्यजीव विभाग आनंद मोहन शरण आईएएस ने भी किया, जिन्होंने इसके क्रियान्वयन पर कोई आपत्ति नहीं जताई।
इस बारे में जानकारी देते हुए हरियाणा सरकार के पूर्व स्पेशल मुख्य सचिव सुनील गुलाटी आईएएस ने बताया कि इस मुहिम का उद्देश्य लकड़ी पर निर्भरता कम करने में मदद करना, वैकल्पिक ऊर्जा स्त्रोतों की उपलब्धता से वन आश्रितों समुदायों की आर्थिक स्थिति में सुधार, जंगलों को संरक्षित करने और स्थायी संसाधन उपयोग को बढ़ावा देने में सहायता है।
उन्होंने बताया कि वन अनुसंधान संस्थान देहरादून द्वारा किए गए अध्ययन से पुष्टि हुई है कि इस विधि से केवल 60 किलोग्राम गौकाष्ठ की आवश्यकता होती है, जबकि पारंपरिक दाह संस्कार में 500 से 600 किलोग्राम लकड़ी लगती है। यह विधि कम लागत वाली धुआ रहित और प्रतिकूल मौसम में प्रभावी है। प्राधिकरण के अनुसार यह निधि वन संरक्षण और संसाधन बचत उपकरणों को बढ़ावा देने के लिए लिए उपयोग की जा सकती है।
हरियाणा सरकार के पूर्व स्पेशल मुख्य सचिव सुनील गुलाटी आईएएस ने कहा कि यह पहल ना केवल मानव दाह संस्कार के लिए बल्कि पशुओं, पालतू जानवरों और गौवंश के लिए भी उपयुक्त होगी। चूंकि कोई अतिरिक्त भूमि अधिग्रहण की आवश्यकता नहीं है। इसीलिए ग्रीन शमशान मौजूदा शमशान स्थलों पर ही स्थापित किए जा सकते है। इस परियोजना के लिए विकास एवं पंचायत विभाग ने पहले ही एक परियोजना अनुमान तैयार कर लिया है। जिसे संबंधित अधिकारियों के पास समीक्षा के लिए भेज दिया गया है। एचएचआरसी ने विभिन्न सरकारी निकायों जैसे शहरी स्थानीय निकाय, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और गौसेवा आयोग को निर्देश दिया है कि वे इस परियोजना को सफल क्रियान्वयन के लिए समन्वय स्थापित करें। साथ ही सरकार एक जागरूकता अभियान भी शुरू करेगी, ताकि लोग ग्रीन शमशानों को अपनाने के लिए प्रेरित हो सकें।

# भारत को विकसित करने का सपना 2047 से पहले ही पूरा हो जाएगा: राज्यपाल डॉ जनरल वीके सिंह

## मिजोरम के राज्यपाल डॉ जनरल वीके सिंह ने आज बापोड़ा वासियों को दी पार्क की सौगात

**हरियाणा वाटिका/मनोज मलिक**
**भिवानी, 09 मार्च।** मिजोरम के राज्यपाल डॉ जनरल वीके सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश की सीमाएं सुरक्षित है। भारत को विकसित करने का सपना 2047 से पहले ही पूरा हो जाएगा। इसके लिए हम सब को एक साथ मिलकर पूरा करना होगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार प्रत्येक गांव व शहर के विकास की और अग्रसर है। वहीं राज्यपाल डां वीके सिंह ने कहा कि मेरा आज भी मेरे गांव के साथ एक अटूट रिश्ता है। उन्होंने सभी व्यक्तियों से भेंट की और उनका धन्यवाद भी किया।
मिजोरम के राज्यपाल डॉ जनरल वीके सिंह ने आज बापोड़ा वासियों को सौगात दी। इस दौरान राज्यपाल जनरल वीके सिंह दिल्ली से भिवानी ( बापोड़ा) गांव में आए। जहां ग्रामिणो ने राज्यपाल जनरल डां वीके सिंह का गांव में पहुंचने पर फूल मालाओं एवं पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। श्री वीके सिंह आज अपने पैतृक गांव में बने सावित्री देवी पार्क का उद्घाटन और महाराणा प्रताप की प्रतिमा का अनावरण किया।इसके अलावा उन्होंने पार्क का भी निरीक्षण किया।
राज्यपाल जनरल डां वीके सिंह ने आज बापोड़ा निवासी एनआरआई मामराज सिंह के द्वारा अपनी मां की याद में बनवाए गए पार्क का उद्घाटन किया और ग्रामीणों को समर्पित किया। उन्होंने कहा अब पार्क की देखभाल और साफ सफाई करना आप सभी का दायित्व बनता है। उन्होंने कहा कि हमारा यह दायित्व बनता है कि हमें अपने बच्चों की शिक्षा, देखभाल पर अवश्य ध्यान देना चाहिए वहीं बच्चे हमारे विकसित भारत के निर्माण में अपना अहम योगदान देंगे।
उन्होंने महाराणा प्रताप की प्रतिमा के अनावरण पर कहा है कि हमने आज यहां एक ऐसे देशभक्त की प्रतिमा लगाई है जिसमें त्याग, एवं देशभक्ति की भावना भरी हुई थी। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप ने हमारे सनातन धर्म को जीवित रखने का कार्य किया था। ये प्रतिमा हम सब को एकजुट होने की प्रेरणा देती है।
**सांसद धर्मवीर सिंह ने भी अपने संबोधन में कहा कि मेरा भी बापोड़ा गांव से पुराना नाता है ।**
उन्होंने कहा कि गांव बापोड़ा में एक ऐसी महान विभूति पैदा हुई है जिसने पहले जनरल रहते हुए देश की रक्षा की।
उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश सुरक्षित हाथों में है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारे देश के किसान मजदूर व सैनिक खुशहाल है। उन्होंने कहा कि किसान अन्न पैदा करके देश का पेट भरता है और सैनिक सिमाओं पर खड़ा होकर देश की रक्षा करता है। उन्होंने आगे कहा कि हर नागरिक को यह प्रण लेना चाहिए कि ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाए और अपने आसपास के वातावरण को शुद्ध रखें।
इस दौरान विधायक योगेन्द्र राणा, पूर्व विधायक शशि रंजन परमार, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष ठाकुर विक्रम सिंह,भाजपा जिलाध्यक्ष मुकेश गोड़, राजपूत महासभा, अतिरिक्त उपायुक्त डॉ मुनिष नागपाल, एसडीएम महेश कुमार, सहित विभिन्न ग्रामीण मौजूद रहे।

## श्री श्याम फागुन महोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित भव्य संकीर्तन में झूमें श्रद्धालु, खूब जमकर बरसा श्याम रंग



**हरियाणा वाटिका/नंदकिशोर**
**रतिय, 09 मार्च।** श्री श्याम युवा मित्र मंडल द्वारा श्री लखदातार श्याम परिवार सोसाइटी व श्री बांके बिहारी महिला मंडल के संयुक्त तत्वाधान में "श्री श्याम फागुन महोत्सव" के उपलक्ष्य में भव्य संकीर्तन का आयोजन अनाज मंडी स्थित शिव मंदिर प्रांगण में शुक्रवार रात्रि को किया गया। 9वें दिन के संकीर्तन का शुभारंभ लखदातार परिवार के वरिष्ठ सदस्य हर्ष गोयल ने दीप प्रज्वलित करके किया। दीप प्रज्वलित की रस्म अदा होने के बाद भजन गायक अनमोल सरदाना ने श्री गणेश वंदना से संकीर्तन की शुरूआत की। रतिया की भजन गायिका उर्मिला सोनी ने ' कीर्तन की है रात बाबा आज थाने आणो है..', ' खाटू के बाबा श्याम जी मेरी रखोगे लाज..', 'जलती रहे खाटू वाले तेरी ज्योत..', 'भर दे रे श्याम झोली भर दे...' आदि भजनों के माध्यम से शहर में खाटू धाम जैसा माहौल बना दिया। मंडल की ओर से मंदिर परिसर को रंग-बिरंगे फूलों व लाइटों से सजाया गया। रात्रि 10.00 बजे आरती व प्रसाद वितरण के साथ बड़े हर्षोल्लास भरे माहौल में संकीर्तन का समापन हुआ। भजन गायिका उर्मिला सोनी को मंडल की ओर से स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। अंत में मंडलाध्यक्ष जतिन गर्ग ने अपने द्वारा लिखित भजन के माध्यम से सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने 10 मार्च ग्यारस की रात्रि को लखदातार परिवार के वरिष्ठ सदस्य आशु गर्ग की तरफ से होने वाले भव्य संकीर्तन में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचने का निमंत्रण दिया। उन्होंने कहा कि इस दिन फूलों की होली भी खेली जाएगी। इस मौके पर श्री श्याम युवा मित्र मंडल,लखदातार श्याम परिवार व श्री बांके बिहारी महिला मंडल के तमाम सदस्यों सहित सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

## जय मां भ्रामरी महादेवी लंगर कमेटी द्वारा बनभौरी धाम के लिए दूसरी पैदल ध्वजा यात्रा रवाना



**हरियाणा वाटिका/नंदकिशोर**
**रतिय, 09 मार्च।** मां बनभौरी देवी शक्तिपीठ के लिए जय मां भ्रामरी देवी लंगर कमेटी रतिया द्वारा बनभौरी धाम के लिए दूसरी पैदल ध्वजा यात्रा का जत्था प्रधान गुलाब शर्मा की अगुवाई में शनिवार रात को पुरानी गौशाला रतिया से रवाना हुआ। जानकारी देते जय माँ भ्रामरी देवी लंगर कमेटी ट्रस्ट के प्रधान गुलाब शर्मा ने बताया कि जय मां भ्रामरी महादेवी लंगर कमेटी द्वारा बनभौरी धाम के लिए दूसरी पैदल ध्वजा यात्रा पुरानी गौशाला से माता रानी के जयकारों के साथ रवाना हुई जो कि 9 मार्च रविवार को माता रानी के चरणों मे ध्वज अर्पित करेंगे। उन्होंने आगे जानकारी देते हुए कहा कि वह साल में दो बार हर नवरात्रों पर उनकी कमेटी द्वारा मां बनभौरी शक्तिपीठ में लंगर लगाया जाता है जो दिन रात 24 घंटे चलता है उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि बरवाला से 7 किलोमीटर दूर बनभौरी धाम की सड़क पर पेट्रोल पंप के पास यह लंगर पिछले लगभग 8 वर्षों से साल में दो वार नवरात्रो में लगाया जा रहा हैं । जिसमें खाने पीने रहने सोने आदि का सभी प्रबंध ट्रस्ट द्वारा किया जाता है। इस बार कमेटी द्वारा बनभौरी धाम के लिए पहली पैदल ध्वजा यात्रा शुरू की गयी है जो कि निरंतर महामाई की इच्छा तक जारी रहेगी। उन्होंने कहा की मां भ्रामरी देवी शक्तिपीठ मां दुर्गा का ही स्वरुप है यहां पर लाखों की संख्या में हरियाणा पंजाब दिल्ली राजस्थान से श्रद्धालु आते हैं और माता के आगे नतमस्तक होते हैं और अपनी मन्नते मांगते हैं जिसे माता रानी अवश्य पूरा करती है।इस अवसर पर ट्रस्ट के चैयरमैन राकेश गर्ग,प्रधान गुलाब शर्मा,जीत सैनी, केशियर अजय शर्मा,,काका सैनी, सचिव सुनील सैनी,दर्शन,बलजीत,साहिब, आदि ट्रस्ट के सभी सदस्य मौजूद थे।

## भारतीय कला संस्कृति का विश्व में बज रहा है डंका- संजीव कुमार

**हरियाणा वाटिका/मनोज मलिक**
**भिवानी, 09 मार्च।** जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी संजीव कुमार ने कहा कि भारतीय कला एवं संस्कृति का विश्व में डंका बज रहा है। संजीव कुमार ने कहा कि युवाओं को अध्यात्म और कला एवं संस्कृति का संगम प्रेरित कर रही है। भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय व जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में शनिवार सायं स्थानीय हुड्डा पार्क में जिला में चार दिवसीय सप्तरंग रंगारंग सास्कृतिक कार्यक्रम सम्पन्न हो गया है।
उन्होंने कहा कि भारतीय कला संस्कृति हमारी अति प्राचीनतम धरोहर है। इस अनूठी कला एवं संस्कृति को संजोग कर रखना हमारे लिए गौरव की बात है। डीआईपीआरओ ने युवाओं से आह्वान करते हुए कहा कि वे भारतीय संस्कृति से प्राचीनतम संस्कारों को आत्मसात कर ग्रहण करें। उन्होंने कहा कि प्राचीन काल में विश्व के युवा अध्यात्म और संस्कृति की शिक्षा लेने के लिए भारत में आया करते थे। भारतीय प्राचीनतम सभ्यता, संस्कृति और अध्यात्म की शिक्षा के लिए नालंदा और तक्षशिला जैसे विश्वविद्यालय युवाओं को शिक्षा देते थे। बता दें कि भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के उत्तर मध्य क्षेत्र संस्कृति केंद्र प्रयागराज व जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में जिला के बवानी खेड़ा, सिवानी, लोहारू व भिवानी में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का शनिवार सायं समापन हुआ। सप्तरंग रंगारंग सास्कृतिक कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश ,राजस्थान, छत्तीसगढ़,असम, हरियाणा सहित सभी प्रदेशों के कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक बेहतरीन प्रस्तुति दी गई। सप्तरंग कार्यक्रम में राजस्थान के बाराबंकी के कलाकारों ने चाकरी और घूमर नृत्य और पौड़ी गढ़वाल उत्तराखंड से आए कलाकारों ने चौमासा नृत्य प्रस्तुत किया । वहीं असम के कलाकारों ने बिहू नृत्य, सागर के कलाकारों ने बढ़ाई नृत्य तथा छत्तीसगढ़ के कलाकारों ने सुआ नृत्य प्रस्तुत किया। मोहित और उसकी टीम ने काली स्वांग प्रस्तुत किया। शुभारंभ अवसर पर हरियाणवी रागनी कलाकार दीपा चौधरी और बाली शर्मा की टीमों द्वारा दी गई प्रस्तुतियां दर्शकों का मनोरंजन के जरिये मन मोहक बनी।
इस अवसर पर एआईपीआरओ संजय कुमार, संस्कृति मंत्रालय के शैलेन्द्र कुमार, मधुकातं मिश्रा, सुन्दर सिंह सहित शहर के कई गणमान्य नागरिक व दर्शक उपस्थित रहे।

## दयाल सिंह कॉलेज में गूंजे काव्य के सुर, देशभर के कवियों ने बांधा समां

**करनाल। अंतरराष्ट्रीय महिला** दिवस के उपलक्ष्य में दयाल सिंह कॉलेज द्वारा हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी (उर्दू प्रकोष्ठ) के सहयोग से एक भव्य कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर देशभर से पधारे ख्याति प्राप्त कवियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस आयोजन ने कविता की शक्ति, उसकी सामाजिक प्रासंगिकता एवं साहित्य की प्रभावशीलता को नए आयाम दिए।



# गजब का है यह पेपर आर्ट पेपर क्विलिंग



मॉस्को की 34 साल की यूलिया ब्रोद्सकाया ने पेपर और गोंद की मदद से इन अचंभित कर देने वाली रंगीन रचनाओं को उकेरा है। इन्हें देख कर ऐसा लगता है कि ये तस्वीरें बोलती हैं। यूलिया को पेपर से बनाई जाने वाली ड्रॉइंग के साथ उनमें जान डाल देने वाले कलाकार के तौर पर भी जाना जाता है। इसे थ्रीडी ड्रॉइंग का नाम दिया जाए तो गलत नहीं होगा। यूलिया तीन स्टेप्स को फॉलो कर इन चित्रों को जीवंत रूप देती हैं। पहला स्टेप है पेपर काटना, दूसरा है फोल्ड करना और तीसरा है गोंद की मदद से फोल्ड किए हुए पेपर को किसी सतह पर चिपका एक नया रूप देना। इस आर्ट को पेपर क्विलिंग कहा जाता है।

## अठारहवीं सदी में हुई थी पेपर क्विलिंग की शुरुआत

तुम्हें बता दें कि इस कला की शुरुआत अठारहवीं सदी में ही हो गई थी। दरअसल नन और भिक्षुओं द्वारा किताबों के कवर को सुंदर बनाने के लिए पेपर की सहायता से यही कलाकारी की जाती थी। तभी से यह कला प्रचलित हो गई।

## यहां से मिली इस कला की प्रेरणा

यूलिया को इस कलाकारी का आइडिया तब आया, जब दस साल पहले उन्हें एक ब्रोशर में अपने नाम को अलग तरीके से लिखना था, कुछ ऐसा, जो उसकी कलाकारी को दर्शाता हो। कई वर्षों बाद उन्हें स्कूल के समय के दिनों में बनाए गए एक प्रोजेक्ट की याद आई, जिसमें उन्होंने पेपर क्विलिंग का इस्तेमाल किया था। बस फिर क्या था, उन्होंने उसी तरीके का इस्तेमाल कर ब्रोशर तैयार किया, जो लोगों को काफी पसंद आया। तभी से उन्होंने इस तकनीक का इस्तेमाल कर अलग प्रकार के चित्र बनाने शुरू किए।



# रंग बदलने में माहिर हैं ये जीव

दोस्तों, रंग बदलने वाले जीव-जंतु सबका ध्यान अपनी ओर खींचते हैं। ये ऐसा क्यों और कैसे करते हैं, तुम्हें इस बार बता रहे हैं। गिरगिट के अलावा भी ऐसे बहुत से जीव हैं, जो रंग बदलने में माहिर हैं। इन जीवों में फ्लाउंडर, मिमिक ऑक्टोपस, पीकॉक फ्लाउंडर, टोन स्पाइडर, ट्री फ्रॉग, गोल्डन टॉरटॉइज बीटल और स्कविड प्रजाति की कई मछलियां हैं। रंग बदलने की क्षमता को उनकी बड़ी ताकत के रूप में देखा जाता है। इन रंगों के बल पर ये जीव खुद को छिपाने में कामयाब रहते हैं, तो वहीं शिकारी से अपनी रक्षा भी करते हैं।

## ट्री फ्रॉग



इन्हें लॉफिंग ट्री फ्रॉग के नाम से भी जाना जाता है। जितने ये अपनी आवाज के लिए जाने जाते हैं, उतनी ही फुर्ती से अपने रंग बदलने के लिए भी। ये मेंढक भूरे, कत्थई और सफेद रंग बदलने में माहिर होते हैं। ये पीले व काले पैर और एमरेल्ड कलर के निशानों के साथ भी नजर आते हैं।

## फ्लाउंडर



यह मछली पहली नजर में सपाट आकार की साधारण सी मछली नजर आती है, लेकिन इसमें अपने आसपास की चीजों के अनुसार अपना रंग बदलने की अद्‌भुत क्षमता है। इनकी ताकत बढ़ाने में इनकी आंखें भी बहुत मददगार हैं। इस प्रजाति की मछलियां वयस्क होने पर अपनी आंखें दाईं या बाईं ओर घुमा सकती हैं। इससे जमीन की सतह के साथ तैरने में इन्हें आसानी होती है। ये मछलियां समुद्र के सबसे गहरे इलाके मरियाना ट्रेंच में भी पाई गई हैं, जो कि लगभग 35,000 फीट की गहराई में है।

## टोन स्पाइडर

गोल्डनरॉड क्रेब स्पाइडर सिर्फ दो रंग बदल सकता है- एक सफेद और दूसरा पीला, लेकिन अच्छी बात यह है कि यह अपना शिकारी सिर्फ इस रंग के फूलों को बनाता है। इसमें खासतौर पर डेजी और सूरजमुखी शामिल हैं। इस खूबी के बल पर यह फूलों का शिकार भी कर लेता है और शिकारी चिड़ियों से भी बचा रहता है।

## गिरगिट

रंग बदलने में गिरगिट का कोई सानी नहीं होता। इसकी खासियत यह होती है कि ये अपने आसपास के पर्यावरण के हिसाब से रंग बदल लेते हैं। जिस पेड़ पर जाते हैं, उसी का रंग अपना लेते हैं। यह जीव कई बार शिकारी से बचने के लिए ऐसा करता है। गिरगिट की लगभग सभी प्रजातियां रंग बदलने में माहिर होती हैं। यह लंबे समय तक बदले हुए रंग में रह सकता है। यह छिपकली के परिवार का ही सदस्य माना जाता है।

## कटलफिश

प्यारे से नाम वाली ये मछलियां बहुत बुद्धिमान होती हैं। ये मछलियां लगातार एक चतुराई से शिकार करने का और दूसरे बड़े जीवों से खुद को बचाने का काम करती हैं। ये ज्यादा देर तक एक रंग में नजर नहीं आतीं और दिमाग से मिलने वाले संदेश के अनुसार लगातार अपना रंग बदलती रहती हैं। जितनी आराम से तुम सांस लेते हो, उतनी ही आसानी से ये रंग बदलती नजर आती हैं, जो देखने में बहुत रोमांचक लगता है।



# अनोखा अंगूरी क्राफ्ट

दोस्तों, तुम्हें अंगूर खूब अच्छे लगते हैं न! आज हम तुम्हें अंगूर से क्राफ्ट बनाना सिखा रहे हैं। तुम्हें चाहिए कुछ अंगूर, टूथपिक।

## ऐसे बनेगा

अब इस तरह से अंगूर में टूथपिक डालो और दूसरे टूथपिक से अंगूर को जोड़ते जाओ। फिर तुम्हें जो शेप चाहिए, उस तरह से बनाओ। चार अंगूरों की मदद से पहले तुम्हें बेस तैयार करना होगा। बस तुम्हें यह ध्यान रखना है कि टूथपिक से अंगूर टूट ना जाए। एक बार बनाने के बाद अब तुम इसे खा सकते हो। बड़ा मजा आएगा अगर दोस्तों और परिवार के साथ मिलकर खाओगे। चाहो तो अंगूर की जगह पर डो के छोटे-छोटे टुकड़ों का भी इस्तेमाल कर सकते हो।

## अंगूर खाने के फायदे

इसमें भरपूर मात्रा में कैल्शियम होता है, जो हड्डियों के लिए अच्छा होता है। अंगूर में सबसे अधिक पोटेशियम पाया जाता है, जो पाचन और दिल के लिए अच्छा होता है। विटामिन सी का अच्छा स्त्रोत है। यह खून की कमी को भी दूर करता है।



# जब बच्चे बने टीचर

रोज की तरह रमा इंटरनेशनल स्कूल के बच्चे आज भी स्कूल पहुंच रहे थे, पर उनके चेहरे पर स्कूल जाने का तनाव नहीं, बल्कि अलग तरह की उत्सुकता थी। आज उनके प्रिंसिपल बेदी सर ने उन्हें पूरी छूट दी थी। एक दिन पहले उन्होंने एसेंबली में भाषण देते हुए कहा था,''कल 14 नवंबर है, यानी बाल दिवस। आप सब समझते हैं कि स्कूल में बहुत बंदिश होती है। आप अपने मन की नहीं कर सकते। पर कल आप लोगों को पूरी छूट है। न स्कूल ड्रेस का डर न टीचर्स की डांट। कल हम सब कुछ अलग करेंगे। मुझे उम्मीद है, यह अलग वाली बात आप लोगों को पसंद आएगी।''
अगले दिन सुबह सारे बच्चे एसेंबली के लिए प्लेग्राउंड में इकट्ठे होने लगे। कुछ बच्चे जो काफी अमीर थे, वे तो ब्रांडेड सामान की पूरी दुकान नजर आ रहे थे। धीरे-धीरे सारा प्लेग्राउंड बच्चों से भर गया। रंग-बिरंगी तितलियों की तरह सारे बच्चे इधर-उधर भाग रहे थे, दोस्तों से मिल रहे थे। तभी घोषणा हुई कि प्रिंसिपल बेदी सर आ रहे हैं। सारे बच्चे तुरंत अपनी-अपनी क्लास की लाइन में आकर खड़े हो गए।
बेदी सर माइक के सामने आए और बोले, ''आज का दिन आप लोगों का है, मतलब बच्चों का दिन है। आज तक आप लोग इस स्कूल में पढ़ते रहे हैं और अपने टीचर्स से आपको शिकायत भी रही होगी। चलो, आज एक नया खेल खेलते हैं। आज आप लोग टीचर बनेंगे।''
''सर, अगर हम लोग टीचर होंगे, तो बच्चे कौन बनेंगे, जिन्हें हम पढ़ाएंगे?'' एक बच्चे की आवाज आई।
बेदी सर मुस्करा दिए। फिर बोले, ''मैंने भी यही सोचा था। फिर एक आइडिया आया। आप लोग चिंता न करें। आपके स्टूडेंट थोड़ी देर में आने वाले हैं।'' जब तक बेदी सर अपनी बात पूरी करते, तब तक स्कूल की चार बसें आकर रुकीं। उनके गेट खुले, तो उनमें से कुछ बच्चे उतरने लगे। हिंदी वाले सर के साथ क्लास मॉनिटर्स आगे बढ़े। उनके हाथ में टोकरियां थीं, जिनमें गुलाब के फूल थे। सर आगे बढ़कर एक-एक करके सभी बच्चों की शर्ट पर गुलाब के फूल लगाने लगे।
स्कूल के बच्चों की नजरें इन नए बच्चों पर से हट ही नहीं रही थीं। सारे बच्चे गरीब लग रहे थे। किसी के पैर में पुराने जूते थे, तो कोई चप्पल में था। उनके कपड़े वैसे थे, जैसे वे अपने घर में भी नहीं पहनते थे। प्रिंसिपल सर बच्चों को गौर से देख रहे थे। उनके मन की बात वे समझ गए। उन्होंने बोलना शुरू किया, ''कुछ दिनों पहले मुझे एक अनाथालय में जाने का मौका मिला। वहां मैं इन बच्चों से मिला। ये वो बच्चे हैं, जिनको आप लोगों की तरह माता-पिता का प्यार नहीं मिला। इन्हें कोई सुबह स्कूल के लिए तैयार नहीं करता, कोई इनके लिए स्कूल का लंच पैक नहीं करता। ऐसा इसलिए, क्योंकि ये स्कूल नहीं जा पाते हैं और अपने आश्रम में ही आने वाले टीचर्स से पढ़ते हैं। पर इन्हें पढ़ाई में कमजोर मत समझना। इनमें से कुछ बच्चों ने मुझसे कहा कि सर हम भी देखना चाहते हैं, स्कूल कैसा होता है, और वहां पढ़ाई कैसे होती है। इसीलिए मैंने आज इन बच्चों को यहां आमंत्रित किया है। आज ये बच्चे हमारे स्टूडेंट हैं और आप लोग अपने टीचर्स के साथ मिलकर इन्हें पढ़ाएंगे ताकि स्कूल में पढ़ने का इनका सपना भी पूरा हो। मैं बस आप सबसे यही चाहता हूं कि अनाथालय से आए बच्चों को यह महसूस करा दो कि वे पराए नहीं, हमारे अपने हैं। बाल दिवस उन बच्चों के लिए भी महत्वपूर्ण है।''
इसके बाद एसेंबली खत्म हो गई और बच्चे अपनी-अपनी क्लास की ओर चले, पर उन बच्चों की कहानी सुनकर ज्यादातर बच्चों के चेहरे गंभीर हो गए थे। जब वे अपनी क्लास में पहुंचे तो उन्हें अनाथालय के बच्चे सीटों पर बैठे दिखाई दिए। ऐसी ही एक क्लास में खड़े टीचर ने कहा, ''कुछ बच्चे जो पढ़ाना चाहते हैं, वो मेरे पास आ जाएं। बाकी बच्चे इन बच्चों के साथ बैठ जाएं और पढ़ाई में सहयोग करें।''
एक-दो घंटे बाद पता ही नहीं चल रहा था कि ये बच्चे एक- दूसरे को जानते ही नहीं थे। सब एक-दूसरे से खुल गए थे। पढ़ाई में एक-दूसरे का सहयोग कर रहे थे। पता नहीं कैसे स्कूल के बच्चों के मन में यह भावना आ गई थी कि अनाथालय के बच्चों को नहीं लगना चाहिए कि वे पराए हैं। लंच टाइम में स्कूल की तरफ से अनाथालय से आए बच्चों के लिए लंच आया, पर स्कूल के बच्चों ने अपना टिफिन भी उन बच्चों के साथ शेयर किया। ऐसे ही हंसते-खेलते स्कूल का टाइम बीता और छुट्टी का समय आ गया। बच्चों को आदेश था कि छुट्टी से पहले फिर से सब प्लेग्राउंड में इकट्ठे होंगे।
इस बार प्लेग्राउंड में सारे बच्चे एक साथ आए। स्कूल के बच्चे यह देखकर चौंक गए कि उनके माता-पिता को भी प्रिंसिपल सर ने बुला रखा था।
सर ने बच्चों को देखकर पूछा, ''बोलो बच्चो, आज का दिन कैसा लगा?''
''बहुत बढ़िया सर। इन बच्चों के साथ बहुत मजा आया।'' राघव जो एक बहुत बड़े बिजनेसमैन का बेटा था, वह आगे बढ़कर बोला।
''और आप लोगों को कैसा लगा हमारा स्कूल?''अब सर ने अनाथालय से आए बच्चों से पूछा।
''सर हमारा सपना पूरा हो गया। स्कूल में पढ़ने में बड़ा मजा आया। काश! हम रोज ऐसे पढ़ पाते।''कहते-कहते अनाथालय से आया अमित रो पड़ा।
''तुम्हारा सपना जरूर पूरा होगा।'' मुस्कराते हुए प्रिंसिपल सर बोले, ''मैंने अपने मैनेजमेंट से बात कर ली है। अब से हमारे स्कूल में दोपहर बाद भी आप लोगों के लिए अलग से स्पेशल क्लास हुआ करेगी। आप लोग यहां पढ़ेंगे और आगे बढ़ेंगे।''
''हुर्रे।'' राघव खुशी से चिल्ला पड़ा। वह भूल गया कि वह स्कूल में, और वह भी प्रिंसिपल सर के सामने है।
सारा मैदान प्रिंसिपल सर की घोषणा के बाद तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। सारे बच्चे अपने माता-पिता के पास गए और उनसे कुछ बात करने लगे। उनकी बात सुनकर वे मुस्काए और उनका सिर हां में हिलने लगा। बस फिर क्या था! देखते ही देखते मैदान में अजीब सा नजारा दिखाई देने लगा। स्कूल के लड़कों में से किसी ने अपनी शर्ट उतारी, तो किसी ने अपनी टी-शर्ट, उन्होंने अपनी शर्ट और टीशर्ट अनाथालय से आए बच्चों को जबरदस्ती पहना दी। यह सारा नजारा देखकर उनके माता-पिता भी मुस्काए बिना न रह सके। प्रिंसिपल सर के चेहरे पर भी संतोष की मुस्कान थी। बाल दिवस पर जो बात वह अपने बच्चों को सिखाना चाहते थे, वह उन्होंने अच्छे से सीख ली थी।



सम्पादक, स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक नेहा वालिया द्वारा साईं प्रिंटिंग प्रैस, बी-868, न्यू अशोक नगर, दिल्ली-110096 से मुद्रित एवं वालिया सदन वार्ड संख्या 10, लोहारू, भिवानी (हरियाणा) 127201 से प्रकाशित। समाचार पत्र में प्रकाशित सभी समाचारों के लिए पीआरबी एट के तहत उत्तरदायी। फोन:01252-259260, 9255149495,
ईमेलः haryanavatika@gmail.com हरियाणा वाटिकाः- प्रेरणास्त्रोत- स्व. डॉ. एल सी वालिया, समूह संपादक एवं संरक्षक- श्रीमति सरला वालिया, संपादक- श्रीमति नेहा वालिया, कार्यकारी संपादक- श्रीमति रितू वालिया। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लोहारू (भिवानी) होगा।